फाल्गुन शुक्ल पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 16 मार्च 2024
वर्ष 4, अंक 28, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

रूस में राष्ट्रपति चुनाव शुरू, पुतिन के सामने 3 प्रत्याशी 16

पटना शुक्ला से महिलाएं होंगी प्रेरित : रवीना 15

## एक नजर

### सैनिक स्कूल में सरकारी विद्यालय के सभी 40 बच्चों का हुआ चयन

**बागेश्वर।** पीएम श्री आदर्श प्राथमिक विद्यालय कपकोट के 40 बच्चों ने सैनिक स्कूल की राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की है। इनमें दो बच्चों ने गणित में 100 फीसदी अंक प्राप्त किए हैं। पीएम श्री राजकीय आदर्श विद्यालय कपकोट के कक्षा पांचवीं में 40 बच्चे अध्ययनरत हैं। सभी ने सैनिक स्कूल की राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा में हिस्सा लिया था। परीक्षा में सभी बच्चे उत्तीर्ण हुए और उनका चयन सैनिक स्कूल के लिए हो गया। इस उपलब्धि पर अभिभावकों ने विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानाध्यापक केडी शर्मा व उनके विद्यालय परिवार द्वारा बच्चों के विकास के लिए हमेशा कार्य किया जाता रहा है जिसका यह प्रतिफल है। इधर, जिलाधिकारी अनुराधा पाल, सीईओ गजेंद्र सिंह सोन आदि ने इस सफलता पर विद्यालय परिवार को बधाई दी है।

### सीएए संबंधी याचिकाओं पर 19 मार्च को सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट नागरिकता संशोधन कानून, 2019 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं का निस्तारण होने तक केंद्र को नागरिकता संशोधन नियमावली, 2024 के क्रियान्वयन पर रोक लगाने का निर्देश देने का अनुरोध करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के लिए शुक्रवार को सहमत हो गया। न्यायालय इस मामले पर 19 मार्च को सुनवाई करेगा।

# रामपुर तिराहा कांड में पीएसी के दो पूर्व सिपाही दोषी करार

## मुजफ्फरनगर की विशेष सीबीआई अदालत में चल रही थी सुनवाई

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मुजफ्फरनगर की विशेष सीबीआई अदालत ने 30 वर्ष पूर्व हुए रामपुर तिराहे कांड में उत्तराखंड को अलग राज्य बनाने की मांग कर रही महिला आंदोलनकारियों से सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में पीएसी (प्रांतीय सशस्त्र कांस्टेबुलरी) के दो पूर्व सिपाहियों को दोषी करार दिया है हालांकि सजा का आदेश 18 मार्च तक के लिए सुरक्षित रखा गया है।

अभियोजन अधिकारी (सीबीआई) धारा सिंह ने बताया कि रामपुर तिराहा कांड में विशेष सीबीआई अदालत ने दो पूर्व पीएसी कांस्टेबल मिलाप सिंह निवासी एटा और वीरेंद्र प्रताप निवासी सिद्धार्थ नगर को दोषी करार दिया है। घटना के समय दोनों पीएसी गाजियाबाद में तैनात थे। दोनों ने 1 अक्टूबर 1994 को अलग राज्य बनाने की मांग को लेकर जा रही महिला आंदोलनकारियों के साथ अभद्रता व सामूहिक दुष्कर्म किया था। उन्होंने बताया कि विशेष सीबीआई न्यायाधीश शक्ति सिंह ने दो पूर्व पीएसी कांस्टेबल मिलाप सिंह और वीरेंद्र प्रताप को सामूहिक दुष्कर्म समेत आईपीसी की कई धाराओं में दोषी ठहराया हालांकि सजा के विषय पर अपना आदेश 18 मार्च तक के लिए सुरक्षित रख लिया है। अभियोजन अधिकारी सिंह के अनुसार इस मामले में सीबीआई ने 15 गवाहों को पेश किया, जिनमें एक 75 वर्षीय पीड़ित महिला, एक पूर्व गृह सचिव दीप्ति विलास भी शामिल हैं।

### यह था मामला

एक अक्टूबर 1994 की रात अलग राज्य की मांग के लिए देहरादून से बसों में सवार होकर आंदोलनकारी ऋषिकेश से दिल्ली के लिए निकले थे। इनमें महिला आंदोलनकारी भी शामिल थीं। रात करीब एक बजे रामपुर तिराहे पर बसें रुकवा ली गईं लेकिन जब उन्होंने विरोध किया तो गोलीबारी की गई। इसमें सात राज्य आंदोलनकारियों की मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं, पीएसी के दो सिपाहियों ने बस में चढ़ कर और महिला आंदोलनकारियों के साथ छेड़खानी व सामूहिक दुष्कर्म किया।

**18** मार्च तक सजा के लिए आदेश सुरक्षित

पीड़िता से सोने की चेन और एक हजार रुपये भी लूट लिए थे। इस मामले में दो दर्जन से अधिक पुलिस कर्मियों पर गंभीर धाराओं के साथ ही सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज हुआ था। वहीं, राज्य आंदोलनकारियों के खिलाफ भी मुकदमे भी दर्ज किए गए थे। उत्तराखंड संघर्ष समिति ने इसके विरोध में हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। इसके बाद 25 जनवरी 1995 को सीबीआई ने पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमे दर्ज किए थे।

"न्याय मिला है लेकिन अभी भी मुख्य आरोपी बचे हुए हैं। न्याय के लिए लंबी लड़ाई लड़नी पड़ी है। निहत्थे आंदोलनकारियों पर गोली चलवाने वाले जिम्मेदार अफसरों को भी सजा होनी चाहिए। सिपाहियों ने उन्हीं के आदेशों पर इस क्रूर कृत्य को अंजाम दिया था। असली दोषियों को सजा मिलने पर आंदोलनकारियों को न्याय मिल पाएगा।

**–मोहन पाठक, राज्य आंदोलनकारी**



आंदोलनकारियों के साथ रामपुर तिराहा में बर्बरतापूर्ण व्यवहार किया गया था। दिल्ली जा रहे निहत्थे आंदोलनकारियों पर गोलियां चलाई गईं, लाठियों से पीटा गया। महिलाओं के साथ दुष्कर्म जैसी घटनाओं को अंजाम दिया गया था। इसके बाद भी पीड़ितों को आज तक न्याय नहीं मिल सका है। अभी भी जिम्मेदार लोग खुले में घूम रहे हैं।

**– डॉ. केदार पलडिया, राज्य आंदोलनकारी**

मैं मसूरी गया हुआ था, वहीं से अपने साथी आंदोलनकारियों के साथ कार से दिल्ली के लिए रवाना हुआ। रास्ते में पता चला कि पुलिस–प्रशासन ने आंदोलनकारियों से मारपीट की। मौके पर पहुंचे तो चारों तरफ अफरा–तफरी का माहौल था। सरकारी मशीनरी का नंगा नाच जारी था। आंदोलनकारियों को बेरहमी से पीटा, महिलाओं के साथ बदसलूकी की गई।

**– जगमोहन चिलवाल, राज्य आंदोलनकारी"**

# आंकड़ों में बॉण्ड नंबर क्यों नहीं : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) राजनीतिक दलों द्वारा प्राप्त चुनावी बॉण्ड की विशिष्ट अक्षरांकीय संख्या (यूनीक अल्फा-न्यूमेरिक नंबर) का खुलासा करने के लिए कर्तव्यबद्ध है और उसे ऐसा करना होगा। इसके साथ ही न्यायालय ने ऐसा नहीं करने के लिए बैंक से जवाब मांगा।

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली संविधान पीठ ने कहा कि शीर्ष अदालत ने चुनावी बॉण्ड मामले पर अपने फैसले में खरीदार, राशि और खरीद की तारीख सहित बॉण्ड के सभी विवरण का खुलासा करने का निर्देश दिया था। इस पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं।

● चुनावी बॉण्ड की पूरी जानकारी नहीं देने पर कोर्ट ने जताई नाराजगी

निर्वाचन आयोग (ईसी) ने गुरुवार को उन संस्थाओं की पूरी सूची जारी की जिन्होंने राजनीतिक चंदा देने के लिए चुनावी बॉण्ड खरीदे थे। आयोग द्वारा अपनी वेबसाइट पर ये आंकड़े सार्वजनिक किए जाने के एक दिन बाद प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि एसबीआई को सभी जानकारियां मुहैया करानी हैं। पीठ ने बैंक को नोटिस जारी किया और मामले में आगे की सुनवाई के लिए 18 मार्च की तिथि तय की। सीजेआई ने बैंक के प्रति नाराजगी जताते हुए कहा कि एसबीआई की ओर से कौन पेश हो रहा है? क्योंकि हमारे फैसले में हमने विशेष रूप से खरीददार, राशि और खरीद की तारीख सहित बॉण्ड के सभी विवरणों का खुलासा करने का निर्देश दिया था। विशिष्ट अक्षरांकीय संख्या का उन लोगों से मिलान किया जाएगा जिन्होंने उन दलों के चुनावी बॉण्ड खरीदे हैं जिन्हें उन्होंने चंदा दिया था। सीजेआई ने कहा कि एसबीआई ने बॉण्ड संख्या का खुलासा नहीं किया। इसका खुलासा एसबीआई को करना होगा। उन्होंने कहा कि लेकिन सच कहें, तो उन्होंने जितनी जानकारी उपलब्ध कराई है उसे लेकर हम नाराजगी जता सकते हैं क्योंकि वे (बॉण्ड संख्या का खुलासा करने के लिए) कर्तव्यबद्ध थे।

### आंकड़ों की डिजिटल कॉपी आयोग को देने के निर्देश

न्यायालय, निर्वाचन आयोग की उस अर्जी पर सुनवाई कर रहा था जिसमें चुनावी बॉण्ड मामले में न्यायालय के 11 मार्च के आदेश के एक हिस्से में संशोधन का अनुरोध किया गया है। न्यायालय ने अपने पंजीयक (न्यायिक) को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि निर्वाचन आयोग द्वारा सीलबंद कवर में सौंपे गए आंकड़ों को स्कैन किया जाए और उन्हें डिजिटल माध्यम से उपलब्ध कराया जाए। आयोग के वकील ने कहा कि उन्होंने 11 मार्च के आदेश में मामूली संशोधन के लिए अर्जी दायर की है जिसमें यह निर्देश दिया है कि निर्वाचन आयोग अदालत को सौंपे गए आंकड़ों को अपनी वेबसाइट पर अपलोड करेगा। पीठ ने कहा कि यह निर्देश जारी करते समय, न्यायालय ने माना था कि रजिस्ट्री को उपलब्ध कराए गए आंकड़ों की एक प्रति ईसी के पास भी होगी। आयोग ने अनुरोध किया कि इन दस्तावेजों को उसे वापस किया जाए ताकि वह न्यायालय के निर्देशों का पालन कर सके और इन्हें अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर सके।

## निर्वाचन आयोग आज करेगा चुनाव तिथियों की घोषणा

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग लोकसभा चुनाव के लिए कार्यक्रम की घोषणा कल यानी शनिवार को करेगा। निर्वाचन आयोग ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि लोकसभा चुनाव और कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा करने के लिए शनिवार को दोपहर तीन बजे एक संवाददाता सम्मेलन आयोजित होगा। मौजूदा लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को खत्म हो रहा है और नई लोकसभा का गठन उससे पहले होना है।

आंध्र प्रदेश, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और ओडिशा में विधानसभाओं का कार्यकाल जून में अलग-अलग तारीखों पर खत्म हो रहा है। पिछली बार लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा 10 मार्च को की गई थी और 11 अप्रैल से सात चरणों में मतदान हुआ था। मतगणना 23 मई को हुई थी। निर्वाचन आयोग ने 2014 में भी चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करने के लिए संवाददाता सम्मेलन बुलाए जाने की सूचना एक दिन पहले दी थी।

# यूपी बॉर्डर पर पकड़ी 5 किलो अफीम 3 कुंतल डोडा, दो तस्कर गिरफ्तार

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** एसटीएफ और पुलभट्टा पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 5 किलोग्राम 322 ग्राम अफीम और 3 कुंतल अफीम का डोडा बरामद किया गया है। यह खेप झारखंड से कैंटर में रद्दी के बीच छिपाकर लाई जा रही थी। बरामद अफीम व डोडे की कीमत एक करोड़ से अधिक बताई जा रही है।

एसटीएफ कुमाऊं यूनिट सीओ बीएस चौहान एवं पुलभट्टा थाना अध्यक्ष कमलेश भट्ट के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने चेकिंग के दौरान बरेली मार्ग स्थित नेशनल ढाबे के निकट कैंटर (यूपी22 एटी 4822) को जांच के लिए रोका। टीम ने कैंटर में सवार उधमसिंह नगर निवासी बलाका सिंह एवं उप्र के रामपुर निवासी लवजीत सिंह को टीम तत्काल गिरफ्तार किया। कैंटर में कागज की रद्दी भरी थी। तलाशी लेने पर रद्दी के बीच कुछ प्लास्टिक के भरे हुए कट्टे रखे। टीम ने कागज के कबाड़ के बीच छुपा कर रखे गए इन कट्टों में अफीम का डोडा भरा था। एक कट्टे से 5 किलो 322 ग्राम अफीम बरामद हुई। 15-15 किलो के 20 कट्टे बरामद किए गए।

● एसटीएफ व पुलभट्टा चौकी ने किया तस्करों का भंडाफोड़, कैंटर में रद्दी के बीच छिपाकर झारखंड से लाई जा रही थी

325 साला खालसा साजना दिवस को समर्पित

गुरुमत संत समागम

दिनांक : 17, 18, 19 मार्च, 2024

गोराया पेपर मिल, बाजपुर रोड, चैती, काशीपुर विखे।

NANAKSAR BAZPUR
FATEH TV
ਨਿਰਮਲ BAANI
5 ਪੰਜਾਬ TV

श्री अकाल तख्त साहिब से आये पंच प्यारों द्वारा अमृत संचार होगा जी।

तीनों दिन गुरु का लंगर अटूट बरतेगा

दर्शनाभिलाषी : उत्तराखण्ड पश्चिमी उत्तर प्रदेश सर्व गुरु नानक नाम लेवा गुरु की संगत

मो. 9927807721, 9012113000

### गोद लिए गांव में मूलभूत समस्याओं का अभाव, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा के लिए अब भी संघर्षरत हैं ग्रामीण, ग्रामसभा के एक तोक ने चुनाव बहिष्कार का ऐलान किया

# सांसद जी पांच साल में नहीं पहुंचा पाए गोद लिए जंगलिया गांव में सुविधाएं

भीमताल, अमृत विचार :

वर्ष 2019 में सांसद अजय भट्ट ने भीमताल विकासखंड के अंतर्गत जंगलिया गांव को गोद लिया था पर लगभग 5 साल बीत जाने के बावजूद ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल के लिए संघर्षरत हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि अब हालत यह है कि सड़क के लिए ग्राम सभा का एक तोक बहिष्कार तक करने का ऐलान कर चुका है।

**सड़क**

ग्राम प्रधान राधा कुलियाल एवं सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम कुलियाल बताते हैं कि जंगलिया गांव तक पक्की सड़क है पर उससे आगे 1 किलोमीटर 800 मीटर बूढ़ाधूरा जाने वाला मार्ग पूरी तरह कच्चा है। इस मार्ग पर न तो सुरक्षा के कोई उपाय हैं और न ही डामरीकरण किया गया है जबकि इस मार्ग पर कई लोगों की मौत हो चुकी है। ग्रामीण बताते हैं कि सैमधार से शिमाला तोक तक के मोटर मार्ग की मांग लंबे समय से की जा रही है। इसके लिए लोक निर्माण विभाग ने 8 किलोमीटर सड़क का आगणन लगभग 64 लाख का प्रथम चरण के लिए शासन में भेजा है जिस पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

**विद्युत**

गांव में बिजली की व्यवस्था है। सांसद ने 10 सोलर लाइटें सार्वजनिक स्थानों के लिए दी गईं हैं।

**स्वास्थ्य**

1600 की आबादी पर केवल एक एएनएम सेंटर है। ग्रामीण बताते हैं कि अधिक बीमार होने पर भीमताल सामुदायिक केंद्र लाना होता है वहां भी सुविधाओं के अभाव के चलते-चलते हल्द्वानी ले जाना परिजनों की मजबूरी है।

**पेयजल**

गांव में पेयजल के लिए पिछले आठ माह से जल जीवन मिशन के तहत कार्य हो रहा है। उम्मीद है कि ग्रामीणों को इस वर्ष पेयजल उपलब्ध हो सकेगा।

**शिक्षा**

2016 में कांग्रेस की सरकार ने इंटर कॉलेज बनाया पर आज भी यहां के छात्र-छात्राओं को विज्ञान वर्ग के लिए बाहर जाना पड़ता है। ग्रामीणों की मानें तो विज्ञान वर्ग के साथ-साथ यहां अन्य तकनीकी विषय भी होने चाहिए थे। बच्चों को 10 किलोमीटर दूर बानना इंटर कॉलेज, 12 किलोमीटर दूर नौकुचियाताल इंटर कॉलेज या फिर 14 किलोमीटर दूर भीमताल जाना पड़ता है।

**बोले लोग**

कई बार अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के चक्कर लगाने के बाद भी कार्य नहीं हुआ। पिछले वर्ष विधायक के नेतृत्व में लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज से भी भेंट की पर आश्वासन के सिवाय कुछ नहीं मिला।
–**ललित मोहन**, स्थानीय ग्रामीण

हम कई वर्षों से सड़क की मांग कर रहे हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रस्ताव बनवाकर शासन को भिजवाया गया है, परंतु कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इस कारण महिलाओं व बुजुर्गों को मुख्य मार्ग तक ले जाने में दिक्कत होती है।–**सुरेश चंद्र**, स्थानीय निवासी



मैंने विधायक को फोन व लिखित माध्यम से कई बार अवगत कराया। परंतु आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। मेरा इलाज लखनऊ अस्पताल में चल रहा है। मुझे घोड़े के माध्यम से सड़क तक पहुंचाया जाता है।
–**जीवन राम**, स्थानीय ग्रामीण

मैं जनता के साथ हूं। वह जैसा निर्णय लेंगे मुझे भी उनका निर्णय मानना होगा। ग्रामीण लंबे समय से सड़क व शिक्षा की व्यवस्था के लिए संघर्षरत हैं।
–**राधा कुलियाल**, ग्राम प्रधान

## जागरूकता अभियान का अहम हिस्सा बन रहा चुनाव रथ

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन की स्वीप टीम चुनाव रथ को जिले की प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में भेज रही है।

नोडल अधिकारी अशोक कुमार पांडे के अनुसार चुनाव रथ का उद्घाटन 29 फरवरी को हुआ था, उसके बाद से ही रथ के क्षेत्र में लगातार प्रचार प्रसार के लिए भेजा जा रहा है। विस वार भ्रमण कार्यक्रम 13 मार्च से लगातार संचालित किया जा रहा है। स्वीप के सह समन्वयक गौरीशंकर कांडपाल ने बताया कि चुनाव रथ के माध्यम से मतदाता जागरूकता के गीत सुनाए जा रहे हैं। लालकुआं विस से प्रारंभ होकर यह कोटबाग, हल्द्वानी, रामनगर, भीमताल, नैनीताल सहित समस्त विधानसभाओं के तहसील एवं पंचायत क्षेत्र में भ्रमण कर रहा है।

## सार-संक्षेप

### पांच बच्चों ने उत्तीर्ण की सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा

**भीमताल :** सरस्वती पब्लिक स्कूल निशौला के पांच विद्यार्थियों रुद्राक्ष कांडपाल, तन्मय बिष्ट, भाष्कर गंगोला, पीयूष गिरी गोस्वामी और काव्या मर्तोलिया ने सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की है। उनकी इस सफलता पर निदेशक हरीश चन्द सिंह रौतेला, प्रधानाचार्या गीता रौतेला, पीटीए अध्यक्ष राम पाल सिंह गंगोला आदि ने बधाई दी है।

स्पेक्ट्रम कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते शिक्षक। ● अमृत विचार

### ब्लड कैंसर से बचाव के लिए जागरूक किया

**भीमताल :** बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ अप्लाइड साइंसेज में तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव स्पेक्ट्रम 2024 के दूसरे दिन भी कार्यक्रम आयोजित हुए। दूसरे दिन के मुख्य अतिथि चेयरमैन प्रो. बीएस बिष्ट रहे। इस दौरान डीकेएमएसबीएमएसटी फाउंडेशन इंडिया के तत्वाधान में ब्लड कैंसर जागरूकता अभियान चलाया गया। संस्थान के निदेशक बीके सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर संस्थान के कुलसचिव डॉ. हेमचंद पांडे, संदेश त्रिपाठी, नीरज बिष्ट, अभय शर्मा, नितिन चिमवाल, प्रेम कुलियाल आदि उपस्थित थे।

विश्राम गृह का उदघाटन करते ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट। ● अमृत विचार

### छोटा कैलाश में एक और विश्राम गृह की सौगात

**भीमताल :** भीमताल ब्लॉक के पिनरो ग्राम में प्रसिद्ध छोटा कैलाश में श्रद्धालुओं के लिए विश्राम गृह का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने किया। ब्लाक प्रमुख ने बताया कि छोटा कैलाश में बेहतर व्यवस्थाओं के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। राज्य वित्त के अंतर्गत 2 लाख की लागत से एक और विश्राम गृह का निर्माण किया गया है। पूर्व में यहां व्यू प्वाइंट, शेड पेयजल टैंक, विश्राम गृह सहित अन्य कार्य किए गए हैं। इस दौरान प्रधान कमलेश आर्य, कमला देवी, दिनेश चंद, यशपाल, धर्मेन्द्र शर्मा, आदि मौजूद रहे।

नैनीताल में सड़क पर बिखरा पड़ा कूड़ा। ● अमृत विचार

# 10 में से 8 गाड़ियां खराब शहर में लगा कूड़े का अंबार

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** नगर पालिका के 10 कूड़ा वाहनों में से आठ के खराब होने से जगह-जगह कूड़े के ढेर लग गए हैं। इससे लोग परेशान हैं।

पर्यटन नगरी व हाईकोर्ट से लेकर सभी उच्च अधिकारियों के कार्यालय नैनीताल में होने के बाद भी यहां सफाई व्यवस्था कई बार चरमरा जाती है। इधर बीते एक सप्ताह से नैनीताल में कई जगह कूड़े के ढेर दिखाई दे रहे हैं। लोग पालिका अधिकारियों से सफाई करने की मांग कर रहे हैं। जू रोड पर सड़क किनारे रखे कूड़ेदान के भरने के बाद कूड़ा बाहर बिखरा पड़ा है। जबकि नगर पालिका की ओर से रोजाना पूरे शहर में सफाई कराई जाती है। लेकिन कई दिनों से जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर को देख लोग पालिका की सफाई व्यवस्थाओं पर सवाल उठा रहे हैं।

पालिका अधिशासी अधिकारी ईओ राहुल आनंद ने बताया कि पालिका के 10 कूड़ा वाहनों में से 2 को ठीक करवा दिया गया है। जल्द ही अन्य वाहनों को भी ठीक करवा दिया जाएगा। जल्द ही शहर से सारा कूड़ा साफ करवा दिया जाएगा।

# नैनीताल में लकड़ीटाल और स्नो व्यू में बनेगा वेंडर जोन

### टाउन वेंडिंग कमेटी की बैठक में बनी सहमति, पंत पार्क होगा खाली

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** वेंडर जोन के चयन को लेकर शुक्रवार को नगर पालिका सभागार में अधिशासी अधिकारी राहुल आनंद की अध्यक्षता में टाउन वेंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान वोटिंग के बाद लकड़ी टाल और स्नो व्यू को वेंडर जोन बनाने पर सहमति बनी। अब अन्य विभागों की अनुमति लेने के बाद इन स्थानों पर बिजली पानी आदि की व्यवस्था की जाएगी।

प्रशासक केएन गोस्वामी ने कहा कि मार्च अंत तक कमेटी के सुझावों के बाद पंत पार्क व अन्य स्थलों के फड़ संचालकों को चयनित स्थल पर विस्थापित कर दिया जाएगा। कहा कि अब से माह में 15 व 30 तारीख को दो दिन कमेटी की बैठक की जाएगी। हालांकि विस्थापन वाले निर्णय पर फड़ संचालकों ने एक फिर से अपनी आपत्ति दर्ज की है।

अधिशासी अधिकारी राहुल आनंद ने कहा कि हाईकोर्ट के निर्देशों के अनुसार पंत पार्क से वेंडर जोन को अन्यत्र स्थानांतरित किया जाना है। लकड़ीटाल व स्नो व्यू में लगभग सभी की सहमति बन गई है। अन्य स्थानों पर भी लोगों की सहमति के बाद जल्द से जल्द इनको विस्थापित करने की प्रकिया शुरू कर दी जाएगी।

मां नयना देवी व्यापार मंडल संस्थापक अध्यक्ष पुनीत टंडन ने बताया कि पालिका को व्यवस्थाएं बनाने के बाद 6 माह नहीं बल्कि जल्द से जल्द इन स्थानों से फड़ों का संचालन शुरू करना चाहिए। कहा कि मंदिर माला के तहत भी पंत पार्क में निर्माणाधीन सुंदरीकरण कार्य भी बाधित हो रहा है।

इस दौरान कार्यालय अधीक्षक शिवराज नेगी, सुनील खोलिया, जितेंद्र राणा, जफर अली, मल्लीताल व्यापार मंडल महासचिव त्रिभुवन फर्त्याल, राजेश वर्मा, मां नयना देवी व्यापार मंडल से शिव कुमार, मजूमदार, अमरप्रीत, तरुण कांडपाल, मनप्रीत सिंह, कोतवाल धर्मवीर सोलंकी, नफीस खान, जहीर अहमद, विजय कुमार, संजय कुमार आदि मौजूद रहे।

वेंडर जोन के चयन को लेकर बैठक में प्रतिभाग करते लोग। ● अमृत विचार

### व्यापार मित्र की बैठक नहीं होने पर भड़के व्यापारी

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की ऋषिकेश में मंत्री परिषद की बैठक हुई। बैठक में कहा कि राज्य सरकार ने अगस्त 2023 में बनाई गई 'व्यापार मित्र' की अभी तक बैठक नहीं की। प्रदेश महामंत्री प्रकाश मिश्रा ने कहा कि 19 जिलों की कार्यशाला हल्द्वानी में 17 मार्च को आयोजित होगी। जिसमें इस प्रस्ताव पर विचार किया जाएगा। इस दौरान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा, संस्थापक सदस्य एनसी तिवारी, दिनेश पंत, प्रमोद गोयल, राजेश अग्रवाल, विपिन गुप्ता, हर्षवर्धन पांडे, उर्वशी बोरा आदि मौजूद थे।

पत्रकारों को संबोधित करते रामसेवक सभा के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# 17 मार्च से शुरू होगा 28वां फागोत्सव

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** नगर में फागोत्सव 17 मार्च से शुरू होगा। श्रीराम सेवक सभा की ओर से आयोजित कार्यक्रम की रूपरेखा तय कर दी गई है। इसको लेकर शुक्रवार को रामसेवक सभा प्रांगण में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।

महासचिव जगदीश बवाड़ी ने बताया कि इस वर्ष राम सेवक सभा का 28वां फागोत्सव मनाया जाएगा। इसमें 24 महिला होली दल प्रतिभाग करेंगे। इस साल पहली बार महिलाओं की ओर से खड़ी होली भी होगी। 24 दलों की प्रत्येक महिला को राम सेवक सभा की ओर से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही इस वर्ष भी फ़ोटोग्राफ़ी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसमें 17 मार्च को महिला बैठकी होली होगी। 18 को तल्लीताल धर्मशाला से महिला होली जुलूस और स्वांग, 19 को महिला होली दलों की प्रस्तुति, 20 मार्च को आंवला एकादशी, चीर बंधन और रंग धारण होगा। 21 मार्च को स्कूली बच्चों की प्रस्तुति, 22 को एकल होली गायन, 23 को बाल कलाकारों की प्रस्तुति, 24 को बच्चों का स्वांग, होली जुलूस, बैठकी होली, चीर दहन के साथ ही 26 को छलड़ी के साथ फागोत्सव का समापन किया जाएगा। सभा के अध्यक्ष मनोज शाह, पूर्व पालिकाध्यक्ष मुकेश जोशी, विमल आदि मौजूद थे।

हल्द्वानी के रामलीला मैदान में पूजन करते लोग। ● अमृत विचार

### 20 को होगा चीर बंधन, 25 को मनाई जाएगी होली

**हल्द्वानी :** श्री रामलीला मैदान में रामलीला संचालन समिति की एक बैठक शुक्रवार को हुई। इसकी अध्यक्षता रिसीवर/नगर मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने की। होलिका दहन को लेकर व्यास पुष्कर दत्त शास्त्री के निर्देशन में विचार विमर्श हुआ। इसके बाद होलिका दहन कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई। 20 मार्च को सुबह 9 बजे प्राचीन होलिका दहन स्थल और पटेल चौक में चीर बंधन कार्यक्रम किया जाएगा। इसके बाद 24 तारीख को रात 11:30 बजे होलिका दहन सिंधी चौराहे स्थित होलिका दहन स्थल पर किया जाएगा। रंग 25 मार्च को खेला जाएगा। इस दौरान गणेश दत्त जोशी, विवेक कश्यप, एनबी गुणवंत, भवानी शंकर नीरज आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### वारंटी को किया गिरफ्तार

**हल्द्वानी :** पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। शेर सिंह निवासी जीतपुर नेगी रामपुर रोड लंबे समय से 138 एनआई अभियोग में पंजीकृत और फरार चल रहा था। टीपी नगर पुलिस चौकी ने वारंटी को गिरफ्तार कर लिया है।

### श्रेणीवार तय की गई किराए की दर, पहले प्रतिदिन 665 रुपये किराए का भुगतान होता था

# चुनावों में अधिग्रहित वाहनों का बढ़ा किराया

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** चुनावों में अधिग्रहित किये जाने वाले वाहनों के लिए किराए की दर बढ़ाई गई है। पहले सभी वाहनों का किराया समान था और प्रतीक्षा भाड़ा भी तय नहीं था लेकिन अब श्रेणीवार वाहनों का किराया और प्रतीक्षा भाड़ा तय कर दिया गया है।

पहले सभी वाहनों को प्रतिदिन 665 रुपये किराए का भुगतान किया जाता था जिससे वाहन स्वामियों को काफी आर्थिक नुकसान होता था। अब ऑर्डिनरी कैब से लेकर 30 सीट से अधिक क्षमता वाली बसों को अलग-अलग किराया मिलेगा। पहले भुगतान में भी 6 माह-1 साल लग जाता था लेकिन अब यूनियनों की आरटीओ के साथ हुई बैठक में जल्दी भुगतान करने का आश्वासन दिया गया है। दूसरी तरफ भार वाहनों के लिए भी अलग-अलग भार क्षमता के अनुसार किराया तय कर दिया गया है। जिसमें 20 क्विंटल पे लोड के लिए 572 रुपये प्रतिदिन और प्रतीक्षा भाड़ा 332 रुपये, 40 क्विंटल पे लोड के लिए 712 रुपये प्रतिदिन और 332 रुपये प्रतीक्षा भाड़ा, 60 क्विंटल पे लोड 1216 रुपये प्रतिदिन व प्रतीक्षा भाड़ा 496 रुपये, 80 कुंतल पे लोड 1616 रुपये प्रतिदिन व प्रतीक्षा भाड़ा 496 रुपये, 140 कुंतल पे लोड के लिए 2576 रुपये प्रतिदिन व प्रतीक्षा भाड़ा 496 रुपये किराया तय किया है।

**टैक्सी मैक्सी बस का निर्धारित किराया**

| वाहन का प्रकार (रुपये में) | प्रतीक्षा भाड़ा | पूरे दिन के लिए तय किराया |
|---|---|---|
| ऑर्डिनरी कैब | 750 | 1430 |
| डीलक्स कैब | 1475 | 2355 |
| लक्जरी कैब | 2200 | 3480 |
| सुपर लक्जरी कैब | 2925 | 4825 |
| 30 सीट अथवा कम क्षमता वाली बसें | | 2840 |
| एंबुलेंस | | 3800 |

**यूनियनों से लगाईं 400 से अधिक टैक्सियां**

| | |
|---|---|
| काठगोदाम | 150 |
| मल्लीताल | 80 |
| तल्लीताल | 45 |
| भवाली | 60 |
| भीमताल | 40 |
| हल्द्वानी | 65 |
| कुल | 440 |

> चुनावों में किराए की दर बढ़ाने पर यूनियन की तरफ से परिवहन विभाग को धन्यवाद। यूनियन ने हमेशा परिवहन विभाग को सहयोग दिया है और आगे भी देते रहेगा। **-किशन पांडे**, अध्यक्ष, टैक्सी यूनियन काठगोदाम

# उत्तराखंड में पहली बार 70 विस सीटों पर बनेंगे यंग बूथ

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** युवा उत्तराखंड में युवाओं को वोटिंग के प्रति प्रेरित करने के मकसद से राज्य की 70 विधानसभा सीटों पर 70 यंग बूथ बनाए जाएंगे। यह पहली बार है जब प्रदेश में यंग बूथ बनाए जा रहे हैं।

चुनाव आयोग ने लोकतंत्र के इस महापर्व से सभी आयु वर्ग के मतदाताओं खासकर 18-21 वर्ष के युवाओं को जोड़ने के लिए अनूठी पहल की है। सखी बूथ, दिव्यांग बूथ, आदर्श बूथ की तर्ज पर प्रत्येक विधानसभा सीट पर एक-एक यंग बूथ बनाया जाएगा। यंग बूथ विधानसभा सीट पर वहां बनाया जाएगा जहां युवाओं की संख्या सबसे ज्यादा हो। साथ ही युवाओं को वोटिंग के लिए भी प्रेरित किया जाएगा। इसके लिए स्वीप टीम भी नुक्कड़ नाटक, लोक गीत, चुनाव रथ के जरिए युवाओं को जागरूक करेगी। इधर, नैनीताल जिले की छह विधानसभा सीटें लालकुआं, कालाढूंगी, रामनगर, नैनीताल, हल्द्वानी, भीमताल हैं, इन सीटों पर भी प्रशासन ने एक-एक बूथ को चिन्हित कर लिया है।

**पहल**

- **युवाओं को वोटिंग के प्रति जागरूक करने के लिए प्रत्येक विस सीट पर यंग बूथ चिन्हित किए गए**

> प्रत्येक विस सीट पर ऐसे बूथ चिन्हित किए गए हैं जहां 18 से 21 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं की संख्या अधिक हैं। इस बूथ को यंग बूथ नाम दिया गया है। इस बूथ में युवाओं को अधिकाधिक मतदान के लिए प्रेरित किया जाएगा। **-फिंचाराम चौहान**, उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी नैनीताल

**कालाढूंगी में हैं सबसे ज्यादा युवा मतदाता**

जिले में 18-19 आयु वर्ग में 12957 युवा मतदाता हैं। इनमें सबसे ज्यादा युवा मतदाता कालाढूंगी में हैं, यहां 2479 मतदाता हैं। इसके बाद हल्द्वानी में 2350, रामनगर में 2344, भीमताल में 2196, लालकुआं में 1863, नैनीताल में 1750 मतदाता हैं।

# सहायक महाप्रबंधक कार्यालय दो नहरिया किया गया शिफ्ट

### किराए के 3 कमरों में संचालित किया जाएगा अब कार्यालय

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** काठगोदाम डिपो में स्थित सहायक महाप्रबंधक कार्यालय को दो नहरिया में शिफ्ट कर दिया गया है। इसके चलते अब सभी कार्य दो नहरिया सहायक महाप्रबंधक कार्यालय से होंगे।

शुक्रवार को सहायक महाप्रबंधक कार्यालय दो नहरिया में शिफ्ट कर दिया गया है। यहां पर किराए के 3 कमरों में सहायक महाप्रबंधक कार्यालय को संचालित किया जाएगा। इस कार्यालय में 9 कर्मचारियों की तैनाती होगी। काठगोदाम डिपो से संबंधित सभी कार्य सहायक महाप्रबंधक कार्यालय से ही संचालित किए जाते हैं। इसमें चालकों, परिचालकों की ड्यूटी, बसों का रूट, लेखा-जोखा समेत अन्य सभी कार्य अभी तक काठगोदाम डिपो के सहायक महाप्रबंधक कार्यालय से होता था लेकिन काठगोदाम में हिल डिपो प्रोजेक्ट के चलते इस कार्यालय को दो नहरिया में शिफ्ट करना पड़ा। इधर एआरएम आलोक बनवाल ने बताया कि अब सभी कार्य दो नहरिया के सहायक महाप्रबंधक कार्यालय से किए जाएंगे।

**समय संचालन कक्ष को भी किया गया शिफ्ट**

**हल्द्वानी :** रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद शाखा हल्द्वानी के कर्मियों ने आंदोलन की चेतावनी दी थी। जिसपर शुक्रवार को मंडलीय प्रबंधन संचालन की अध्यक्षता में द्विपक्षीय वार्ता पूरी हुई। इसमें हल्द्वानी रोडवेज पर संचालित समय संचालन कक्ष को तिकोनिया वर्कशाप में शिफ्ट कर दिया गया है। इसी के साथ बस पार्किंग को होली के बाद बनाने पर सहमति बनी। इस मौके पर क्षेत्रीय मंत्री जगदीश कांडपाल, उमेश चंद्र जोशी, सुरेंद्र सिंह रावत मौजूद रहे।

**रोडवेज में 5 दिनों से टप बुकिंग काउंटर हुआ शुरू**

**हल्द्वानी :** रोडवेज परिसर में बीते 5 दिनों से ऑनलाइन बुकिंग काउंटर में कंप्यूटर में तकनीकी दिक्कत आने से यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। लेकिन शुक्रवार को ऑनलाइन बुकिंग काउंटर फिर से शुरू हो गया है इससे यात्रियों को राहत मिल पाई है। बीते कई दिनों से आनलाइन बुकिंग काउंटर के कंप्यूटर खराब होने से स्टेशन पहुंच रहे यात्री बसों में सीट की बुकिंग नहीं करा पा रहे थे। लेकिन कंप्यूटर ठीक होते ही लोगों को राहत मिल पाई है। इसमें वोल्वो, एसी और साधारण बसों के लिए यात्री आनलाइन माध्यम से सीट बुक कराते है। इधर एआरएम सुरेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि तकनीकी खराबी आने के चलते दिक्कत बनी हुई थी लेकिन अब इसमें सुधार किया जा चुका है। बुकिंग काउंटर के कंप्यूटर को भी ठीक कर दिया गया है।

## बेस अस्पताल में डायलिसिस सेंटर का अनुबंध दो साल बढ़ा

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** बेस अस्पताल में पीपीपी मोड पर चलाए जा रहे डायलिसिस सेंटर का अनुबंध दो साल के लिए बढ़ा दिया गया है। जिस कंपनी के अनुबंध दिया गया है वह पिछले आठ साल से यहां सेंटर चला रही है।

बेस अस्पताल में पीपीपी मोड पर नेफ्रोप्लस कंपनी डायलिसिस सेंटर चलाती है। विगत नौ मार्च को कंपनी का स्वास्थ्य विभाग के साथ अनुबंध समाप्त हो गया था। इससे पहले भुगतान और अनुबंध संबंधी मामले को लेकर दो साल पूर्व बेस अस्पताल में डायलिसिस सेंटर का संचालन अचानक बंद कर दिया गया था। जिससे मरीज परेशान हुए थे और स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया था। हालांकि पूर्व के अनुभवों के आधार पर सरकार ने नया नियम बनाया था कि जब तक अनुबंध का विस्तार नहीं होगा या फिर नई कंपनी को अनुबंध नहीं मिलेगा तब तक मौजूदा कंपनी ही डायलिसिस सेंटर का संचालन करेगी। स्वास्थ्य विभाग ने मौजूदा कंपनी के साथ ही अनुबंध को दो साल और बढ़ा दिया है।

# आरटीओ कार्यालय के लिए दूसरी किस्त जारी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** गौलापार में नए आरटीओ कार्यालय निर्माण के लिए शासन की ओर से 6.46 करोड़ रुपये की दूसरी किस्त जारी कर दी गई है। आरटीओ कार्यालय के आधुनिकीरण में ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक के साथ ही ड्राइविंग स्कूल और आरटीओ कार्यालय का निर्माण किया जाना है।

ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल के लिए 1.5 करोड़ रुपये और ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक के लिए 4.93 करोड़ रुपये की दूसरी किस्त शासन ने जारी कर दी है।

गौलापार में 36 करोड़ रुपये की लागत से नए आरटीओ कार्यालय और ड्राइविंग स्कूल का निर्माण किया जाना है। यहां परिवहन विभाग की 8 हेक्टेयर जमीन है। टेस्टिंग ट्रैक को देहरादून की तर्ज पर सेंसरयुक्त ट्रैक बनना है, इसमें टेस्ट देने वाला व्यक्ति निर्धारित 7 बिंदुओं पर गलती करने पर ड्राइविंग टेस्ट में फेल हो जाएगा वहीं 2500 वर्गमीटर में आरटीओ कार्यालय और 4400 वर्ग मीटर में आधुनिक ड्राइविंग ट्रैक जिसमें 4 हजार वर्ग मीटर में चौपहिया वाहन और 400 वर्ग मीटर में दोपहिया वाहनों के लिए निर्धारित होगा।

ड्राइविंग स्कूल में 15 हजार वर्गमीटर का ट्रैक होगा साथ ही 2500 वर्गमीटर में ड्राइविंग स्कूल बनेगा जिसमें 1500 वर्गमीटर में हॉस्टल जबकि 1 हजार वर्गमीटर में एकेडमिक और एडमिन्स्ट्रेशन ब्लॉक बनेगा। पुराने सीज वाहनों की नीलामी के लिए 2 हजार वर्गमीटर में ऑक्शन यार्ड बनना प्रस्तावित है।

**कार्रवाई**

- **ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल के लिए 1.5 करोड़ रुपये**
- **ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक के लिए 4.93 करोड़ रुपये हुए जारी**

> शासन की ओर से गौलापार आरटीओ कार्यालय के लिए 6.46 करोड़ रुपये की दूसरी किस्त जारी कर दी गई है। कार्यदायी संस्था जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कर देगी। **-संदीप सैनी**, आरटीओ, परिवहन संभाग हल्द्वानी

# गैराज व कबाड़ की दुकानों पर छापे

संवाददाता, हल्द्वानी/रामनगर

**अमृत विचार:** पुलिस ने चोरी के सामान की खरीद और बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए मोटर वाहन और कबाड़ से जुड़े कारोबारियों का सत्यापन अभियान चलाया। 123 लोगों पर कार्रवाई भी की गई।

हल्द्वानी, रामनगर समेत विभिन्न स्थानों पर पुलिस के ऑपरेशन ब्लैक मार्केट से हड़कंप मच गया। नैनीताल पुलिस की टीमों ने हल्द्वानी और रामनगर समेत विभिन्न थाना क्षेत्रों में स्थित 111 कबाड़ियों, 143 मोटर गैराज, 32 मोटर मैकेनिक की चेकिंग की। चेकिंग के दौरान पुलिस ने 45 जगहों पर 123 लोगों के विरूद्ध पुलिस एक्ट के चालान किए और 53,950 की वसूली की। हल्द्वानी में टीपीनगर में अभियान चलाया गया तो वहीं रामनगर में पीरुमदारा, भवानीगंज, खत्याड़ी, टीपीनगर में कार्रवाई की। पुलिस ने इंजन और चेसिस नंबरों का मिलान किया। दुकानदारों को रजिस्टर बनाने के निर्देश दिए। इधर कई दुकानदारों ने अपनी दुकानें भी बंद रखीं।

रामनगर में मोटर मैकेनिकों की दुकानों पर जांच करती पुलिस। ● अमृत विचार

## मारपीट मामले में चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**नैनीताल :** नारायण नगर में बीते वर्ष दो गुटों में मारपीट के दौरान मल्लीताल निवासी एक व्यक्ति घायल हो गया था। मामले में व्यक्ति ने लगातार धमकी मिलने व उसकी जान को खतरा होने की बात कही है। शिकायत के बाद मामले में पुलिस की ओर मुकदमा दर्ज कर दिया है। मल्लीताल निवासी मजहर बीते वर्ष जून में अपने वाहन से कालाढूंगी से नैनीताल आ रहा था। नारायण नगर पार्किंग के पास तीन से चार लोगों ने उसके साथ अभद्रता कर मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान वह गंभीर रूप से घायल हो गया। कोतवाल धर्मवीर सोलंकी ने बताया कि मामले में नारायण नगर निवासी शुभम कुमार, दिव्यांशु कुमार, अर्जुन कुमार व एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

कोतवाली में पुलिस टीम के साथ आरोपी। ● अमृत विचार

# रात में पुलिस का नशे के कारोबारियों पर वार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर नैनीताल पुलिस ने चेकिंग अभियान तेज कर दिया है। चेकिंग के दौरान पुलिस ने विभिन्न स्थानों से स्मैक, शराब और नशीले इंजेक्शन की खेप पकड़ी और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आगे भी अभियान जारी रहेगा।

गुरुवार की रात नैनीताल पुलिस ने कोतवाली हल्द्वानी, मुखानी, बनभूलपुरा, मुक्तेश्वर और कालाढूंगी थाना क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया। बनभूलपुरा पुलिस ने 10.71 ग्राम स्मैक के साथ इंद्रानगर ठोकर निवासी कुरैशी उर्फ कुबड़ा को पकड़ लिया। कुबड़ा पहले भी एनडीपीएस एक्ट के तहत दो मुकदमों के अलावा पॉक्सो के आरोप में भी नामजद है। पुलिस ने बताया कि उसके ऊपर गुंडा एक्ट के तहत भी कार्रवाई की जा चुकी है। पुलिस ने 58 पव्वे देसी शराब के साथ देवलचौड़ खाम निवासी सूरज और 96 पव्वे देसी शराब के साथ राजपुरा वार्ड 13 निवासी मोहित कश्यप को गिरफ्तार कर लिया। मुखानी पुलिस ने भी अवैध शराब को आरोपी के साथ पकड़ा। पुलिस ने बाजपुर निवासी बख्शीश सिंह को कच्ची शराब के 261 पाउच और 68 लीटर खाम के साथ गिरफ्तार किया। वह अपनी मोटर साइकिल से शराब को लेक जा रहा था। कोतवाल उमेश मलिक ने वार्ड 12 गली तीन निवासी रमेश कश्यप के पास से देसी शराब के 62 पव्वे पकडे. और आरोपी को गिरफ्तार किया। मंडी चौकी पुलिस ने अंग्रेजी शराब की 24 बोतलों के साथ गली नंबर तीन निवासी सोनू सिंह और 50 नशीले इंजेक्शन के साथ बरेली रोड निवासी आजम को गिरफ्तार किया। मुक्तेश्वर पुलिस ने भटेलिया बाजार स्थित दो मंजिला रेस्टोरेंट में छापा मारा। यहां शराब परोसते हुए सुनकिया निवासी ललित सिंह बिष्ट को पकड़ लिया।

**एक पेटी अंग्रेजी शराब के साथ आरोपी पकड़ा**

**हल्द्वानी :** पुलिस ने मंगलपड़ाव क्षेत्र में शिमला बूट हाउस के पीछे वाली गली में चेकिंग की। यहां रितेश जयसवाल निवासी जवाहर नगर बनभूलपुरा को स्कूटी में अवैध एक पेटी रॉयल स्टैग विस्की व एक पेटी मैक्डोवल्स विश्की अंग्रेजी शराब व चार क्वार्टर ऐट पीएम व्हिश्की अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है।

## पर्यटकों को गलत दिशा में कार भगाना पड़ा महंगा

**नैनीताल :** मल्लीताल क्षेत्र में पर्यटकों को गलत दिशा में वाहन चलाने व हंगामा काटना महंगा पड़ गया। पुलिस ने तीन पर्यटकों के खिलाफ पुलिस एक्ट में कार्रवाई की है। शुक्रवार को मल्लीताल क्षेत्र में दिल्ली गुड़गांव निवासी तीन पर्यटक अपनी कार से गलत दिशा में चले गए। पुलिस ने रोककर जब सही दिशा से जाने की बात कही तो कार में बैठे पर्यटक पुलिस से अभद्रता पर उतर आए। यही नहीं कार में बैठे दो पर्यटक नशे की हालत में सार्वजनिक स्थल में गाली गलौच करने लगे। जब पर्यटक पुलिस के समझाने पर भी नहीं माने तो पुलिस तीनों को कोतवाली ले आई। जहां पुलिस ने पर्यटकों को फटकार लगाई। एसएसआई पीएस मेहरा ने बताया कि गुड़गांव निवासी दीपक यादव, राजदीप व अमित के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है।

# गौला पुल के पास फंदे पर लटकी मिली लाश

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** काठगोदाम में गौला पुल के पास एक फंदे में शव लटका हुआ था। स्थानीय व्यक्ति ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस को मृतक के पास से उसकी कोई पहचान नहीं मिली है। मृतक को पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया गया है।

काठगोदाम पुलिस के अनुसार गुरुवार की रात एक व्यक्ति अपने जानवरों को लेकर गौला पुल के पास से गुजर रहा था। उसने देखा कि पुल के पास फंदे में एक शव लटका हुआ है। शव काफी पुराना हो चुका था। सूचना मिलते ही मौके पर तुरंत ही पुलिस पहुंची। पुलिस को गौला पुल से आगे गधेरे में करीब 400 मीटर अंदर एक पेड़ पर रस्सी के सहारे शव लटका मिला। पुलिस अंदाजा लगा रही है कि लाश करीब 15 दिन पुरानी होगी। पुलिस ने मृतक की पहचान करने के लिए आसपास छानबीन की। वहां एक चश्मा, चप्पल और एक पेन मिला है। मृतक के शरीर पर जींस और शर्ट है। पुलिस के मुताबिक, मृतक की उम्र करीब 45 वर्ष रही होगी।

# प्रेमिका की बेवफाई से क्षुब्ध युवक ने कर ली खुदकुशी

ब्यूरो, भीमताल

**अमृत विचार :** प्रेमिका ने दूसरा प्रेमी बना लिया तो क्षुब्ध युवक ने हाथ की नस काटी और फिर फांसी के फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौके से सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। मृतक इन दिनों बैक के पेपर देने आया हुआ था।

शुक्रवार की सुबह चार बजे दीपक वोरा ने पुलिस को सूचना दी कि उसका दोस्त मानस जोशी 23 वर्षीय पुत्र प्रकाश जोशी निवासी चांदमारी लोहाघाट ग्राफिक एरा में बीएससी अंतिम वर्ष का छात्र था। वह इन दिनों बैक की परीक्षा देने के लिए आया हुआ था। शुक्रवार तड़के मानस जोशी ने अपने दोस्त हिमांशु जोशी को वीडियो कॉल की थी जिसमें वह अपनी बाएं हाथ की नस काट रहा था। इसकी जानकारी मिलने पर वह थोड़ी देर बाद मानस के कमरे में पहुंचा तो कमरा अंदर से बंद नहीं था। जब वह शौचालय में पहुंचा तो मानस एक्जॉस्ट फैन से लटककर नीचे पड़ा था। इस पर दोस्तों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी परंतु समय से वाहन नहीं आया। इस पर उन्होंने डायल-112 से पुलिस को सूचना दी। पुलिस को घटना स्थल से सुसाइड नोट भी मिला है। भीमताल थाना प्रभारी जगदीप नेगी ने बताया कि प्रेमिका के बारे में अधिक जानकारी नहीं है। मानस जनवरी से पेइंग गेस्ट में रह रहा था।

**दुखद**

- **ग्राफिक एरा में बीएससी अंतिम वर्ष का छात्र था मृतक**
- **प्रेमिका ने बनाया दूसरा प्रेमी तो उठा लिया आत्मघाती कदम**

**हालात** एक ही काउंटर खुला होने व कई दिनों से काम न होने पर लोगों में नाराजगी, अधिकारियों के समझाने व आगामी दिनों के टोकन देने पर लौटे लोग

# श्रम कार्यालय में हुआ हंगामा, भारी भीड़ होने से अफरातफरी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** नैनीताल रोड स्थित श्रम विभाग के कार्यालय में शुक्रवार को पंजीकृत श्रमिकों की भारी भीड़ रही। एक ही काउंटर खुला होने और कई देर तक काम न होने पर भारी भीड़ के बीच हंगामा हो गया जिससे थोड़ी देर अफरा-तफरी मच गई। श्रमिक कई दिनों से श्रम विभाग के कार्यालय में आ रहे हैं लेकिन उनके काम नहीं हो पा रहे हैं जिससे उनमें विभाग के प्रति काफी नाराजगी है। शुक्रवार को कार्यालय में हजारों की भीड़ इकट्ठ हो गई।

काम न होने पर भीड़ में कुछ व्यक्तियों ने विरोध करना शुरू किया और हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद विभाग के अधिकारियों ने लोगों को समझाया और आगामी दिनों के टोकन जारी किये और उसमें दी गई तिथि को कार्यालय में आने को कहा। बीते एक सप्ताह से कार्यालय में प्रतिदिन भारी संख्या में श्रमिक आ रहे हैं लेकिन उनके काम नहीं हो पा रहे हैं।

विभाग के कर्मचारी कभी सर्वर डाउन होने तो कभी अन्य बहाना बनाकर काउंटर बंद कर दे रहे हैं। शुक्रवार को भी एक ही काउंटर पर काम किया गया जिससे लोग अपनी बारी के इंतजार में घंटों खड़े रहे जबकि कई इस आशा में जमीन में बैठ गए कि उनका नंबर आएगा हालांकि आधे लोग टोकन मिलने पर वापस चले गए।

श्रम विभाग कार्यालय में उमड़ी लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

**अगले दिन बुलाया फिर टोकन को ही बताया गलत**

अगले दिन का टोकन दे रहे हैं फिर मोहर न लगी होने का हवाला देकर उनको फिर से टोकन लेने को बोल रहे हैं। श्रमिकों ने बताया कि विभाग के कर्मचारी उनको अगले दिन का टोकन पकड़ा दे रहे हैं लेकिन जब वह अगले दिन काम कराने आ रहे हैं तो उनके टोकन को अवैध करार दे दिया जा रहा है। इस कारण कोटाबाग, ओखलकांडा, नैनीताल सहित कई अन्य पर्वतीय क्षेत्रों से लोग कार्यालय में भटक रहे हैं। साथ ही लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि उनके नंबर को पीछे कर कर्मचारी मिलीभगत से अन्य लोगों का काम कर रहे हैं जिससे कई जरूरतमंद और गरीबों को लाभ नहीं मिल पा रहा है।

> आधा स्टाफ शिविर में गया हुआ है। स्टाफ बढ़ाया जाएगा जिससे काम जल्दी हो सके। संबंधित कर्मचारियों को छात्रवृत्ति वाले मामले में अभी केवल आवेदन लेने के लिए कहा गया है और बायोमेट्रिक के लिए बाद में बुलाया जाएगा। **- विपिन कुमार**, उप श्रम आयुक्त, श्रम विभाग

**बोले लोग**

> हमारे साथ व हमारे बाद आए कई लोग कर्मचारियों से मिलीभगत कर अपना काम कराकर चले गए। बीते गुरुवार को टोकन दिया था कि अगले दिन आना लेकिन शुक्रवार को टोकन में मोहर नहीं लगी है कहकर फिर से टोकन पकड़ा दिया। **- कविता देवी**, कोटाबाग

> गरीबों को सुविधा देने के लिए सरकार योजनाएं चलाती हैं। जब कुछ मिलना ही नहीं है तो झूठे सपने क्यूं दिखाएं जा रहे हैं। बीते 6 दिनों से बच्चे की छात्रवृत्ति का काम कराने आ रही हूं लेकिन एक के नंबर में चार-चार लोगों के काम कराए जा रहे हैं। **-रमौती देवी**, गौलापार

> एक व्यक्ति का काम होने में 15-20 मिनट लग रहा है। सुबह से आया हूं। 12 बजे टोकन बांटे गए। छात्रवृत्ति से संबंधित काम कराने आया हूं लेकिन काम नहीं हुआ। दो काउंटर में काम होना चाहिए जिससे लोगों के काम हो सकें। विभाग के कर्मचारी भी सहयोग नहीं कर रहे हैं। **- करन**, हल्द्वानी

## सार-संक्षेप

पीसीएस ऋचा सिंह को सम्मानित करते ट्रांसपोर्ट कारोबारी। ● अमृत विचार

### ट्रांसपोर्ट कारोबारियों ने ऋचा सिंह को किया सम्मानित

**हल्द्वानी :** प्रशिक्षण निदेशालय में अपर निदेशक ऋचा सिंह को ट्रांसपोर्ट नगर व्यापारी एसोसिएशन ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। महामंत्री प्रदीप सब्बरवाल ने कहा कि उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट रहते हुए उन्होंने ट्रांसपोर्ट नगर की व्यवस्थाओं को सुधारा, शहर में अतिक्रमण हटाए और अवैध कारोबारों पर नकेल कसी। इस दौरान अध्यक्ष अमरजीत सिंह सेठी, महामंत्री प्रदीप सबरवाल, ललित मोहन बिष्ट, इंद्र कुमार भुटियानी, हाजी नफीस, मंजीत सिंह सेठी, मुकेश खन्ना, लक्ष्मण सिंह नेगी, कनेडी सचदेवा रहे।

एसओएस जेएन कौल शिक्षण संस्थान में उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम।

### पोस्टर के माध्यम से उपभोक्ता जागरूकता का संदेश दिया

**भीमताल :** एसओएस जेएन कौल शिक्षण संस्थान/हरमन माइनर डिग्री कॉलेज भीमताल में उपभोक्ता अधिकार दिवस का आयोजन हुआ। इस अवसर पर संस्थान में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. मुक्ता ने बताया कि अगर किसी वस्तु के क्रय में ठगी होती है तो वह अपनी शिकायत उपभोक्ता फोरम में कर सकता है। संचालन नीरज कुमार ने किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अंकित उपाध्याय ने प्रथम, प्रेमा ने द्वितीय तथा रश्मि और प्रियंका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान रामकृष्ण आर्या, बीना नेगी चौधरी, राजेन्द्र सिंह खाती, राहुल कुमार, नितिन भगवाल आदि मौजूद रहे।

### वर्चुअल लैब कार्यशाला में दी उपयोगी जानकारी

**रामनगर :** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में वर्चुअल लैब पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। नेशनल मिशन ऑन एजुकेशन थ्रू आईसीटी के अंतर्गत आईआईटी दिल्ली के संचालन में आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन प्राचार्य एमसी पांडे ने किया। विद्यार्थियों ने इस कार्यशाला को वर्तमान सन्दर्भ में बहुउपयोगी बताया। कार्यशाला में विज्ञान संकाय के रामनगर, बाजपुर, नैनीडांडा और काशीपुर के महाविद्यालयों के विद्यार्थियों व नोडल अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। इसमें डॉ. विवेक केड़िया काशीपुर, डॉ.ललित कुमार बाजपुर, डॉ.मंजु यादव नैनीडांडा तथा रामनगर महाविद्यालय से वनस्पति विज्ञान विभाग से डॉ.पी.सी. पालीवाल, रसायन विज्ञान विभाग से जेएस नेगी शामिल हुए।

रामनगर में एड्स की जानकारी देते शिक्षक।

### स्वयंसेवियों को दी एड्स से बचाव की जानकारी

**रामनगर :** शिविर के दूसरे दिन उत्तराखंड राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा एड्स से बचाव की जानकारी स्वयंसेवियों को दी गई। पीएनजी राजकीय पीजी कॉलेज रामनगर की राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस महाविद्यालय के योग प्रशिक्षक मुरलीधर कापड़ी ने स्वयं सेवकों को योगासन व प्राणायाम सिखाया। मंच संचालन स्वयंसेवी जितेन्द्र सिंह रावत ने किया।

### कुलपति ने राज्यपाल को अनुसंधान की दी जानकारी

**नैनीताल :** कुमाऊं विवि के कुलपति प्रो दीवान सिंह रावत ने देहरादून में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से मुलाकात कर विश्वविद्यालय में हो रहे अनुसंधान, नवाचार एवं विकास कार्यों की और आगामी एक वर्ष की कार्ययोजना की विस्तृत रूप से जानकारी दी। इसके बाद कुलपति दीवान सिंह रावत ने मुख्य सचिव राधा रतूड़ी से शिष्टाचार भेंट की।

# रोडवेज बस स्टेशन पर लावारिस मिला मावा व पनीर को किया नष्ट

## दो बड़ी खेप में आया था मावा और पनीर, एक खेप का दावेदार मिला दूसरे का नहीं

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** होली से पहले रोडवेज की बसों में अवैध तरीके से पनीर और मावा लाया जा रहा है। बस अड्डे पर जब खाद्य सुरक्षा विभाग और प्रशासन की टीम पहुंची तो उसे बस अड्डे पर एक जगह पनीर और मावा की बड़ी खेप लावारिस मिली तो एक बस से क्विंटलों पनीर उतारा गया। एक खेप का तो दावेदार आ गया लेकिन दूसरी खेप का दावेदार नहीं मिलने पर पनीर और मावा को नष्ट कर दिया गया।

खाद्य सुरक्षा विभाग को सूचना मिल रही थी कि दूसरे राज्यों से रोडवेज की बसों में पनीर और मावा लाया जा रहा है। होली से पहले पनीर और मावा की खपत बढ़ जाती है। शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सुबह 5:30 बजे ही बस अड्डे पर छापा मार दिया। पहले तो बरेली रोड पर खाद्य पदार्थों के समेत अन्य 15 वाहनों की जांच की गई। बाद में टीम बस अड्डे पर पहुंची तो जांच में पता चला कि बस अड्डे पर पनीर और मावा की दो बड़ी खेप लावारिस पड़ी हुई हैं। एक खेप में 70 किलो पनी और 80 किलो मावा रखा हुआ है। साथ ही उसी समय मुरादाबाद से पीतलनगरी डिपो की बस से 4.30 कुंतल मावा बस अड्डे पर उतारा गया। बहुत देर तक टीम दावेदारों को ढूंढती रही लेकिन जब कोई दावेदार नहीं आया तो सारा माल उठाकर तहसील में रखवा दिया। कुछ समय बाद मो. साबिर तहसील पहुंचा और उसने बताया कि 4.30 कुंतल मावा उसका है। टीम ने साबिर से आधार कार्ड और फोन नंबर लेने के बाद मावा के सैंपल लिए और मावा उसे सौंप दिया। इधर जब पनीर और दूसरे मावे का दावेदार नहीं आया तो विभाग ने उसे नष्ट करवा दिया। प्रवर्तन टीम में अभिहित अधिकारी संजय कुमार सिंह, तहसीलदार सचिन कुमार और खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभय कुमार सिंह थे।

बस अड्डे पर पनीर और मावा की जांच करते खाद्य सुरक्षा और प्रशासन के अधिकारी।

> बस अड्डे पर पीतलनगरी डिपो की बस में 4.30 कुंतल मावा को लाया गया। इसका सैंपल लेकर दावेदार को सौंप दिया गया है लेकिन बस अड्डे पर एक अन्य जगह भारी मात्रा में पनीर और मावा रखा था। इसे नष्ट करवा दिया है।
> –**अभय कुमार सिंह**, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी, हल्द्वानी

### अवैध तरीके से मंगाया जा रहा पनीर और मावा

हल्द्वानी बस अड्डे पर होली से पहले रोजाना ही उत्तर प्रदेश से अवैध तरीके से मावा और पनीर मंगाया जा रहा है। यह लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ है और साथ ही रोडवेज प्रशासन पर सवाल उठता है कि सरकारी बसों में अवैध तरीके से पनीर और मावा की आवाजाही कैसे करवाई जा रही है। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने बताया कि रोडवेज की बसों में पनीर और मावा कैसे भेजा जा रहा है यह जांचना संबंधित विभाग का काम है।

# रामनगर में उच्च न्यायालय के लिए किया जनसंपर्क

उच्च न्यायालय स्थापित करने को जनसंपर्क अभियान चलाते अधिवक्ता व अन्य।

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड हाईकोर्ट को रामनगर में स्थापित किए जाने के लिए जनमंच ने नगर व ग्रामीण क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क शुरू कर दिया है। रविवार को सभी सामाजिक, राजनैतिक संगठनों की विस्तृत बैठक का ऐलान किया है।

इस दौरान जनमंच कार्यकर्ताओं ने कहा कि नैनीताल जिले में हाई कोर्ट को अन्यत्र स्थापित किए जाने के लिए राजस्व भूमि का उपयोग किया जाना है। उच्च न्यायालय परिसर तथा आवासीय भवनों के लायक पूरे जनपद में आवश्यक भूमि रामनगर क्षेत्र के आमपोखरा क्षेत्र में उपलब्ध है। रामनगर के पीरूमदारा क्षेत्र में ग्राम आमपोखरा व धनपुर गुंसाई में लगभग 35 एकड़ राजस्व भूमि राजस्व विभाग के नियन्त्रण में है। जो कि उच्च न्यायालय के निर्माण के लिए पर्याप्त है। रविवार को नगर के सभी सामाजिक, राजनैतिक, व्यापारिक तथा जन संगठनों की एक बड़ी बैठक का आयोजन ब्लॉक सभागार में किया जा रहा है। जिसमें सभी के सहयोग से हाई कोर्ट को रामनगर में स्थापित किए जाने की रणनीति पर विचार किया जाएगा। जनसंपर्क अभियान में एडवोकेट अतुल अग्रवाल, आनंद सिंह नेगी, मोहम्मद नसीम, एडवोकेट सुखदेव सिंह, एडवोकेट रतन सिंह चौहान, एडवोकेट दीप्ति भारद्वाज, एडवोकेट प्रमोद, एडवोकेट अजीम शामिल रहे।

सीसी मार्ग का शिलान्यास करते विधायक सुमित हृदयेश। ● अमृत विचार

# विधायक सुमित ने विकास योजनाओं की रखी नींव

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कांग्रेस विधायक सुमित हृदयेश ने विभिन्न वार्डों में 22.75 लाख की विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया।

विधायक सुमित ने शुक्रवार को वार्ड-48 मल्ली बमौरी में बलवंत कॉलोनी में 8.27 लाख के सीसी मार्ग, वार्ड-37 मित्रपुरम में 9.66 लाख के सीसी मार्ग का शिलान्यास किया। वहीं, श्रमिक बस्ती कर्नल वार्ड स्थित देवी मंदिर में 4.82 लाख से जनमिलन केंद्र के सौंदर्यीकरण व उच्चीकरण का लोकार्पण किया।

उन्होंने कहा कि आम जन को सुगम आवागमन प्रदान करने के लिए विधायक निधि से जितना संभव हो, लगातार विकास काम किया जा रहा है। इस दौरान मुकुल बल्यूटिया, राजू नेगी, हेम पंत, गोपाल बिष्ट, बीएस पांगती, शेर सिंह तोलिया, धीरेन्द्र पांगती, प्रेम बृजवाल, बहादुर बिष्ट, गोकर्ण सिंह बिष्ट, हेम महतोलिया, हीरा पांगती, सविता गुरुरानी, गीता बहुगुणा, मन्नू गोस्वामी, दीपा, सुनीता टम्टा, ममता नेगी, पवन कन्नौजिया, महेंद्र सिंह, मनोज आर्य, तारा सिंह महरा आदि मौजूद रहे।

### विवादों में घिरी बयेडी पंपिंग पेयजल योजना

**गरमपानी :** जल जीवन मिशन योजना के तहत निर्माणाधीन बयेडी पंपिंग पेयजल योजना पर अनियमितता का आरोप लगा पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है। मनमाने ढंग से कार्य किए जाने पर एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर मामले में कार्रवाई की मांग उठाई है। दो टूक चेतावनी दी है की यदि अनियमितता की गई तो फिर आंदोलन का बिगुल फूंक दिया जाएगा।

बयेडी पंपिंग पेयजल योजना विवादों से घिर गई है। शुरुआत से ही योजना निर्माण में अनियमितता का आरोप लगा रहे पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों का पारा आखिरकार चढ़ गया है। पंचायत प्रतिनिधियों ने एसडीएम को हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंप योजना निर्माण में लापरवाही का आरोप लगाया है। बताया की लगातार गुणवत्ता विहीन कार्य किए जा रहे हैं। योजना के टैंक निर्माण भी बगैर फर्मों के किया जा रहा है। योजना निर्माण में पंचायत प्रतिनिधियों को भी विश्वास में ना लेकर उपेक्षा की जा रही है। आरोप लगाया कि गुणवत्ता विहीन कार्य होने के बावजूद जल निगम ठेकेदार को भुगतान कर दे रहा है।

# कथक नृत्यांगना कनिका व आंचल को किया सम्मानित

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** उत्तराखंड क्रांति दल (यूकेडी) के कुमाऊं मंडल प्रभारी भुवन चंद्र जोशी ने राज्य की कनिका तिवारी उपाध्याय और आंचल लोशाली को शुक्रवार को सम्मानित किया। कनिका व आंचल ने मध्य प्रदेश के खजुराहो में 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर हुए संगीत व नृत्य कार्यक्रम में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया है।

कनिका ने बताया कि वह पिछले दस साल से कत्थक नृत्य का अभ्यास व शिक्षा ले रही हैं। उन्हें उनके माता-पिता और ससुराल पक्ष का लगातार समर्थन मिलता रहा, जिसके कारण वह कथक नृत्य में यह मुकाम हासिल कर पाईं। कनिका के पति बिमल उपाध्याय, ससुर नवीन चंद्र उपाध्याय, पिता गोविंद चंद्र तिवारी और फूफा बीडी अंडोला का उन्हें भरपूर सहयोग व समर्थन मिला।

आंचल लोशाली ने बताया कि वह पिछले पंद्रह सालों से कत्थक नृत्य का अभ्यास व शिक्षा ले रही हैं। उन्हें उनके दादा अमरनाथ जोशी और पिता दीपचंद जोशी, ससुर नवीन चंद्र लोशाली व पति अजय लोशली का भरपूर समर्थन और सहयोग मिलता रहा और उन्होंने कथक नृत्य को लगातार जारी रखा हुआ है।

इस अवसर पर भुवन चंद जोशी ने कहा कि आज राज्य की बेटियां हर क्षेत्र में अपना नाम रोशन कर रही हैं, जिससे हमें इन पर गर्व है और उत्तराखंड का परिवार अपनी बेटियों को पूरा समर्थन दे रहा है, जिससे उनको आगे बढ़ाने में सहायता मिल रही है। इस अवसर पर एडवोकेट मोहन कांडपाल भी मौजूद रहे।

कनिका और आंचल को सम्मानित करते उक्रांद के मंडल प्रभारी भुवन चंद्र जोशी।

### वोट का महत्व पहचानने के प्रेरित किया

**नैनीताल :** डीएसबी परिसर के राजनीति विभाग में मेरा पहला वोट देश के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. भूमिका प्रसाद ने छात्र-छात्राओं को लोकतंत्र को मजबूत बनाने में वोट के महत्व को पहचानने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के मोबाइल फोन में वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड करवाकर इस एप के सम्यक प्रयोग की जानकारी भी प्रदान की गई।

### ग्राहक समाधान कैंप में नहीं मिली शिकायत

**हल्द्वानी :** लीड बैंक नैनीताल ने जिला उद्योग केंद्र के सभागार में शुक्रवार को ग्राहक शिकायत समाधान कैंप का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य जिले के सभी बैंकों के संबंधित ग्राहकों की शिकायतों पर त्वरित समाधान और संबंधित बैंकों को शिकायतें भेजना था लेकिन कैंप में कोई भी शिकायत नहीं मिली। अगला कैंप आगामी जून में लगाया जाएगा। इस अवसर पर जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक केआर आर्या, दीक्षित बिष्ट आदि मौजूद रहे।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत वाईपास रोड, बरेली
विशाल एण्डोस्कोपी शिविर
सहयोग से : बरेली ओब्स्टेट्रिक गाइनकालजी सोसाइटी
दूरबीन विधि द्वारा बच्चेदानी के आपॅरेशन

दिल्ली, मुम्बई, अहमदाबाद, चेन्नई, बैंगलौर एवं विदेश के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ द्वारा दूरबीन विधि से स्त्री रोग सम्बन्धित समस्त ऑपरेशन
जल्द से जल्द पंजीकरण कराकर इस सुविधा का लाभ उठायें।
ऑपरेशन दिनांक 19 अप्रैल 2024
पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) 31 मार्च 2024 तक ही किये जायेंगे। प्रथम 10 पंजीकृत मरीजों को प्राथमिकता दी जायेगी।

लैप्रोस्कोपी द्वारा दूरबीन विधि से ऑपरेशन
1) बच्चेदानी निकालने का ऑप्रेशन (हिस्ट्रेक्टमी)
2) रसौली निकालने का ऑप्रेशन (मायोमेक्टमी)
3) अण्डेदानी की रसौली निकालने का ऑप्रेशन (ओवेरियन सिस्टैक्टॉमी)
4) बांझपन की दूरबीन विधि द्वारा जांच
5) बन्द ट्यूब खोलने का ऑप्रेशन
6) बच्चेदानी की बनावट सम्बन्धी जन्मजात बीमारियों का इलाज ऑप्रेशन

हिस्ट्रोस्कोपी का दूरबीन द्वारा ऑपरेशन
1) ऐशरमैन का इलाज
2) बच्चेदानी के अन्दर की रसौली (हिस्ट्रोस्कोपिक मायोमेक्टोमी)
3) ट्यूब खोलना (हिस्टेरोस्कोपी कम्युलेशन)
4) बच्चेदानी के अन्दर जन्मजात विकृति ठीक करना
5) बच्चेदानी के अन्दर का पॉलिप निकालना (हिस्टेरोस्कोपिक पॉलीएटोनी)

रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें : 9997015620, 9081800900
कमरा नं. 1178, स्त्री रोग विभाग, रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, बरेली
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

उत्साह | विकास कार्यों में आएगी तेजी, मांग पूरी होने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया गया

# कालाढूंगी को पालिका का दर्जा मिलने से मिलेगी नई पहचान

कालाढूंगी में मिष्ठान वितरण करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार:** कालाढूंगी को पालिका का शासनादेश जारी होने पर क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से नई पहचान मिलेगी। कालाढूंगी क्षेत्र में पर्यावरण प्रेमी जिम कार्बेट का बसाया गांव छोटी हल्द्वानी, कॉर्बेट म्यूजियम, आयरन फाउंडी, कॉर्बेट फॉल सहित अनेक ऐतिहासिक धरोहर हैं। पर्यटन की दृष्टि से इन्हें नई पहचान मिलेगी।

बता दें कि वर्ष 1974 से 2024 तक कालाढूंगी नगर पंचायत में चार अध्यक्ष अपना कार्यभार संभाल चुके हैं। पहली बार जहूर अहमद नगर अध्यक्ष बने। इसके बाद ओम प्रकाश कत्यूरा चेयरमैन बने। इसके बाद लगातार दो बार लगातार कांग्रेस के दीप चंद्र सती अध्यक्ष बने। वर्ष 2014 से भाजपा से पुष्कर कत्यूरा पुत्र पूर्व नगर पंचायत के अध्यक्ष ओम प्रकाश कत्यूरा ने कार्यभार संभाला है। वर्तमान समय में नगर में सात वार्ड शामिल हैं। पालिका बनने से बजट में वृद्धि होगी व अधिकारियों, कर्मचारियों की तैनाती के साथ नगर क्षेत्र में विकास कार्यों में तेजी आयेगी। ईओ ईश्वर सिंह रावत ने बताया कि वर्तमान में शासन से चार करोड़ का वार्षिक बजट विकास कार्यों के लिए मिलता है। इस बजट से नगर पंचायत कर्मियों, पर्यावरण मित्रों व विकास कार्यों में धनराशि खर्च की जाती है। पालिका बनने से बजट के साथ कर्मियों की वृद्धि होने से विकास कार्यों को गति मिलेगी। ईओ रावत ने बताया कि पालिका में अवर अभियंता, सफाई निरीक्षक, कर्म निरीक्षक, सहायक लेखाकार, कंप्यूटर ऑपरेटर, बहुउद्देश्यीय कर्मचारियों के पदों पर नियुक्ति हो सकेगी।

## भाजपाइयों ने बांटी मिठाई

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार:** नगर पंचायत कालाढूंगी अब नगर पालिका कहलाएगी। कालाढूंगी नगर पंचायत को नगर पालिका का दर्जा मिलने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान वितरण कर मुख्यमंत्री धामी का आभार व्यक्त किया। शुक्रवार को शासन द्वारा उच्चीकरण करने के निर्णय पर भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम जंतवाल के नेतृत्व में मिष्ठान वितरण किया।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत ने कहा कि कार्यकर्ताओं ने विधायक बंशीधर भगत के नेतृत्व में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से देहरादून मे मुलाकात कर कालाढूंगी नगर पंचायत को नगर पालिका मे उच्चीकरण करने की मांग की थी। इसको मुख्यमंत्री पुष्कर धामी और उत्तराखंड कैबिनेट ने स्वीकार कर लिया है।

भाजपा प्रवक्ता विकास भगत ने कहा कि प्रदेश कैबिनेट की विगत सप्ताह बैठक में कालाढूंगी नगर पंचायत को उच्चीकरण करने का अधिकार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को दे दिया था जिस प्रस्ताव को कल मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वीकार किया।

इस अवसर पर गोपाल बुढलाकोटी, कैप्टन लक्ष्मण सिंह देउपा, महामंत्री हरीश मेहरा, दीवान सिंह बिष्ट, कैलाश बुढलाकोटी, पूरन जोशी, राजेंद्र जलाल, मोहन खोलिया, भास्कर राय, देवेंद्र भट्ट, जीवन भट्ट, तारा दत्त रखोलिया, भुवन कुमार उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप

### नीतिश मणि त्रिपाठी, कुंदन कुमार ने संभाला कार्यभार

नीतिश मणि त्रिपाठी

कुंदन कुमार

**हल्द्वानी :** आईएफएस अधिकारी नीतिश मणि त्रिपाठी, डॉ. अभिलाषा सिंह और कुंदन कुमार ने वानिकी प्रशिक्षण अकादमी और वन अनुसंधान संस्थान में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। देहरादून में डीएफओ के पद पर तैनात रहे नीतिश मणि त्रिपाठी ने शुक्रवार को रामपुर रोड स्थित एफटीआई में अपर निदेशक और डॉ. अभिलाषा सिंह ने उप निदेशक के पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया है। वहीं टोंस में बतौर डीएफओ तैनात रहे कुंदन कुमार ने वन अनुसंधान संस्थान में डीएफओ के पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

### बैटरी चुराने के आरोप में पुलिस ने दो दबोचे

**रामनगर :** पुलिस ने खड़े वाहन से बैटरी चुराने के आरोप में दो लोगो को गिरफ्तार किया है। बता दें कि मो. यासीन, भवानीगंज ने पुलिस में तहरीर दी थी कि बीते दिवस उनसे अपने वाहन को बंद करके धर्मशाला के पास, रेलवे रोड पर खड़ा किया था। अगली सुबह जब वह अपने वाहन को लेने पहुंचा तो उसमें से बैटरी चोरी हो गया था। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि इस मामले में पुलिस ने नानक चन्द्र, रेलवे पड़ाव वार्ड-14 व आदित्य सिंह राणा, निवासी रेलवे कालोनी, वार्ड-14 को चुराए गई बैटरी के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

### स्वास्थ्य शिविर में उमड़ी भीड़

स्वास्थ्य शिविर में जांच कराते लोग। ● अमृत विचार

**रामनगर :** भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंपापुरी पार्क में आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में लोगो की भीड़ उमड़ी, जहां करीब दो सौ लोगों ने अपना पंजीकरण कराया। शिविर का शुभारंभ करते हुए विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने कहा कि बदलते मौसम के दौरान नागरिक अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। शिविर में हृदय रोग, ब्लड प्रेशर, शुगर व नेत्र रोगियों ने अपना परीक्षण कराया। इस दौरान मदन जोशी, माया रावत, नीमा मठपाल, मनप्रीत कौर, संजय रावत, अरुण कुमार, यतिन रौतेला, गणेश रावत, पुष्पा पाठक आदि मौजूद रहे।

### बसपा कार्यकर्ताओं ने कांशीराम को किया याद

रामनगर में कांशीराम की जयंती मनाते बसपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**रामनगर/कालाढूंगी :** बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम की 90वीं जयंती अंबेडकर पार्क में मनाई गई। कार्यक्रम में सर्व विनोद अनजान, कैलाश आर्यवाल, रंजीत सिंह, दयाल राम आर्या, आनन्द प्रकाश टम्टा, योगेन्द्र कुमार, सिराज अहमद, जगन्नाथ सांवरिया, महेश शिल्पकार, प्रकाश शिल्पी, पनीराम आर्या मौजूद रहे।

कालाढूंगी में बसपा नेता राजकपूर टम्टा के नेतृत्व में शुक्रवार को चूनाखान में जयंती समारोह व विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर कांता, हरीश चंद्र, विशाल टम्टा, मोहन प्रसाद, माया देवी, संतो देवी, मुरारी लाल, मोहन प्रसाद, पूरन लाल, जगानंद, बिज मलाल, सूरज, गीता देवी आदि मौजूद रहे।

### विधायक कैड़ा ने सलड़ी में ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं

जनता दरबार में विधायक कैड़ा का स्वागत करते लोग। ● अमृत विचार

**भीमताल :** विधायक राम सिंह कैड़ा ने भीमताल के सलड़ी में जनता दरबार लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और मौके से ही अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। विधायक कैड़ा ने केंद्र व राज्य सरकार की ओर से चलाई गई योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। उन्होंने अधिकारियों को भी गांव के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने को कहा। उन्होंने जल संस्थान व जल निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन गांवों में जल जीवन मिशन में काम चल रहा है, उनमें गुणवत्ता के साथ पेयजल लाइनों का निर्माण किया जाए ताकि प्रत्येक ग्रामीण को इसका लाभ मिल सके। लोनिवि अधिकारियों को लंबित व बदतर मोटर मार्गों के निर्माण एवं डामरीकरण की डीपीआर तैयार कर शासन को भेजने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कैड़ा ने विश्रामलय, मंदिर, मार्ग निर्माण व अन्य विकास योजनाओं के लिए 3.80 लाख देने की घोषणा की। इस दौरान जिपं सदस्य अनिल चनौतिया, बीडीसी सदस्य गोपाल कृष्ण भट्ट, सीमा बोरा, बीडीओ केएन शर्मा आदि मौजूद रहे।

### नेचर गाइडों ने सौ रुपये बढ़ाया शुल्क

**रामनगर :** जिम कार्बेट पार्क की सफारी के लिए पर्यटकों को अब 100 रुपये अतिरिक्त भुगतान करने होंगे। सफारी के परमिट की दरों में वृद्धि के बाद बीती 12 मार्च से नेचर गाइडों का शुल्क भी 100 रुपये बढ़ाया गया है। जिम कार्बेट में सफारी के लिए नेचर गाइडों का शुल्क पिछले लंबे समय से 800 रुपये प्रति सफारी था। नए पर्यटन सत्र में सफारी के परमिट की दरों में वृद्धि के बाद नेचर गाइड भी अपना शुल्क बढ़ाने की मांग कर रहे थे। कार्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डॉ. धीरज पांडे ने बताया कि नेचर गाइडों का शुल्क अब 900 रुपये कर दिया गया है।

### एरियर का भुगतान नहीं होने से कर्मियों में रोष

**हल्द्वानी :** पेयजल तकनीकी फील्ड कर्मचारी संगठन की ओर से महाप्रबंधक को लिखे पत्र में बताया कि जुलाई से नवंबर 2023 का 4 फीसदी एरियर का भुगतान वर्तमान तक कर्मचारियों को नहीं किया गया है। वहीं मुख्यालय की ओर से एरियर का भुगतान कर दिया गया है। कर्मचारियों का एसीपी एरियर का भुगतान अभी तक मुख्यालय की ओर से नहीं किया गया है। प्रांतीय अध्यक्ष कुशल सिंह रावत ने बताया कि वाहन भत्ते का मुख्यालय से स्पष्ट आदेश नहीं होने से कर्मियों के वाहन भत्ते का लाभ शाखाओं एवं महाप्रबंधक कार्यालयों ने भुगतान नहीं किया है। इसके चलते कर्मियों में रोष पनप रहा है। आने वाले दिनों में भुगतान नहीं किया गया तो संगठन की ओर से रणनीति तैयार की जाएगी।

### डंपर हादसे में घायल युवक ने दम तोड़ा

चोरगलिया। बुधवार 13 मार्च को चोरगलिया मुख्य बाजार में डंपर के ब्रेक फेल होने के बाद हादसे में घायल दीवान सिंह (55) निवासी लाखनमंडी चोरगलिया का इलाज के दौरान शुक्रवार को निधन हो गया है।

### खुशालकोट गांव से सटे जंगल में लगी आग

गरमपानी : पर्वतीय क्षेत्रों में जंगलों के आग से खाक होने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। एक के बाद एक जंगल आग की चपेट में आकर राख होते जा रहे हैं। वन संपदा को भारी नुकसान पहुंच रहा है बावजूद जंगलों को आग से बचाने को ठोस उपाय नहीं किए जा रहे। ग्रीष्मकाल से पहले ही जंगलों में आग की घटनाओं से गांव के बाशिंदे भी चिंतित हैं। बीते रोज समीपवर्ती छाती गांव से सटा जंगल आग से राख होने के बाद अब खुशालकोट गांव के समीप स्थित जंगल आग की चपेट में आ गया। देखते ही देखते आग की लपटों ने विकराल रुप ले लिया।

# चुनाव के दौरान सोशल मीडिया पर रहेगी नजर

## आचार संहिता लगते ही विवादास्पद पोस्टों को हटवाया जाएगा, जुर्माना लगेगा और हो सकता है मुकदमा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** आचार संहिता लगने वाली है। पुलिस चुनाव के दौरान माहौल को पूरी तरह से साफ सुथरा रखने का प्रयास कर रही है। चुनाव के दौरान सोशल मीडिया भी अहम भूमिका निभा रहा है। इसे देखते हुए पुलिस ने चुनाव के दौरान सोशल मीडिया पर डाली जा रहीं पोस्टों पर विशेष नजर रखेगी। पुलिस का कहना है कि अगर इस दौरान कोई व्यक्ति अनर्गल पोस्ट डालेगा तो उस पर कार्रवाई की जाएगी।

सामान्य दिनों में भी पुलिस सोशल मीडिया पर डाली जाने वाली पोस्टों पर नजर बनाए रहती है। अगर किसी पोस्ट से कोई विवाद या उन्माद होता है तो उस पर कार्रवाई की जाती है। चुनाव के दौरान पुलिस की जिम्मेदारी और बढ़ गई है। चुनाव के समय धर्म, जाति, संप्रदाय आदि विषयों पर विवादास्पद पोस्टें चुनाव को भी प्रभावित कर सकती हैं। पुलिस का कहना है कि आचार संहिता के दौरान निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत पालन किया जाएगा और पुलिस साइबर अपनी भूमिका और भी पैना करेगा। पुलिस के अनुसार भड़काऊ पोस्ट डालने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई का प्रावधान है। कुछ मामलों में मुकदमा तक दर्ज किया जा सकता है।

लालकुआं में फ्लैग मार्च निकालती पुलिस। ● अमृत विचार

### पुलिस और अर्द्ध सैन्य बल ने निकाला फ्लैग मार्च

**हल्द्वानी :** लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस और अर्द्ध सैन्य बल ने फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान पूरी तरह से शांति व्यवस्था रही। मल्लीताल, काठगोदाम, मुखानी, कालाढूंगी, चोरगलिया क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। हल्द्वानी में मुख्य बाजार, कुसुमखेड़ा, गैस गोदाम चौराहा, गैस गोदाम रोड, आरटीओ रोड, ऊंचापुल, नारायणनगर रोड और काठगोदाम क्षेत्र में पुलिस और आईटीबीपी के जवानों की चहल कदमी रही। गौलापार में पूर्वी खेड़ा, देवला तल्ला पजाया, अंसारी कालोनी, तल्ला बागजाला व रामलाल कालोनी में जनता को निष्पक्ष और निर्भीक मतदान करने का संदेश देने के लिए फ्लैग मार्च किया।

### प्रत्याशी करवाते हैं सोशल मीडिया का गलत इस्तेमाल

**हल्द्वानी :** चुनाव प्रत्याशी स्वयं तो आचार संहिता की वजह से सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट नहीं डालते हैं लेकिन वह इसका इस्तेमाल करवाते हैं। माना जाता है कि अपने पक्ष में चुनावी माहौल बनाने के लिए प्रत्याशी इस तरह की पोस्टें डलवाते हैं। साथ ही कुछ लोग स्वयं लोग भावनाओं में बहकर भी सांप्रदायिक पोस्टें साझा करते हैं।

> सोशल मीडिया पोस्टों पर विशेष नजर रखी जा रही है। भड़काऊ पोस्ट डालने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। **-प्रहलाद नारायण मीणा, एसएसपी, नैनीताल**

# 92 वर्ष में भी वोट के लिए प्रेरित कर रहे जेई दत्त

संवाददाता भीमताल

**अमृत विचार :** ग्राम सभा बानना के तोक बासा के निवासी 92 वर्षीय जेई दत्त शर्मा उम्र के इस पड़ाव में भी दूसरों को वोट देने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। वह बताते हैं कि 21 साल की उम्र में पहली बार वोट देने भोर्सा गांव गए थे, तब बानना और भोर्सा एक गांव हुआ करते थे। तब से लगातार हर चुनाव में वोट देते आए हैं। उम्र के इस पड़ाव में भी स्वस्थ व चुस्त दुरुस्त हैं। जेईदत्त मात्र कक्षा चार तक पढ़े हैं।

जेई दत्त शर्मा

शिक्षक दीपक नौगाई ने बताया कि वे अक्सर विद्यालय आते हैं और अपने जीवन के अनुभव साझा करते हैं। उनका जन्म सितंबर 1932 में हुआ और 1943 में उन्होंने चौथी कक्षा उत्तीर्ण की। जेईदत बताते हैं कि तब बानना गांव में चौथी तक ही स्कूल हुआ करता था। अंग्रेजी नहीं पढ़ाई जाती थी। वार्षिक परीक्षा बोर्ड की होती थी जिसे देने जंगलियागांव जाना पड़ता था। उनकी कक्षा में चार ही लड़के थे तथा उस समय लड़कियों को पढ़ने नहीं भेजा जाता था। अंग्रेजी शासन काल को याद करते हुए वह बताते हैं कि गोरे साहब गांव वालों को अपना गुलाम समझते थे। उनसे जबरन सामान ढुलाया जाता था। मना करने पर मारपीट की जाती थी। जब कभी नैनीताल या भीमताल जाते थे तो सड़क पर अंग्रेजों की गाड़ी से आगे नहीं जाना होता था। जब देश आजाद हुआ तब 15 साल की उम्र थी। देश भर की तरह गांव में भी झंडा फहराकर आजादी का जश्न मनाया गया। सामाजिक सद्भाव पर बात करते हुए बताते हैं कि पहले लोगों में बहुत भाईचारा और प्रेम था। गांव के झगड़े बड़े बुजुर्ग ही सुलझा देते थे। शायद ही कभी पटवारी को बुलाया गया हो। पुलिस तो कभी देखी ही नहीं थी। जेईदत्त शर्मा जड़ी बूटियों के अच्छे जानकार हैं। छोटे बच्चों मे कमजोरी, पेट दर्द व चर्म रोगों की दवा लेने आज भी लोग हल्द्वानी, भीमताल, जंगलियागांव, पिनरो क्षेत्र से आते हैं।

# आचार संहिता में धरना जारी रखने की मांग उठाई

**कालाढूंगी, अमृत विचार:** ग्रामीणों ने आचार संहिता में नियमों के अनुसार धरना जारी रखने की अनुमति के लिए शुक्रवार को एसडीएम रेखा कोहाली को एक ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों को कालाढूंगी बार एसोसिएशन का भी समर्थन मिला है। अधिवक्ताओं ने कहा कि सरकार व अधिकारियों को ग्रामीणों की पीड़ा समझनी चाहिए।

सुरपुर चकलुवा में गांव के बीचों बीच एथेनॉल प्लांट लगाने के विरोध में जनप्रतिनिधियों ने भी अपनी नाराजगी जाहिर की। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में एथेनॉल प्लांट का निमार्ण कार्य चल रहा है, जिसका विरोध पिछले दो वर्षों से हो रहा है लेकिन शासन प्रशासन हमारी अनदेखी कर रहा है, कई बार ज्ञापन देने के बाद भी प्लांट का निमार्ण किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि एथेनॉल प्लांट का निर्माण मानकों के विरूद्ध किया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि जब तक मानकों की जांच नहीं होगी, धरना जारी रहेगा। इस दौरान पूर्व सांसद महेन्द्र पाल, पुष्कर बिष्ट, खीम सिंह बौरा, वीर सिंह, गोपाल बिष्ट, कमल जोशी, केशव दत्त बधानी, सुनील बुढलाकोटी, अली हुसैनी, त्रिभुवन कन्याल, तारा चंद्र, रवि दिगारी, धमेन्द्र जलाल, चरनजीत, अनिल वालिया, कुबेर जलाल, इन्द्र अटवाल आदि मौजूद रहे।

# नवनियुक्त कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** समाज कल्याण निदेशालय में नवनियुक्त कार्मिकों के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हो गया। समापन पर मुख्य वित्त नियंत्रक कमलेश भंडारी ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए।

देवलचौड़ बंदोबस्ती स्थित समाज कल्याण निदेशालय में तीन दिवसीय कार्यक्रम में सभी जिलों से पहुंचे नवनियुक्त सहायक लेखकार, वैयक्तिक सहायक और कनिष्ठ सहायकों को विभागीय योजनाओं, कार्यप्रणाली आदि के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान उप निदेशक व कार्यक्रम समन्वयक वासुदेव आर्य, सहायक निदेशक हेमलता पांडे, अर्थ एवं संख्याधिकारी आनंद जंगपांगी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी मोहन गिरी गोस्वामी मौजूद रहे।

# पूर्व विधायक रावत ने भाजपा पर बोला हमला

संवाददाता,रामनगर

**आरोप**

▸▸ **रणजीत रावत ने कहा-चारधाम प्रोजेक्ट का ठेका देकर भाजपा ने लिए 55 करोड़**

**अमृत विचार :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत ने भाजपा पर सीधा हमला बोला है। उन्होंने भाजपा पर हैदराबाद की कंपनी को सरकारी काम देने के बदले उससे इलेक्ट्रोल बांड लेकर भ्रष्टाचार करने का बड़ा आरोप लगा दिया है। इससे प्रदेश की राजनीति में गर्म होने के आसार दिखाई देने लगे है।

रणजीत रावत।

शुक्रवार को पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता के दौरान पूर्व विधायक रावत ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्ट्रोल बांड को असंवैधानिक बताया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर स्टेट बैंक आफ इंडिया से जो जानकारी मिली है, वह बड़े भ्रष्टाचार से राजफाश करती है। रावत ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाया कि वर्ष 2017 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड में चार धाम परियोजना की घोषणा की गई थी। 2017 में राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद आंध्र प्रदेश की कंपनी नवयुग इंजीनियरिंग को इसका ठेका दिया गया। बाद में इसी कंपनी को सरकार ने ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना का ठेका दिया। बदले में इस कंपनी ने अलग-अलग इलेक्टोरल बॉड के जरिये भाजपा को 55 करोड रुपए दिए हैं, जो खुला भ्रष्टाचार है।

# पोलिंग टीमों ने जाना- ईवीएम से ऐसे दिया जाता है वोट

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन की तैयारियां तेज हो गई हैं। पोलिंग पार्टियों को ईवीएम और वीवीपैट से वोटिंग वगैरह की तकनीकी जानकारी दी गई ताकि वोटिंग के समय बूथों पर कोई समस्या नहीं हो।

मास्टर ट्रेनर राजेंद्र पांडे ने शुक्रवार को एमबीपीजी कॉलेज सभागार में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय व तृतीय को ईवीएम एवं वीवीपैट संचालन का प्रशिक्षण दिया। ताकि लोकसभा चुनाव में मतदान निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न हो सके। उन्होंने प्रशिक्षण ले रहे कर्मचारियों को ईवीएम की सभी तकनीकी बारीकियां समझाईं और शंकाओं का समाधान किया। पांडे ने कर्मचारियों को ईवीएम को इंस्टाल एवं ऑपरेट करना, मॉक पोल, वोट कास्ट, पोल स्टार्टिंग, आयोग के दिशानिर्देशानुसार फॉरमेट भरना, ईवीएम सील, मतदान के दौरान किसी भी किस्म की खराबी होने पर ईवीएम को सही करने की जानकारी दी। इसके बाद उन्होंने मॉकपोल एवं वास्तविक मतदान के दौरान मशीनों के प्रतिस्थापन एवं ईवीएम से जुड़ी विभिन्न त्रुटियों के निराकरण के बारे में भी प्रशिक्षण दिया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी फिंचाराम चौहान ने बताया कि डीएम वंदना सिंह की अध्यक्षता में विभिन्न राजनैतिक दलों के साथ बैठक शनिवार को सायं पांच बजे बैठक होगी।

ईवीएम के बारे में जानते कर्मचारी। ● अमृत विचार

प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### भाजपा प्रत्याशी को चुनाव में 5 लाख वोटों से है जिताना

**हल्द्वानी :** बरेली रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल में शुक्रवार को लोकसभा चुनाव को लेकर लालकुआं विस कोर कमेटी व प्रबंधन समिति की बैठक हुई। इसमें प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी ने कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने के संकल्प के साथ ही चुनावी मैदान में उतरने को कहा। उन्होंने कहा लोकसभा में चुनाव में 5 लाख वोटों से भाजपा प्रत्याशी को विजयी बनाकर लोकसभा भेजना है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, लोकसभा प्रभारी बलवंत भौर्याल, विवेक सक्सेना मौजूद रहे।

# विधायक भगत ने संपर्क मार्ग का किया शिलान्यास

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने शुक्रवार को फतेहपुर गांधी आश्रम- इंटर कॉलेज लामाचौड़- कमलुवागांजा मुख्य मार्ग तक 4 किमी संपर्क मार्ग का शिलान्यास किया।

विधायक भगत ने कहा कि गांधी आश्रम से एबीएम पब्लिक स्कूल होते हुए राजकीय इंटर कॉलेज लामाचौड़ से कमलुवागांजा रोड को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग पर कई सरकारी एवं गैरसरकारी शिक्षण संस्थान हैं। इसके अलावा पीपल पोखरा, देवपुर कुरिया, जीतपुर निगल्टिया, पदमपुर निगल्टिया समेत कई गांवों तक पहुंचने के लिए महत्वपूर्ण सड़क होने से इस पर यातायात का अत्यधिक दबाव रहता है। उन्होंने कहा कि सड़क बदतर, खस्ताहाल होने की वजह से ग्रामीणों को परेशानी होती थी।

संपर्क मार्ग का शिलान्यास करते विधायक बंशीधर भगत। ● अमृत विचार

इसके लिए राज्य योजना के अंतर्गत 3.72 करोड़ से सड़क का शिलान्यास किया। इस दौरान धीरज पांडे, लाखन निगाल्टिया, प्रकाश पटवाल, मीना निगल्टिया, तरुण बिष्ट, हरीश बिष्ट, विनोद निगाल्टिया, गणेश शाह, त्रिवेणी ग्याल, थान सिंह, भुवन जोशी, गोविन्द बल्लभ भट्ट, कुंदन फतर्याल, रणजीत औलख, पंकज निगलटिया, जसविन्दर सिंह, प्रधान कमल पडलिया मौजूद रहे।

# जिला क्रीड़ा अधिकारी के पद खाली, खिलाड़ी परेशान

संवाददाता, हल्द्वानी

**हालात**

▸▸ **5 पदों पर ही जिला क्रीड़ा अधिकारियों की नियुक्ति**

**अमृत विचार:** वर्तमान समय में खेल विभाग के पास 6 जिला क्रीड़ा अधिकारियों के पद रिक्त चल रहे हैं, इनमें मैदानी इलाकों से मिलाकर पहाड़ी हिस्सों को अभी तक जिला क्रीड़ा अधिकारी नहीं मिल पाए हैं। यहां पर उप क्रीड़ा अधिकारियों से ही खेल विभाग को काम चलाना पड़ रहा है।

जिला क्रीड़ा अधिकारी के पद सबसे अधिक पहाड़ों पर रिक्त चल रहे हैं, यहां पर लंबे समय से अब तक जिला क्रीड़ा अधिकारियों की तैनाती नहीं हो पाई है। इसके चलते यहां का प्रभार उप क्रीड़ा अधिकारियों को दिया गया है। इसमें टिहरी गढ़वाल, पिथौरागढ़, रुद्रप्रयाग, उत्तरकाशी, हरिद्वार और ऊधम सिंह नगर में जिला क्रीड़ा अधिकारियों के पद रिक्त हैं। यहां पर जिला क्रीड़ा अधिकारियों की लंबे समय से नियुक्ति नहीं हो पाई है। वहीं प्रदेश में 13 जिला क्रीड़ा अधिकारियों के पद हैं, जिनमें से 1 पद पर आउट ऑफ टर्न प्रमोशन के लिए रिजर्व किया गया है, जबकि 5 पदों पर जिला क्रीड़ा अधिकारियों की नियुक्ति है वहीं अभी 6 पद रिक्त चल रहे है। इधर, सहायक खेल निदेशक राशिका सिद्दकी ने बताया कि रिक्त पदों को भरना शासन स्तर से तय किया जाएगा। इस बारे में अभी कोई अपडेट नहीं मिली है।

# कार सवारों ने युवतियों से की छेड़छाड़, चालक का सिर फोड़ा

## हाईवे पर देर रात की घटना, टेम्पो क्षतिग्रस्त कर बीच बचाव को आए राहगीर का तोड़ा हाथ, पुलिस ने हमलावरों की तलाश शुरू की

वारदात

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** गुरुवार की देर रात नैनीताल हाईवे पर उस वक्त चीख पुकार और अफरातफरी का माहौल पैदा हो गया, जब कार सवार युवकों ने शराब के नशे में टेम्पो सवार युवतियों से छेड़छाड़ शुरू कर दी। विरोध करने पर युवकों ने चालक के सिर पर बीयर की बोतल मारी और जख्मी कर दिया। शराबियों का तांडव समाप्त नहीं हुआ तो बीच बचाव करने आए एक राहगीर का भी हाथ तोड़ दिया और युवतियों से सरेराह हाथापाई की। पुलिस ने घटना की जानकारी ली और हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है।

नैनीताल हाईवे स्थित मॉल से काम समाप्त कर तीन युवतियां टेंपो पर सवार होकर घर के लिए निकलीं। इसी दौरान कार में सवार तीन से चार युवक नशे की हालत में युवतियों से छेड़छाड़ करने लगे और काफी दूर तक पीछा करना शुरू कर दिया। आरोप था कि जैसे ही टेंपो हाईवे स्थित एचडीएफसी बैंक के सामने पहुंचा। कार सवारों ने टेपों को पहले टक्कर मारी और टेंपो रोककर चालक जावेद से हाथापाई कर बीयर की बोतल सिर पर मार दी, जिससे चालक लहूलुहान हो गया और युवतियों से छेड़छाड़ शुरू कर दी। जब विरोध किया तो युवकों ने युवतियों से हाथापाई करनी शुरू कर दी। शराबी युवकों को तांडव देखकर वहां से गुजर रहे राहगीर अमन गुंबर ने बीच बचाव का प्रयास किया तो हमलावरों ने लोहे की राड मार कर उसका भी हाथ तोड़ दिया और टेपों को क्षतिग्रस्त कर दिया। भीड़ जुटने लगी तो हमलावर फरार हो गए। सूचना देने के काफी देर बाद पहुंचे आवास विकास चौकी प्रभारी अरविंद बहुगुणा ने घटना की जानकारी ली और कार सवारों की तलाश शुरू कर दी। शुक्रवार की सुबह अमन गुंबर ने चौकी पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

घटनास्थल पर लगी भीड़ से जानकारी लेते पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

बीच-बचाव में घायल अमन गुंबर।

### घटना के बाद खौफजदा दिखीं युवतियां

नैनीताल हाईवे पर कार सवार शराबियों द्वारा जिस प्रकार सरेराह युवतियों से छेड़छाड़ की और विरोध करने पर हाथापाई की वारदात को अंजाम दिया उससे पीड़िता खौफजदा दिखी। उनका कहना था कि नौकरीपेशा वाली युवतियां शहर में अब सुरक्षित नहीं दिख रही है। चौकी में आने के बाद भी तीनों युवतियां काफी देर तक सहमी और डरी हुई थी। परिजनों व लोगों के समझाने के बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी।

### एक किलोमीटर तक किया टेपों का पीछा

खाकी से बेखौफ कार सवार युवकों ने गुरुवार को वास्तव में कानून की धज्जियां उड़ा दी। स्थिति यह थी कि कार सवारों ने नैनीताल हाईवे से लेकर एचडीएफसी बैंक यानी एक किलोमीटर तक टेपों का पीछा किया। युवतियां पर छींटाकशी करते हुए आए और जब टैपों नहीं रुका तो टक्कर मार कर घटना को अंजाम दिया, जबकि घटनास्थल पर राहगीरों की आवाजाही रहती है। इससे साफ हो गया है कि शहर में पुलिस का खौफ अपराधियों या दबंगों के दिलों में नहीं रहा।

चालक से जानकारी लेते चौकी प्रभारी। ● अमृत विचार

### पुलिस के प्रति दिखा लोगों का रोष

गुरुवार रात साढ़े दस बजे से लेकर 11:15 तक कार सवार दबंग शराब पीकर तांडव मचाते रहे। इस बीच वहां मौजूद किसी युवक ने आवास विकास पुलिस चौकी को सूचित कर दिया था और यह भी बताया था कि यदि समय रहते पुलिस नहीं आई तो युवतियों के साथ अप्रिय घटना घटित हो सकती है। बावजूद पुलिस फोन पर ही आपस में मामला निपटाने का आदेश देती रही। बाद में दबाव पड़ने पर पुलिस ने घटना का मुआयना किया। पुलिस के ढुलमुल रवैये के प्रति घटनास्थल पर लोगों का रोष देखने को मिला।

### सीसीटीवी में हुई पूरी घटना रिकॉर्ड

देर रात हुई दुस्साहसिक वारदात सीसीटीवी कैमरों में कैद हो चुकी है। जिस जगह पर दबंगों ने अपना तांडव मचाया था उस स्थान पर बैंक के अलावा कई रेस्टोरेट हैं और सभी में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। यदि पुलिस चाहे तो सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से आसानी से हमलावरों तक पहुंच सकती थी। बावजूद अभी तक पुलिस ने कैमरों को खंगालने की जहमत तक नहीं उठाई।

नैनीताल हाईवे पर कार सवार शराबियों द्वारा तोड़फोड़, हाथापाई और युवतियों से छेड़छाड़ की घटना को गंभीरता से लिया गया है। पुलिस ने एक पीड़ित की तहरीर पर जांच शुरू कर दी और युवतियों द्वारा शिकायती पत्र पर भी कार्रवाई करेगी। पुलिस घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालने के बाद आरोपियों को गिरफ्तार करेगी। **-निहारिका तोमर**, सीओ सदर

# एक-दूसरे के खिलाफ थाने पहुंचे पति-पत्नी

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** एक महिला ने अपने पति व उसकी दूसरी पत्नी पर उसके व बच्चों के साथ मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। वहीं पति ने महिला के ऊपर कई आरोप लगाए हैं।

कुंडा थाना क्षेत्र के ग्राम श्याम नगर निवासी नाजमीन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 7 मार्च की करीब दोपहर एक बजे उसका पति जुल्फिकार अपने साथ चार दोस्तों को घर लेकर आया तथा शराब पीने लगा। जब उसने शराब पीने का विरोध किया तो उसके पति ने उसके साथ गाली-गलौच की। आरोप है कि उसके पति ने ब्लेड से वार भी किये। रोकने के प्रयास किया गया तो उसने महिला के बच्चों के साथ भी मारपीट की।

आरोप है कि 8 मार्च की सुबह उसका पति जुल्फिकार अपनी दूसरी पत्नी व उसके बच्चों के साथ पड़ोस की छत से घर में घुस आये और उसके पुत्र पर लोहे की राड़ व पाटल से हमला कर दिया तथा पुत्री के साथ मारपीट कर उसके साथ अश्लील हरकते कर उसे निर्वस्त्र कर दिया। चीख पुकार होने पर पड़ोसियों ने उन्हें बचाया। बाद में आरोपी घर में रखा लैपटॉप, कैमरा व पुत्र का आई फोन व उसके गले की चेन लेकर मौके से भाग गये।

उधर दूसरी तरफ जुल्फिकार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 2017 से ग्राम रामूवाला गणेश थाना ठाकुरद्वारा निवासी नाजमीन वर्ष 2017 से मकान उसके नाम करने व 20 लाख रुपये की नकदी की मांग करती आ रही है। आरोप लगाया कि 7 मार्च की शाम वह अपने दोस्तों के साथ घर पर बैठा हुआ था तो नाजमीन, हाशिम व होलिका मंदिर के पास ठाकुरद्वारा निवासी पुनीत के साथ कमरे में आयी और मकान व 20 लाख रुपये की मांग करते हुए गाली-गलौच की और मारपीट शुरू कर दी।

बाद में आरोपी 15 दिन के अंदर मांग पूरी न होने पर उसे झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देते हुए चले गये। पीड़ित ने आरोपियों से जान व माल का खतरा बताया है। पुलिस ने दोनों पक्षों तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

विवाद

- महिला ने पति व दूसरी पत्नी पर लगाया मारपीट का आरोप
- पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर केस दर्ज कर जांच शुरू की

भारत भूषण चुघ का स्वागत करते मंदिर कमेटी के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### मंदिर के अधूरे निर्माण कार्य पूरे होंगे

**रुद्रपुर।** भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ ने ट्रांजिट कैंप कृष्णा कॉलोनी के दुर्गा मंदिर में मंदिर कमेटी के लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। इस दौरान मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। मंदिर कमेटी के लोगों ने उन्हें बताया कि मंदिर में निर्माण के कुछ कार्य अधूरे हैं जिन्हें पूरा कराया जाना है। जिस पर चुघ ने आश्वस्त किया कि वह हरसंभव अधूरे निर्माण कार्यों को पूरा कराएंगे। इसके अलावा क्षेत्रीय लोगों ने भी अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। भाजपा नेता चुघ ने कहा कि राज्य और केंद्र में भाजपा की सरकार है और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य का चौमुखी विकास किया जा रहा है। ऐसे में कोई भी क्षेत्र विकास कार्य से अधूरा नहीं रहेगा। इस अवसर पर संजीव गुप्ता, कृष्ण पाल गंगवार, वीरेंद्र पाल राठौर, ज्वाला प्रसाद राठौर, हीरालाल राठौर, वेद प्रकाश राठौर, बॉबी गंगवार, वेद प्रकाश मौर्य, अजय पाल शर्मा, रामचरण लाल, अशरफी लाल मौर्या, रतनलाल कोहली, पप्पू लाल कोहली, नेत्रपाल राठौर समेत कई लोग मौजूद रहे।

# जिले के वायु प्रदूषण में अचानक इजाफा

चिंता

- धुलकणों की मात्रा बढ़ी, मार्च की शुरूआत में पीएम10 था 53.23, अब 120.30 पर पहुंचा
- पीसीबी काशीपुर में रोजाना मापता है वायु पूदषण को, विभाग ने जताई चिंता

राजू वर्मा, काशीपुर

**अमृत विचार :** ऊधमसिंह नगर जिले में वायु प्रदूषण का खतरा बढ़ गया है। मार्च की शुरूआत में पीएम10, 53.23 पर पहुंचा था, लेकिन अब धुलकणों की मात्रा पीएम10 120.30 पर पहुंच गया है। इससे जिले की आवोहवा और खराब होने की आशंका लगाई जा रही है। ऊधमसिंह नगर जिले में 1534 के करीब उद्योग हैं। किसी तरह का वायु प्रदूषण ना हो, इसके लिए पीसीबी लगातार मॉनिटरिंग करता है। लापरवाही पर नोटिस व जुर्माना तक लगाया जाता है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों ने बताया कि काशीपुर में सेंसर के जरिए वायु की शुद्धता का पता लगाया जाता है। इसके लिए जीजीआईसी में सीएएएमक्यूएस बनाया गया है। बताया कि वायु प्रदूषण की धुलकणों की मात्रा बढ़ोतरी हो रही है। रुद्रपुर में भी पीएम10, 84 के आस-पास पहुंचा है।

### पीएम10, 50 रहता है सबसे बेहतर

**काशीपुर।** सीएएएमक्यूएस के इंजीनियर भास्कर चंद्र जोशी ने बताया कि सेंटर में एयर क्वालिटी का पता लगाया जाता है। बताया कि 50 बेहतर एयर की क्वालिटी रहती है। 100 से अधिक मध्यम एयर की क्वालिटी रहती है।

### उद्योगों की रिन्युअल प्रक्रिया शुरू

**काशीपुर।** प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी नरेश गोस्वामी ने बताया कि जिले के उद्योग स्वामियों को नियमों के अनुसार रिन्युअल करना पड़ता है। बताया कि रेड स्तर के पांच साल, ओरेंज 10 साल और ग्रीन 15 सालों में रिन्युअल के लिए आवेदन करते हैं। इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी है।

जिले में काशीपुर में ही एयर क्वालिटी का रोजाना पता लगाया जाता है। इसके लिए जीजीआईसी में सेंटर बनाया गया है। गर्मी बढ़ने से हवा के धुलकणों की मात्रा में बढ़ोतरी हो रही है।
नरेश गोस्वामी, क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड काशीपुर।

### इतना बढ़ा वायु प्रदूषण

| दिनांक | पीएम 10 |
|---|---|
| दो मार्च | 53.23 |
| तीन मार्च | 68.92 |
| चार मार्च | 56.70 |
| पांच मार्च | 65.00 |
| छह मार्च | 78.56 |
| सात मार्च | 69.48 |
| आठ मार्च को | 60.08 |
| नौ मार्च | 86.33 |
| दस मार्च | 120.30 |

नोट-यह आंकड़े दस मार्च तक के ही हैं, सीएएएमक्यूएस ने पीसीबी को उपलब्ध कराया है।

# रिटायर्ड फौजी के बैग से 50 हजार उड़ाए

**काशीपुर।** रामनगर रोड स्थित एक बैंक में रुपये निकालने गये रिटायर्ड फौजी के बैग से किसी ने 50 हजार रुपये निकाल लिये। घर पहुंचने पर बैग देखने पर घटना की जानकारी हुई। गुरुवार को चामुंडा विहार निवासी रिटायर्ड फौजी महेश सिंह रामनगर रोड स्थित एक बैंक में किसी काम से 1.45 लाख रुपये निकालने गये थे। कैशियर द्वारा दिये रुपये को उन्होंने अपने बैग में रख लिया। जब वह घर पहुंचे तो देख बैग कटा हुआ और उसमें से 50 हजार रुपये गायब हैं। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को सौंपी है। वहीं बैंक के सीसीटीवी कैमरों में उनके पीछे लगी दो महिलाओं की गतिविधि भी संदिग्ध पाई गई हैं।कटोराताल चौकी प्रभारी विपुल जोशी ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है।

अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

आवश्यकता है
महिला फील्ड ऑफिसर, टीम लीडर, फील्ड वर्कर उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड के विभिन्न जनपदों में।
अपना बायोडाटा whatsapp करें- मो0- 7081974868

सूचना

मेरे सैन्य अभिलेखों में मेरी पुत्री का नाम चित्रा दर्ज हो गया है। जबकि मेरी पुत्री का सही व वास्तविक नाम आधार कार्ड के अनुसार चित्रा मेहरा (CHITRA MEHRA) है। अतः मेरे सैन्य अभिलेखों में मेरी पुत्री का नाम चित्रा मेहरा (CHITRA MEHRA) दर्ज कर दिया जाए। - **आर्मी नं. 4201915F हवलदार संजय सिंह पुत्र चन्दन सिंह, निवासी ग्राम मल्ला बर्धों, तहसील बेतालघाट, जिला-नैनीताल।**

# सभी वार्डों में कराये जा रहे हैं विकास कार्य

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** नगर निगम की ओर से ट्रांजिट कैंप स्थित श्मशान घाट में बड़े नाले और चारदीवारी निर्माण कार्य के साथ ही विभिन्न वार्डों में 10 नई सड़कों के निर्माण कार्य का निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता के साथ शुभारंभ किया।

शुक्रवार को कार्यक्रम के दौरान निवर्तमान मेयर ने कहा कि सभी वार्डों में बिना भेदभाव के विकास कार्य कराये जा रहे हैं। पांच वर्ष के कार्यकाल में उन्होंने जनता की हर उम्मीद पर खरा उतरने की कोशिश की है, उनके कार्यकाल में स्वीकृत कई निर्माण कार्य वर्तमान में जारी है। आचार संहिता लागू होने से पहले कई नये काम शुरू करा दिये गये हैं। इन निर्माण कार्यों के शुरू होने से हजारों लोगों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा का सबका साथ सबका विकास का नारा आज धरातल पर नजर आ रहा है। डबल इंजन की सरकार में रुद्रपुर नगर निगम ने विकास के नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। विकास का यह सिलसिला आगे भी चलता रहेगा।

नाले और सड़कों का शुभारंभ करते निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह। ● अमृत विचार

# चरस के साथ चालक को धरा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** थाना पंतनगर पुलिस ने अवैध चरस के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। बताया कि आरोपी सिडकुल इलाके में चरस की सप्लाई करने की फिराक में था।

सिडकुल चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि 14 मार्च की देर शाम सिडकुल इलाके में पुलिस टीम वाहनों की चेकिंग कर रही थी। अचानक कार संख्या यूके-04 सीबी-5832 का चालक पुलिस को देख भागने की कोशिश करने लगा। जिस पर पुलिस ने घेराबंदी कर चालक को दबोच लिया। तलाशी के दौरान पुलिस ने चालक सीट मैट के नीचे रखी 520 ग्राम चरस को बरामद किया। आरोपी ने अपना नाम मनीष कुमार निवासी तल्ला भैंसकोट नाचनी जिला पिथौरागढ़ बताया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह पेशे से कार चालक है और यात्री बुकिंग कर दिल्ली सहित कई स्थानों पर लेकर जाता है। इसी आड़ में वह चरस को दिल्ली ले जाकर बेचने की कोशिश कर रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

### स्मैक के साथ गिरफ्तार

**खटीमा।** एसआई अशोक कांडपाल और किशोर पंत उलधन क्षेत्र में गश्त पर थे। इसी दौरान उन्हें एक व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया जो पास आते ही पुलिस को देख वापस जाने लगा। जिस पर उसे रोककर पूछताछ की तो उसने अपना नाम नवल किशोर निवासी सुई पऊं पोस्ट गलचौड़ा, थाना लोहाघाट जिला चंपावत बताया। पुलिस ने उसके कब्जे से 4.02 ग्राम स्मैक बरामद की। पूछताछ में युवक ने बताया कि वह स्मैक खस्सीबाग निवासी सुबैग सिंह उर्फ जस्सी से खरीद कर लाया है। जिस पर पुलिस जस्सी के घर पहुंची तो वह मोटरसाइकिल लेकर फरार हो गया। जिसका पीछा करने पर वह बाइक छोड़कर जंगल की ओर गायब हो गया।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज -----5cmX4cm / 500
साइज -----6cmX4cm / 600
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 9837450888 काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

आयोजन | जीबी पंत विश्वविद्यालय में संयुक्त रूप से तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ

# नई तकनीकों को विकसित करने और अपनाने पर बल

संवाददाता, रुद्रपुर/पंतनगर

**अमृत विचार :** जीबी पंत विश्वविद्यालय में विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के आणविक जीव विज्ञान एवं आनुवंशिकी अभियांत्रिकी विभाग और हाई मीडिया कंपनी की ओर से संयुक्त रूप से तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया।

शुक्रवार को कार्यशाला में महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.संदीप अरोड़ा ने विद्यार्थियों के साथ कुलपति डॉ.मनमोहन सिंह चौहान ने श्री पी (पेटेंट, पब्लिकेशन एवं प्रोडक्ट) के संदेश को साझा किया। साथ ही पेटेंट, पब्लिकेशन एवं प्रोडक्ट को ध्यान में रखते हुए नई तकनीकों को विकसित करने एवं अपनाने पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि हाइड्रोपोनिक के महत्व पर प्रकाश डाला और विभिन्न शोधों के लिए आवश्यक अंग बताया। उन्होंने कहा कि कार्यशाला में प्रतिभागियों को शोध के लिए समन्वित परियोजनाएं बनाने में मदद मिलेगी। हाइड्रोपोनिक तकनीक प्रशिक्षण से विद्यार्थियों को खेती के नये आयामों से अवगत कराया जा रहा है। विशेषज्ञों ने इस कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को उच्चतम तकनीकों के माध्यम से खेती की मृदा रहित परियोजनाओं के लिये नवीन जानकारी दी गयी।

कार्यशाला में उपस्थित अधिकारी, विद्यार्थी एवं अन्य। ● अमृत विचार

# साड़ी की दुकान से आउटडोर एसी की चोरी में दो गिरफ्तार

**काशीपुर।** साड़ी की दुकान से आउटडोर एसी चोरी के आरोप में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। मेन बाजार निवासी अशोक शर्मा ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी दुकान मीनाक्षी साड़ीज के नाम से मेन मार्केट में श्री रामेश्वर धाम मंदिर के सामने स्थित है, 13 मार्च को कुछ लोग उसकी दुकान से आउटडोर एसी चुरा ले गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी।

अब घर बैठे आपके ज़ीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट - प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### संदिग्ध अवस्था में घूमते दो गिरफ्तार, चाकू बरामद

**बाजपुर।** पुलिस ने बाजार घाट की तरफ संदिग्ध अवस्था में घूम रहे दो लोगों को दबोच लिया, जिनके कब्जे से दो चाकू बरामद हुए हैं। सुल्तानपुर पट्टी पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अर्जुन गिरी की अगुवाई में टीम क्षेत्र भ्रमण पर थी। टीम ग्राम रामजीवनपुर से होते हुए चौकी की तरफ आ रही थी तो कोसी नदी के बाजार घाट के पास दो व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में आते हुए दिखाई दिए, जो पुलिस को आता देखकर नदी की तरफ भागने लगे, जिन्हें पुलिस कर्मियों ने कुछ दूरी पर घेराबंदी करके पकड़ लिया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम वार्ड नंबर-दो मोहल्ला गांधीनगर निवासी रिंकू उर्फ हनुमान पुत्र स्व .राजकुमार व मोहल्ला श्यामनगर निवासी इरफान पुत्र एहसान अली बताया। तलाशी में उनके पास से एक-एक चाकू बरामद हुए। आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर गिफ्तार कर लिया, जिन्हें कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेजने के आदेश दिए हैं।

### कार छोड़ भागा तस्कर

**काशीपुर।** पुलिस ने हरिद्वार-ऋषिकेश ड्राई एरिया में कार से ले जा रही अवैध शराब को पकड़ा। जबकि कार चालक कार छोड़ मौके से फरार हो गया। कुंडा थाना पुलिस ने गश्त के दौरान हाईवे पर टोल प्लाजा जगतपुर पट्टी के पास चेकिंग की। इस दौरान एक संदिग्ध कार को पुलिस ने रुकने का इशारा किया, तो कार चालक कार को साइड में लगाकर फरार हो गया। कार की तलाशी लेने पर पुलिस को उसमें से 210 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। आरोपी की पहचान ग्राम मुकुन्दपुर निवासी त्रिलोक सिंह उर्फ राजू के रूप में हुई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### युवक को चाकू सहित किया गिरफ्तार

**काशीपुर।** कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक नाजायज चाकू बरामद किया है। पुलिस ने एसआरएफ फैक्ट्री के ठीक सामने नीझड़ा रोड से गड्डा कालोनी निवासी सूरज यादव को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक नाजायज चाकू बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी का आर्म्स एक्ट में चालान किया है।

### वारंटी को किया कोर्ट में पेश

**काशीपुर।** आईटीआई थाना पुलिस ने कोर्ट से जारी वारंट के आधार पर आबकारी अधिनियम के वांछित को गिरफ्तार किया है। आबकारी अधिनियम के वांछित सुल्तानपुर पट्टी टांडा बंजारा थाना बाजपुर निवासी सचिन पुत्र राकेश निवासी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी का चालान कर कोर्ट में पेश किया है।

जसपुर में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

जसपुर में लाभार्थी सम्मान समारोह में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

# सीएम ने किया 28.20 करोड़ के कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास

## बोले धामी : किसानों के हित में इस वर्ष गन्ना मूल्य में की गई 20 रुपये प्रति कुंतल की वृद्धि, समाज के हर वर्ग को उपलब्ध कराया जा रहा योजनाओं का लाभ

सम्मान समारोह

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शुक्रवार को कृषि उत्पादन मण्डी समिति में आयोजित लाभार्थी सम्मान समारोह में शामिल हुए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने 28.20 करोड़ की 7 विकास योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया।

इनमें 1.51 करोड़ रुपए से नगर पालिका परिषद, जसपुर के मुख्यालय के नए भवन का निर्माण, 1.41 करोड़ की लागत से विधानसभा क्षेत्र खटीमा के अंतर्गत बनखण्डी मन्दिर, चकरपुर के सौंदर्यीकरण का कार्य, 10 करोड़ से नादेही चीनी मिल के बॉयलरों का अपग्रेडेशन का कार्य, 82.67 लाख रुपए से जसपुर के ग्राम हल्दुवासाहू में हिडिम्बा देवी मंदिर का सौंदर्यीकरण, 77 लाख रुपए से जसपुर में एनएच 74 (पुराना) के किमी 131 से जसपुर धामपुर मार्ग के किमी 1 को जोड़ने वाले क्षतिग्रस्त मार्ग का पुनः निर्माण एवं सुधारीकरण का कार्य तथा 12 करोड़ किच्छा चीनी मिल के लघु आधुनिकीकरण, 1.69 करोड़ की लागत से जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल निर्माण कार्य का लोकार्पण का कार्य शामिल है। मुख्यमंत्री ने जसपुर के डाम क्षेत्र के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के उच्चीकरण एवं जसपुर के अधिवक्ताओं के लिए चेम्बर के निर्माण की घोषणा की। इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने आयुष विभाग, समाज कल्याण विभाग, पर्यटन विभाग एवं उद्योग विभाग के द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का भी निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी का उत्साह बता रहा है कि राज्य सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों का लाभ आप तक पहुंच रहा है। हमारी सरकार ने युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक एवं माताओं-बहनों से लेकर बच्चों तक, हर वर्ग के लिए कल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी विभागों में रिक्त पदों पर लगातार भर्ती की जा रही है। इसके साथ ही विभिन्न रोजगार मेलों के जरिए युवाओं को रोजगार दिलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2021-22 में बेरोजगारी दर 8.4 प्रतिशत थी जोकि वर्ष 2022-23 में घट कर 4.9 प्रतिशत ही रह गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार महिला सशक्तिकरण पर पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण देने के साथ ही मुख्यमंत्री नारी सशक्तिकरण योजना, लखपति दीदी योजना और मुख्यमंत्री आंचल अमृत योजना सहित अनेक योजनाएं महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बना रही हैं। कहा कि पहले बुजुर्गों में पति या पत्नी में से किसी एक को ही वृद्धा पेंशन मिलती थी लेकिन हमने पति-पत्नी दोनों को वृद्धा पेंशन देने की शुरुआत कर दी है। साथ ही 1200 रुपये प्रति माह के पेंशन को बढ़ाकर 1500 रुपए प्रति महीने कर दिया है।

सीएम धामी ने कहा कि प्रदेश में समान नागरिक संहिता, नकल विरोधी कानून, धर्मांतरण कानून, लैंड जिहाद पर कार्यवाही, दंगारोधी कानून बनाने का निर्णय प्रदेश हित में लिया गया। सिल्क्यारा टनल को सफल ऑपरेशन, इन्वेस्टर्स समिट का सफल आयोजन सभी के प्रयासों से सफलतापूर्वक हो पाया है।

केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्यमंत्री अजय भट्ट ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने यूसीसी लागू कर राज्य को आगे पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री को बधाई व शुभकामनाएं दीं।

जसपुर में आयोजित सम्मान समारोह में लाभार्थियों को चेक सौंपते सीएम पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

जसपुर में लाभार्थी सम्मान समारोह के दौरान लोगों से मुलाकात करते सीएम पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

### चीनी मिल के ब्वायलरों के अपग्रेडेशन का भी शिलान्यास

मुख्यमंत्री ने कहा कि जसपुर में बड़ी संख्या में किसान गन्ने की खेती करते हैं। आप सभी किसानों की आर्थिक समृद्धि के लिए हमारी सरकार ने इस वर्ष गन्ने रेट में 20 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की है। आज मैंने यहां की चीनी मिल में ब्वायलरों के अपग्रेडेशन का भी शिलान्यास किया है। इससे गन्ना किसानों को भी निश्चित रूप लाभ होगा। उन्होंने कहा कि दो दिन पहले ही हमने किसानों के कल्याण को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। हमारी सरकार ने नहर के पानी को किसानों के लिए टैक्स फ्री कर दिया है। अब नहर से सिंचाई करने वाले किसानों को कोई शुल्क नहीं देना पड़ेगा। सभी किसान मुफ्त में नहर से सिंचाई करेंगे।

### प्रधानमंत्री मोदी का है देवभूमि से विशेष लगाव

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि हम प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बना रहे हैं। पूरे प्रदेश में स्कूल, कॉलेज, सड़क, अस्पताल, जल परियोजनाएं एवं बिजली परियोजनाओं सहित अनेक परियोजनाओं पर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विगत 2 महीने में ही राज्य सरकार ने 18000 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का देवभूमि से विशेष लगाव है। सरकार उत्तराखंड में सड़क, रेल, पेयजल और धार्मिक स्थलों के विकास में केंद्र सरकार कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन और सहयोग से हमारी राज्य सरकार उत्तराखंड को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है।

### लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री धामी का जताया आभार

मुख्यमंत्री धामी ने जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित होने वाले लाभार्थियों में से अकलिमा, महबूब जहां (प्रधानमंत्री आवास योजना की लाभार्थी) तथा स्वयं सहायता समूह की कोमल से वार्ता की। वार्ता के दौरान लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया। इसी क्रम में ग्राम्य विकास समूह के लाभार्थियों को 17 करोड़ 24 लाख रुपये, सहकारिता विभाग के लाभार्थियों को 13 करोड़ 92 लाख तथा स्वास्थ्य विभाग के 3आयुष्मान कार्ड, खाद्य विभाग के 2 लाभार्थियों को उज्ज्वला किट वितरित किए गए। गढ़ी नेगी को नगर पंचायत एवं कालाढूंगी को नगर पालिका बनाने तथा जसपुर के हिडम्बा मन्दिर के सौंदर्यीकरण के लिए मन्दिर समिति के सदस्यों व क्षेत्रीयवासियों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

### यह लोग रहे कार्यक्रम में मौजूद

कार्यक्रम में विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, अरविंद पाण्डे, अध्यक्ष अनुसूचित जाति आयोग मुकेश कुमार, दर्जा राज्यमंत्री अनिल कपूर (डब्बू), विनय रूहेला, राम मेहरोत्रा, जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, निवर्तमान मेयर काशीपुर ऊषा चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा खिलेन्द्र चौधरी, गुरविंदर सिंह चंडोक, पूर्व विधायक शैलेंद्र मोहन सिंघल, जिलाधिकारी उदय राज सिंह, एसएसपी मंजुनाथ टीसी, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, एडीएम अशोक जोशी, पंकज उपाध्याय, एएसपी मनोज कत्याल, अभय प्रताप सिंह, उपजिलाधिकारी राकेश तिवारी, अभय प्रताप सिंह, गौरव चटवाल, गौरव पाण्डे, नगर आयुक्त विवेक राय आदि उपस्थित रहे।

# परीक्षा देकर लौट रहे हाईस्कूल के तीन छात्रों पर कातिलाना हमला

दुस्साहस

- हमलावर छात्रों ने किया धारदार हथियार का प्रयोग
- घायलों को जिला अस्पताल में कराया भर्ती

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** बाजार चौकी इलाके में हाईस्कूल का पेपर देकर लौट रहे छात्रों पर दूसरे छात्रों के गुट ने कातिलाना हमला कर तीन छात्रों को गंभीर रूप से घायल कर दिया, जबकि दो छात्र उपचार कराने के बाद घर चल गए है। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और घायल छात्र के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

हमले में घायल स्कूली छात्र। ● अमृत विचार

> आर्या इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र के बाहर हुए हमले की पुलिस जांच कर रही है। घटना की सीसीटीवी फुटेज वायरल होने के बाद हमलावरों को पुलिस चिह्नित कर रही है। जल्द ही घायलों की तहरीर आने पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करेगी और विद्यालय को भी छात्रों के कृत्य की जानकारी देगी।
> -**धीरेंद्र कुमार**, कोतवाल, रुद्रपुर

बताते चलें कि गंगापुर रोड स्थित एक विद्यालय के हाईस्कूल के छात्र कौशल्या एन्क्लेव फेज दो निवासी शिवम राजपूत, तीन पानी डाम फुलसुंगा निवासी सौरभ कुमार राजपूत, शिमला बहादुर निवासी सौरभ कुमार राजपूत और शिमला बहादुर निवासी दिनेश कुमार का बाजार चौकी स्थित आर्य इंटर कॉलेज में परीक्षा केंद्र पड़ा था। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की सुबह 10 बजे से एक बजे तक तीनों छात्र परीक्षा केंद्र से परीक्षा देकर दोस्तों के साथ वापस घर लौट रहे थे। अचानक दूसरे विद्यालय के सात से आठ छात्रों ने घेर लिया और धारदार हथियार, बेल्ट और लोहे के कड़े से हमला शुरू कर दिया। छात्रों पर हमले के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। हमले में शिवम, सौरभ और दीपेश गंभीर रूप से घायल हो गए और अन्य दो दोस्त चोटिल हो गए।

घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया। बच्चों पर हमले की खबर मिलते ही अभिभावक और विद्यालय प्रबंधन भी मौके पर पहुंच गए और घटना की सूचना पुलिस को दी। इस दौरान घायल दीपेश के पिता ओमप्रकाश पाल ने बाजार चौकी प्रभारी को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। उधर चौकी प्रभारी विजय कुमार ने बताया कि पुलिस घटना की जानकारी कर रही है। जल्द ही मुकदमा दर्ज कर हमलावर छात्रों की गिरफ्तारी की जाएगी।

### छात्रों पर हमले की वीडियो वायरल

**रुद्रपुर।** हाईस्कूल की परीक्षा देकर वापस लौट रहे छात्रों पर हमले की वीडियो वायरल हो गई। वीडियो में सात से आठ छात्र तीनों छात्रों को घेर कर बेरहमी से पीटते दिख रहे हैं। वहीं छात्र अपने को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। छात्रों पर दिनदहाड़े हमले से पुलिस की कार्यशैली और दबंग छात्रों में पुलिस का कोई खौफ नजर नहीं आ रहा है, जबकि गुरुवार की देर रात भी युवतियों से हाथापाई का वीडियो वायरल चर्चा का विषय बना हुआ है।

### नहीं दिखा कोई भी पुलिसकर्मी

**रुद्रपुर।** काशीपुर बाईपास मार्ग पर अक्सर पुलिस की आवाजाही देखने को मिलती है। मगर शुक्रवार की दोपहर को परीक्षा केंद्र के बाहर कोई भी पुलिसकर्मी तैनात नहीं था। बताया जा रहा है कि जसपुर में सीएम कार्यक्रम को लेकर शहर में पुलिस बल की कमी थी। जिसका फायदा हमलावर छात्रों ने उठाया। आशंका है कि हमलावर कई दिनों से मारपीट की योजना बना चुके थे। मगर पुलिसकर्मी तैनात नहीं होने की वजह से शुक्रवार को मारपीट की घटना को अंजाम दे दिया होगा।

# चेक बाउंस में सजा और 7.60 लाख का जुर्माना

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** एक ही परिवार के तीन सदस्यों को उमरा के लिए भेजने का वादा कर टूर ट्रेवल्स संचालक ने 9 लाख रुपए हड़प लिये। तकादा करने पर उसने सात लाख का चेक दिया, जो बाउंस हो गया। कोर्ट ने चेक बाउंस के आरोप में ट्रेवल्स संचालक को चार माह के कारावास और 7.60 लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

मोहल्ला काजीबाग निवासी मोहम्मद उमर पुत्र पीरबख्श ने अधिवक्ता धर्मेंद्र तुली के माध्यम से कोर्ट में परिवाद प्रस्तुत किया था। जिसके अनुसार उसने परिवार के तीन सदस्यों को उमरा टूर के लिए ज्वालापुर, हरिद्वार की एमएस इंटरप्राइजेज के शौकीन अहमद पुत्र तहसीन से संपर्क किया था। उसने शौकीन के खाते में 9 लाख रुपये अप्रैल से जून 2018 के बीच आरटीजीएस के द्वारा स्थानांतरित किए, लेकिन शौकीन ने न तो उनके टिकट व वीजा आदि का इंतजाम किया और न ही रकम वापस की। बार-बार तकादा करने पर उसने 1 सितंबर, 2018 को अपने ज्वालापुर, हरिद्वार स्थित बैंक के खाते का चेक दिया और शेष दो लाख की रकम बाद में देने को कहा। चेक खाते में लगाने पर बाउंस हो गया।

# पुलभट्टा पुलिस लगातार कर रही नशा तस्करों पर बड़ी कार्रवाई

राजेंद्र सहगल "राजू", किच्छा

**अमृत विचार:** नशे के अवैध कारोबार में लिप्त आरोपी बलाका सिंह एवं लवजीत सिंह शातिर किस्म के नशा तस्कर हैं। पुलिस को चकमा देने के लिए उनके द्वारा कैंटर ट्रक में कागज का कबाड़ भरकर उसके बीच डोडा तथा अफीम को छुपा दिया था, ताकि किसी को भी नशा सामग्री की भनक न लग सके, लेकिन पुलभट्टा थाना अध्यक्ष कमलेश भट्ट की मुखबिरी के चलते नशा तस्करों के मंसूबे फेल हो गए और दोनों आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ गए।

नशा तस्करों की गिरफ्तारी के साथ-साथ पुलिस ने करीब एक करोड़ से अधिक कीमत की नशा सामग्री भी बरामद कर नशा तस्करों की कमर तोड़ने का सराहनीय कार्य किया है। इससे पूर्व भी नशा तस्करों की चेन को तोड़ते हुए कई आरोपियों को पुलभट्टा पुलिस जेल भेज चुकी है तथा कई नशा तस्करों द्वारा अवैध कारोबार से अर्जित की गई चल अचल संपत्ति को भी कब्जे में लिया गया है।

### एसएसपी ने की प्रोत्साहन राशि की घोषणा

पुलभट्टा थाना पुलिस एवं एसटीएफ की टीम द्वारा भारी मात्रा में नशा सामग्री बरामद किए जाने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी ने पुलिस टीम का उत्साहवर्धन करते हुए दो हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दिए जाने की घोषणा की है। पुलभट्टा पुलिस द्वारा पूर्व में भी करोड़ों रुपए कीमत की नशा सामग्री बरामद कर नशे के अवैध कारोबारियों को जेल भेजने का कार्य किया गया है। इस दौरान टीम में एसटीएफ क्षेत्राधिकारी बीएस चौहान, पुलभट्टा थाना अध्यक्ष कमलेश भट्ट, उप निरीक्षक धीरज वर्मा, उप निरीक्षक सुरेश पसबोला, हेड कांस्टेबल फिरोज खान, हेड कांस्टेबल धर्मवीर सिंह, पुलिस कर्मी दीपक बिष्ट, कांस्टेबल महेंद्र सिंह। एसटीएफ टीम के निरीक्षक एमपी सिंह, निरीक्षक अरुण कुमार, उप निरीक्षक के जी मठपाल, उप निरीक्षक बृजभूषण गुरुरानी, एएसआई प्रकाश भगत, हेड कांस्टेबल गोविंद सिंह एवं रियाज अख्तर, हेड कांस्टेबल महेंद्र गिरी एवं किशोर कुमार, हेड कांस्टेबल दुर्गा सिंह पापड़ा, मोहित वर्मा, गुरवंत सिंह, दीपक भट्ट, जगपाल सिंह, रविंद्र बिष्ट आदि शामिल रहे।

## बैंक मैनेजर के घर हुई चोरी में मुकदमा दर्ज

**रुद्रपुर।** थाना ट्रांजिट कैंप में हुई बैंक मैनेजर के घर चोरी प्रकरण में पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। ओएसिस सिटी कॉलोनी निवासी सेवानिवृत्त कंपनी प्रबंधक सुधीर शर्मा ने बताया कि उनका बड़ा बेटा दिल्ली स्थित एक बैंक में प्रबंधक है, जिसकी शादी की तैयारियों के लिए गाजियाबाद गए हुए थे, 13 मार्च की सुबह पड़ोसियों का फोन आया और बताया कि चोरों ने घर का ताला तोड़कर चोरी की है। वापस आने पर पता चला कि चोरों ने घर के अंदर से आठ चांदी की छोटी कटोरी, दो चांदी की बड़ी कटोरी, आठ चांदी के गिलास, एक पायल और 47000 रुपये चोरी कर लिए हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश तेज कर दी है।

तैयारी | 18 मार्च से गांधी हॉल पंतनगर में होगा पहला प्रशिक्षण, जिला निर्वाचन कार्यालय ने सूची की तैयार

# यूएसनगर में 7660 कार्मिकों की लगेगी चुनाव ड्यूटी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए इस बार ऊधमसिंह नगर जनपद में 7660 कार्मिकों की ड्यूटी लगाई जाएगी। इसमें पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, मतदान अधिकारी द्वितीय और मतदान अधिकारी तृतीय शामिल हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय ने ड्यूटी के लिए सभी कार्मिकों की सूची तैयार कर ली है।

जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार जिले में जिन कार्मिकों की लोकसभा चुनाव के लिए ड्यूटी लगायी गयी है। उनका पहला प्रशिक्षण 18 मार्च से 21 मार्च तक गांधी हाल पंतनगर में आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि ड्यूटी में तैनात कार्मिकों में पीठासीन अधिकारियों की संख्या 1915 है। इसी तरह मतदान अधिकारी प्रथम की संख्या 1915, मतदान अधिकारी द्वितीय की संख्या 1915 और मतदान अधिकारी तृतीय की संख्या भी 1915 है। जिला निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों के अनुसार चुनाव के दौरान जिन कार्मिकों की ड्यूटी लगायी जा रही है इसमें रिजर्व में रखे गये कार्मिक भी शामिल हैं। सभी को एक साथ प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें कार्मिकों को चुनाव के दौरान वाली गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद सभी कार्मिक बूथों पर तैनात रखकर मतदान प्रक्रिया संपन्न कराएंगे।

लोकसभा चुनाव

- ड्यूटी के लिए सभी कार्मिकों की सूची तैयार की

### गदरपुर में पहली बार बनेगा सहायक बूथ

ऊधमसिंह नगर जनपद में लोकसभा चुनाव के लिए 1464 पोलिंग बूथ बनाये गये हैं। लेकिन इस बार राजकीय प्राथमिक विद्यालय जयनगर नंबर तीन में मतदाताओं की संख्या 1500 से अधिक होने पर एक सहायक बूथ भी बनाया जा रहा है। यह बूथ इसी पोलिंग केंद्र पर बनाया जाएगा, हालांकि मतदान के बाद यहां पड़े मतों की गणना एक साथ होगी।

> लोकसभा चुनाव के लिए 7660 कार्मिकों की सूची तैयार कर ली गयी है। इन सभी कार्मिकों को 18 से 21 मार्च तक पहले चरण का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा इस बार गदरपुर में मतदाताओं की संख्या 1500 से अधिक होने पर एक सहायक बूथ भी बनाया जा रहा है।
> -**विजय तिवारी**, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, ऊधमसिंह नगर

## एक नजर

### सुल्तानपुर पट्टी में निकाला फ्लैग मार्च

**सुल्तानपुर पट्टी।** आगामी लोकसभा चुनाव व त्योहारों को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने एसएसबी के जवानों के साथ नगर में फ्लैग मार्च निकाल शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की। चौकी इंचार्ज अर्जुन गिरी गोस्वामी भी फ्लैग मार्च में शामिल रहे। चौकी इंचार्ज ने बताया कि चुनाव व त्योहारों को देखते हुए नगर में फ्लैग मार्च निकाला गया है जिसके लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अराजकता एवं शांति व्यवस्था भंग नहीं होने दी जाएगी। जिस किसी ने भी माहौल खराब करने की कोशिश की तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

### एनएसयूआई ने सीएम को सौंपा ज्ञापन

**जसपुर।** एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने अध्यक्ष अमित सिंह के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा, जिसमें कहा गया कि उत्तराखंड में 640 से अधिक स्कूल बंद किए जा रहे हैं, ऐसा नहीं किया जाना चाहिए। सरकारी स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति घटने का कारण स्कूल में सही व्यवस्था ना होना है। यदि सरकारी स्कूल बंद होते हैं तो गरीब बच्चों का शिक्षा लेना मुश्किल को जाएगा तथा प्राइवेट स्कूलों की फीस इतनी ज्यादा है कि गरीब बच्चे प्राइवेट स्कूलों में नहीं पढ़ पाएंगे। मांग की गई कि स्कूलों को बन्द ना करके उनमें शिक्षा व्यवस्था सुधार कर सुविधा देकर गरीब बच्चों को पढ़ाया जाए, जिससे कोई गरीब परिवार का बच्चा शिक्षा से न छूटे।

# स्टोन क्रशर मालिकों के खिलाफ प्रदर्शन, लगाया जाम

## पांच घंटे तक चला धरना, विधायक बेहड़ भी समर्थकों के साथ हुए शामिल, क्रशर स्वामियों पर सड़क की मरम्मत न कराने समेत कई आरोप

संवाददाता, शांतिपुरी

**अमृत विचार :** स्टोन क्रशर स्वामियों के खिलाफ शुक्रवार को ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर धरना दिया।

आनंदपुर स्थित स्टोन स्वामियों पर आरोप है कि वह सड़क की मरम्मत नहीं करा रहे हैं। चोरी का माल सस्ते में खरीदकर नदी में पंजीकृत वाहन स्वामियों को कम रेट दिया जा रहा है। इससे नाराज क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ भी प्रदर्शन में शामिल हुए। ग्राम आनंदपुर स्थित मुख्य सड़क पर ग्रामीणों व समर्थकों के साथ करीब पांच घंटे तक धरना प्रदर्शन कर जाम लगाया। विधायक बेहड़ ने स्टोन स्वामियों पर आरोप लगाया कि वह बड़ी मात्रा में अवैध ओवरलोड उपखनिज की खरीद सस्ते में कर रहे हैं।

जिन वाहनों के कारण आनंदपुर स्थित स्टोन क्रेशरों को जाने वाली सड़क किच्छा-हल्द्वानी मुख्य मार्ग से करीब एक किलोमीटर अंदर तक टूट कर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। तो वहीं सस्ते में चोरी का माल डंप कर रहे स्टोन क्रेशर स्वामी नदी में सरकारी गेटों पर पंजीकृत वाहन स्वामियों को उनकी मेहनत का उचित रेट नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि हजारों की संख्या में सड़क पर गुजरने वाले ओवरलोड अवैध खनन वाहनों से उड़ने वाली धूल-गर्द ने ग्रामीणों का जीना मुहाल कर रखा है। क्षतिग्रस्त सड़क पर धरना देते हुए विधायक बेहड़ ने कहा कि जब तक उक्त मार्ग की मरम्मत करने तथा नियमित पानी छिड़काव करने का लिखित आश्वासन किसी सक्षम अधिकारी की मध्यस्तता में नहीं मिल जाता वह धरना समाप्त नहीं करेंगे।

**यह गांव हो रहे प्रभावित:** क्षतिग्रस्त मार्ग एवं धूल गर्द से ग्राम आनंदपुर, राघव नगर, कनकपुर, इंदरपुर, महाराजपुर, प्रतापपुर, नारायणपुर, कोठा, लाहोरी अदि गांव प्रभावित हो रहे हैं।

शुक्रवार को धरना स्थल पर एसडीएम मनीष बिष्ट व स्टोन स्वामियों से वार्ता करते विधायक तिलक राज बेहड़। ● अमृत विचार

ग्राम आनंदपुर में धरने के बाद सड़क पर लगा लंबा जाम। ● अमृत विचार

### ढाई किलोमीटर तक लंबा जाम लगा

धरना स्थल के दोनों ओर करीब दो से ढाई किलामीटर तक लंबा जाम लगने से राहगीरों, स्कूली बच्चों व ड्यूटी से आने वाले कर्मचारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। जिसके बाद दोपहर करीब दो बजे एसडीएम रुद्रपुर मनीश बिष्ट व लोकनिर्माण विभाग के सहायक अभियंता गोबिन्द बल्लभ भट्ट ने धरना स्थल पर आकर आनंदपुर स्थित गोला स्टोन, शुभम स्टोन, तराई स्टोन, नैनीताल स्टोन व गुरु नानक स्टोन क्रेशरों के मालिकों से वार्ता कर उनसे एक सप्ताह के भीतर क्षतिग्रस्त सड़क को ठीक कराने, नियमित पानी का छिड़काव करने तथा चोरी का माल खरीदना बंद करने के लिखित आस्वाशन पर धरना समाप्त कर जाम खोल दिया। जाते-जाते विधायक बेहड़ ने जिला प्रशासन व स्टोन मालिकों को चेतावनी दी कि अगर एक सप्ताह के भीतर सड़क ठीक नहीं की गयी तो वह पुन: इसी स्थान पर धरना प्रदर्शन करेंगे। धरना-प्रदर्शन में मौजूद पूर्व जिलापंचायत सदस्य विनोद कोरंगा, राजेश प्रताप सिंह, गुड्डू तिवारी, बिशन सिंह कोरंगा, राजकुमार पांडे, ओमप्रकाश दुआ, उमेश प्रधान, धर्मेंद्र मिगलानी, रमेश, बबलू चौधरी, नितिन, रवि कुशवाहा, विपिन, दिलीप सिंह, सुनीता कश्यप, राजेश प्रताप सिंह, अशरफ, एन उल हक, लियाकत, जितेंद्र पांडे, राजकुमार पांडे, गुलशन सिंधी, हेम शूंठा व पुलिस के लोग मौजूद रहे।

### कई क्षेत्रों के ग्रामीणों की अनदेखी

**किच्छा।** लोक निर्माण विभाग एवं प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ ने समर्थकों के साथ धरना प्रदर्शन कर सड़क निर्माण की मांग की। विधायक बेहड़ ने कहा कि आनंदपुर, प्रतापपुर, नारायणपुर, रामेश्वरपुर क्षेत्र के ग्रामीणों के साथ प्रशासन द्वारा अनदेखी की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि नैनीताल नेचुरल एंड एसोसिएट स्टोन क्रेशर के सामने से होकर गुजरने वाली सड़क पर भारी वाहनों के ओवरलोडिंग के कारण सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है जिसके लिए पूरी तरह से जिला प्रशासन और लोक निर्माण विभाग जिम्मेदार है। ओवरलोडिंग को तत्काल समाप्त कर इस पर रोक लगाई जानी चाहिए।

क्षतिग्रस्त सड़क को जल्द से जल्द ठीक कराने के लिए संबंधित स्टोन मालिकों से लिखित में लेने के साथ ही पुलिस व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को इसकी मौनिटरिंग कर जल्द रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं।
**- मनीष बिष्ट** एसडीएम रुद्रपुर।

## ससुराल वालों पर बहन की हत्या करने का आरोप

**बाजपुर।** बहन के पति समेत परिवार के तीन सदस्यों पर बहन की हत्या करने का आरोप लगाया है जिसमें पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर तीनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वार्ड नंबर-6/9 गदरपुर निवासी मोबिन अली पुत्र जलील अहमद ने न्यायालय अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट बाजपुर में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसने अपनी बहन नफीसा का निकाह वार्ड नंबर-4 पुराना अस्पताल के पास केलाखेड़ा निवासी गुलाम हुसैन पुत्र मो.हसन के साथ वर्ष 2002 में किया था। आरोप है कि बहन के बहनोई गुलाम हुसैन व उसकी पूर्व पत्नी की पुत्री निशा मारपीट करते थे और उसकी हत्या कर दूसरी शादी करने की बात कही जाती थी, 19 जनवरी को गुलाम हुसैन, उसकी पुत्री निशा तथा गुलाम हुसैन के मामा की लड़की सीमा ने मिलकर बहन नफीसा की हत्या कर दी। इतना ही नहीं उसे बिना बताए बहन का दफन करवा दिया। इस बारे में 20 जनवरी को केलाखेड़ा थाने में तथा 25 जनवरी को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को घटना के संबंध में प्रार्थना पत्र प्रेषित किया गया। महिला एवं बाल विकास अधिकारी नई दिल्ली को ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवाई गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। वहीं पुलिस ने कोर्ट के आदेशों पर गुलाम हुसैन, निशा व सीमा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ करते चिकित्सा अधिकारी डॉ. रवि कुमार। ● अमृत विचार

### एनएसएस शिविर के शुभारंभ पर दी आकर्षक प्रस्तुति

**जसपुर।** आरएलएसएम डिग्री कॉलेज जसपुर की ओर से आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ आयुष्मान आरोग्य मंदिर नादेही में किया गया। शुभारंभ आयुष्मान आरोग्य मंदिर के चिकित्सा अधिकारी डॉ. रवि कुमार ने किया। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, लक्ष्य गीत, संकल्प गीत की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम अधिकारी की ओर से शिविर में होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर डिग्री कॉलेज के सचिव इंजीनियर विनय चौहान, डॉ. रवि कुमार, डॉ. भुवनेश कुमारी, सुभाष चंद्र, दिनेश कुमार, ममता देवी, विवेक कुमार चौहान, मोहम्मद सलीम, विवेक कुमार वत्सल, आशमां परवीन, विपिन कुमार, शिवानी, दीपक कुमार चौहान, प्रीति डॉ. अशोक दत्त नौटियाल, अर्जुन सिंह ग्राम प्रधान, निशा आदि मौजूद रहे।

## 26 व्यापारियों के रजिस्ट्रेशन हुए

**सुल्तानपुर पट्टी।** जिला खाद्य संरक्षा व औषधि विभाग ने प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल के नेतृत्व में खाद्य विभाग की ओर से कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें खाद्य संरक्षा विभाग व औषधि प्रशासन के अधिकारियों को 59 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से मौके पर 26 व्यापारियों के रजिस्ट्रेशन हुए। शेष व्यापारियों के आवेदन को जल्द ही पंजीकृत कर दिया जायेगा। खाद्य विभाग की ओर से व्यापारियों को त्योहार के मद्देनजर जागरुक भी किया गया। गुरुवार को खाद्य विभाग बाजपुर के पवन कुमार व व्यापार मंडल अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल की मध्यस्तता में खाद्य व्यापारियों के रजिस्ट्रेशन किये गए और होली के त्योहार के मद्देनजर खाद्य व्यापारियों को खाद्य विभाग द्वारा जागरूक किया गया।

# जूते की दुकान में आग से लाखों का माल जला

**हादसा**

▸▸ **देर रात्रि शॉर्ट सर्किट के चलते लगी आग, दमकल की टीम ने पाया काबू**

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** नगर के मुख्य बाजार स्थित जूते की दुकान में देर रात्रि शॉर्ट सर्किट के चलते आग लगने से लाखों का माल जलकर खाक हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची दमकल की टीम ने समय रहते आग पर काबू पा लिया।

नगर के मुख्य बाजार स्थित कमल बूट हाउस के उपरी मंजिल पर आग लग गई। भीड़ मौके पर जमा हो गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना के बाद दमकल प्रभारी मदन सिंह रावत के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंच गई। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल कोषाध्यक्ष नितिन फुटेला सहित अन्य व्यापारियों ने दमकल टीम एवं पुलिस कर्मियों के साथ सहयोग कर आग पर काबू पा लिया। दुकान में आग लगने की सूचना पर प्रतिष्ठान स्वामी श्याम सुंदर मेहंदीरत्ता भी मौके पर पहुंच गए। व्यापारी नेता फुटेला ने बताया कि रात्रि में उन्हें दुकान की ऊपरी मंजिल पर आग लगने की सूचना मिली थी जिसके बाद उनके द्वारा तुरंत दमकल विभाग एवं पुलिस को सूचना दी तथा विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता जीसी गुरुरानी को जानकारी देने के बाद उन्होंने तुरंत विद्युत सप्लाई बंद कर दी। इस दौरान दमकल टीम के कर्मचारी प्रभारी मदन सिंह रावत, दीपक बसेड़ा, संजू बोरा, भागवत परिहार के अलावा पुलिसकर्मी जगमोहन सिंह, बृजमोहन सिंह, दीपक बोरा सहित वरिष्ठ उप निरीक्षक विनोद फर्त्याल एवं उप निरीक्षक विजय कुमार ने आग पर काबू पाया।

किच्छा में आग बुझाने के बाद सिलेंडर देखते दमकल कर्मी। ● अमृत विचार

### ठेला व्यापारी के सिलेंडर में आग, दो दुकानों को लिया चपेट में

**किच्छा।** नगर के पुरानी गल्ला मंडी क्षेत्र में अचानक ठेला व्यापारी के सिलेंडर में आग लगने से मौके पर हड़कंप मच गया। कुछ ही देर में आग के तेज होने के चलते निकट स्थित दो दुकानों को भी आग ने अपनी चपेट में ले लिया। घटना में चार लोगों का हजारों का सामान जलकर खाक हो गया। नगर के पुरानी गल्ला मंडी क्षेत्र में साईं मंदिर के निकट गुड्डू एवं वेद प्रकाश पकौड़ी का ठेला लगाते हैं। इस दौरान अचानक पकौड़ी बनाते समय गुड्डू के गैस सिलेंडर में अचानक आग लग गई और देखते ही देखते आग आसपास स्थित दुकानों में फैल गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर वेद प्रकाश के ठेले तथा मोहम्मद आरिफ एवं अब्दुल हमीद की दुकान को भी अपनी चपेट में ले लिया। घटना की सूचना पर दमकल टीम प्रभारी मदन सिंह रावत फायर ब्रिगेड लेकर मौके पर पहुंचे और बमुश्किल आग पर काबू पा लिया। घटना में करीब 50 हजार रुपए से अधिक कीमत का सामान जलकर खाक हो गया।

# भूमि के नियमितीकरण की मांग

संवाददाता, गदरपुर

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक दल से जुड़े किसानों ने तहसील में चार सूत्रीय मांग पत्र वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसानों की भूमि का नियमितीकरण किए जाने की बात कही है।

शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन राजनीतिक दल के कार्यकर्ता तहसील पहुंचे जहां उन्होंने वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी भूपेंद्र सिंह मेहता को मुख्यमंत्री के नाम चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में चार सूत्रीय मांगों में वर्ग 4 की भूमि को जिस भूमि को वर्ग 5 में दर्ज किया गया है उसे वर्ग चार में दर्ज किया जाए और उसका नियमितीकरण कर मालिकाना हक दिया जाए, बंजर में दर्ज भूमि जिसे किसानों ने बड़ी मेहनत से कृषि भूमि बनाया है उसका मालिकाना हक किसानों को दिया जाए। सभी प्रकार की भूमि का नियमितीकरण 2016 की नीति के अनुरूप शुल्क लेकर मालिकाना दिया जाए। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन राजनीतिक दल के प्रदेश अध्यक्ष सलविंदर सिंह, सिंह कलसी जिला अध्यक्ष विक्रम सिंह गोराया, सुरेश कुमार, गुरविंदर सिंह, नरेश कुमार, सुरजीत सिंह, मिल्क राज, राजेंद्र सिंह, लखविंदर सिंह, सुरजीत सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

तहसील में ज्ञापन देते सलविंदर सिंह कलसी व अन्य। ● अमृत विचार

## तीन दिन से लापता युवक का शव मिला

**किच्छा।** तीन दिनों से लापता युवक का शव गौला नदी किनारे से बरामद हुआ। शुक्रवार की शाम पुरानी गल्ला मंडी क्षेत्र में गौला नदी किनारे से शव बरामद होने की सूचना पर लोगों भी जमा हो गई। शव गौला नदी किनारे पानी में डूबा हुआ था। कड़ी मशक्कत के बाद मृतक की पहचान कोतवाली अंतर्गत ग्राम छिनकी निवासी 36 वर्षीय अली हसन पुत्र कल्लू के रूप में हुई। पुलिस की सूचना के बाद मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने मृतक की पहचान अली हसन के रूप में की। पुलिस की पूछताछ में परिजनों ने बताया कि अली हसन शराब पीने का आदी था और कई कई दिन तक घर नहीं आता था।

# 27 नामांकन पत्रों की बिक्री

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** खटीमा अधिवक्ता एसोसिएशन चुनाव के लिए नामांकन पत्रों की बिक्री के दूसरे दिन विभिन्न पदों पर पांच नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। दो दिनों में अब तक नौ पदों के लिए कुल 27 नामांकन पत्र बिके। नामांकन पत्रों की बिक्री का शनिवार को अंतिम दिन है।

खटीमा अधिवक्ता एसोसिएशन चुनाव के चुनाव अधिकारी हयात सिंह कुंअर और सहायक चुनाव अधिकारी अवधेश मौर्य ने बताया कि नामांकन पत्रों की बिक्री के दूसरे दिन उपाध्यक्ष पद के लिए दो, महिला उपाध्यक्षा के लिए एक, लेखा परीक्षक के लिए एक और सदस्य पद के लिए एक नामांकन पत्र बिका है। उन्होंने बताया कि अबतक अध्यक्ष पद के लिए तीन, उपाध्यक्ष पद के लिए चार, महिला उपाध्यक्षा के लिए दो, सचिव के लिए दो, उपसचिव के लिए चार, कोषाध्यक्ष के लिए दो, लेखा परीक्षक के लिए दो, पुस्तकालयाध्यक्ष के लिए दो तथा सदस्य के लिए छह नामांकन पत्र बिक चुके हैं। चुनाव में 174 अधिवक्ता अपने मत का प्रयोग करेंगे।

खटीमा में अधिवक्ता एसोसिएशन चुनाव के लिए नामांकन पत्र खरीदता प्रत्याशी।

## कार्यकत्रियों का धरना प्रदर्शन जारी

**रुद्रपुर।** तीन सूत्रीय मांगों को लेकर पिछले कई दिनों से धरना दे रही आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का धरना जारी है। इस दौरान कार्यकत्रियों ने कहा कि जब तक उनकी सभी मांग पूरी नहीं हो जाती तब तक आंदोलन जारी रहेगा। शुक्रवार को धरने के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने कहा कि वे लंबे समय से संगठन न्यूनतम मजदूरी 18000 रुपये प्रतिमाह करने, सेवानिवृत्ति होने पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री को दो लाख रुपये देने, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को गोल्डन कार्ड देने की मांग कर रहे हैं। इस अवसर पर अनिता सिंह, उर्मिला मिश्रा, हर्षा लोहनी, सीता रानी, मीरा बोस, नीरू बाला, बबली विश्वास, शकुंतला, दयावती समेत कई लोग मौजूद रहे।

**मायूसी** | दिल्ली, गुजरात व मुंबई की ट्रेनों में पहले ही बुक हैं टिकट, कई लोगों को है वेटिंग टिकट कन्फर्म होने की आस

# काशीपुर से महानगरों को होली के बाद ही मिलेगी ट्रेनों में सीट

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** काशीपुर से महानगरों को जाने वाली ट्रेंनों की सीटें होली से पहले ही पैक हो गई हैं। स्थिति यह है कि एकप्ताह में एक दिन चलने वाली रामनगर बांद्रा एक्सप्रेस ट्रेन में स्लीपर व थर्ड एसी की बुकिंग चार अप्रैल तक की एडवांस में कर ली गई है। इससे ट्रेन में सफर कर घर जाने वाली तैयारियां कर रहे लोग मायूस हैं।

काशीपुर से होकर दिल्ली, मुंबई, गुजरात ममेत कई महानगरों के लिए ट्रेंनें चलती है। रामनगर बांद्रा एक्सप्रेस ट्रेन सप्ताह में एक दिन शुक्रवार को रामनगर से बनकर जाती है। हर साल की तरह होली पर लोगों की भीड़भाड़ ट्रेंनों में अधिक रहती है। यही वजह है कि होली से 10 दिन पहले ही ट्रेंनें पैक हो गई है। काशीपुर रेलवे स्टेशन के अधिकारियों के अनुसार दिल्ली के लिए रोजाना चलने वाली ट्रेंनों में भी सीटें खाली नहीं है। रामनगर आगरा फोर्ट ट्रेन सप्ताह में सोमवार, गुरुवार व शनिवार को काशीपुर से होते हुए गुजरती है। होली के चलते इस ट्रेन में भी सीटें नहीं है। लोगों ने एडवांस टिकट बुक करा दिया है। टिकट कंफर्म का इंतजार कर रहे हैं। बताया कि रामनगर बांद्रा एक्सप्रेस ट्रेन की बुकिंग चार माह पहले खोल दी जाती है। जबकि बैठने वाली सीटों वाली ट्रेनें की ऑनलाइन बुकिंग एक माह पहले खोली जाती है।

### काशीपुर से महानगरों को जाने वाली मुख्य ट्रेनें

- 22976 –रामनगर बांद्रा एक्सप्रेस शुक्रवार शाम 4 :55 बजे
- 25014–कॉर्बेट लिंक एक्सप्रेस रोजाना रात 10 :50
- 25036–रामनगर से दिल्ली संपर्क क्रांति एक्सप्रेस रोजाना सुबह 10 :33
- 15056–रामनगर आगरा फोर्ट सोमवार, गुरुवार और शनिवार रात 8 :32
- 15059 लालकुंआ आंनद बिहार इंटर सिटी गुरुवार शुक्रवार सुबह 6 :10

### अप्रैल तक की हुई एडवांस बुकिंग

| ट्रेन | स्लीपर | थर्ड एसी |
|---|---|---|
| 22976 | 28 जून | 5 जुलाई |
| 25014 | 25 मार्च | 24 मार्च |
| 25036 | चार अप्रैल | 30 अप्रैल |
| 15056 | 25 मार्च | 27 मार्च |
| 15059 | 30 मार्च | चार अप्रैल |

होली के पर्व को लेकर ट्रेंनों में एडवांस बुकिंग हुई है। इससे काशीपुर से महानगरों को जाने वाली ट्रेंने पैक हो गई है। स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा का पूरा ध्यान रखा जा रहा है।
-**रवि शंकर**, स्टेशन अधीक्षक, रेलवे काशीपुर।

# दिनेशपुर ने जीता फुटबॉल टूर्नामेंट

संवाददाता, शक्तिफार्म

**अमृत विचार:** सुरेंद्रनगर में आयोजित नेताजी सुभाष ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में पेनाल्टी शूटआउट के जरिये हुए निर्णय में दिनेशपुर ने टनकपुर को 5-3 से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। दिनेशपुर के मोरिश को मैन आफ दी मैच और सचिन को सीरीज की ट्रॉफी दी गई। सहकारी समिति अध्यक्ष गोपाल सरकार, पूर्व डीसीबी अध्यक्ष योगेन्द्र रावत और बंगाली महासभा प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार साह ने विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान की।

पहले हाफ में टनकपुर ने आक्रामक खेल दिखाते हुए नवीन के गोल की बदौलत दिनेशपुर पर एक गोल की बढ़त बनाई। दूसरे हाफ के अंतिम क्षणों में दिनेशपुर के मोरिश ने गोल दाग कर स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद पेनाल्टी शूटआउट में दिनेशपुर की ओर से मोरिश, सचिन, शुभम, अमन और उदय ने अपने किक को गोल में बदला। जबकि टनकपुर की ओर से नवीन, अरुण और शौर्य ही गोल कर पाये। मैच में अखिलेश मण्डल रैफरी, सुमित विश्वास और मनोज बाला सहायक रैफरी, पंकज राय, सुनील सरकार और जयन्त मण्डल उदघोषक, समीर साना स्कोरर रहे। वहां राजा हालदार, सुमित मंडल, हिमांशु सरकार, रजत राय, संजीत विश्वास, रंजीत हलदार, विष्णु प्रामाणिक, कृपा संधू हीरा, देवाशीष पोद्दार, परेश मंडल आदि थे।

शक्तिफार्म में फुटबॉल टूर्नामेंट के विजेताओं को ट्रॉफी देते आयोजक।

# चैत्र माह के प्रथम दिन धारण किया संन्यासी व्रत

## जय बाबा तारकनाथ धाम बना शिव आराधना का केंद्र, भक्तों ने व्रत लेकर पीले वस्त्रों को धारण किया

**श्रद्धा**

- रुद्रपुर, दिनेशपुर, रामनगरा सहित कई स्थानों से पहुंचे भक्त
- संन्यासियों के रहने की व्यवस्था को पूरा किया गया

संवाददाता, शक्तिफार्म

अमृत विचार : पवित्र चैत्र माह के शुरू होते ही जय बाबा तारकनाथ धाम में भक्तों का जमावड़ा शुरू हो गया। प्रथम दिन भक्तों ने संन्यासी व्रत लेकर पीले वस्त्रों को धारण किया। शुक्रवार को ग्रामसभा सुरेंद्रनगर स्थित जय बाबा तारकनाथ धाम में पुरोहित सोनू चक्रवर्ती ने हवन-यज्ञ कर भक्तों को संन्यासी व्रत धारण करवाया। जिसके बाद संन्यासियों ने पीले वस्त्र धारण किये।

सभी संन्यासी संपूर्ण चैत्र माह तक पांडा बाबा विमल हालदार और परिचोलना बाबा विश्वजीत बाक्ची के सानिध्य में रहेंगे और सात संन्यासी दीपक, गोपाल, प्रदीप, गोविंद, गौतम, उज्जल, नारद के नेतृत्व में पाठ-पूजा सहित समस्त धार्मिक कर्मों को पूरा करेंगे। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सुमित मंडल बताया कि रुद्रपुर, दिनेशपुर, रामनगरा सहित कई स्थानों से पहुंचे भक्तों ने संन्यासी व्रत धारण किया। उन्होंने बताया कि कमेटी द्वारा संन्यासियों के रहने के सभी व्यवस्था को पूरा कर लिया गया है। इस मौके पर ग्राम प्रधान राजा हालदार, रंजीत हालदार, परेश मंडल, सपन हालदार, शंभू साना, अनंत हालदार सहित आदि मौजूद थे।

बाबा तारकनाथ धाम में पुरोहित सत्य चक्रवर्ती से जनेऊ धारण करते संन्यासी बने शिव भक्त। ● अमृत विचार

### क्या है संन्यासी व्रत

चैत्र माह शिव आराधना का सबसे पवित्र माह माना जाता है। इस पवित्र माह में शिवभक्त, संन्यासी व्रत लेते हैं। साथ ही पीले वस्त्र को धारण कर, अपने घरों का त्याग करते हैं। इस दौरान भक्त, सभी प्रकार के मोह और अभिलाषा को त्यागकर संन्यासी का जीवन यापन करते हैं। दिनभर में एक बार भिक्षा मांग कर भोजन करते हैं। साथ ही तेल, साबुन, मसाला, बिस्तर, चप्पल इत्यादि का प्रयोग वर्जित होता है।

### संन्यासी बने शिव भक्तों को जनेऊ धारण कराया

बंगाली समुदाय में चैत्र मास मे भगवान शिव की बाबा तारकनाथ के नाम से आराधना, पूजा अर्चना की जाती है। चैत्र मास के प्रथम दिन शुक्रवार को कई शिव भक्त प्रातः स्नान आदि के उपरांत भगवा वस्त्र धारण कर सुरेंद्रनगर स्थित भगवान शिव की प्रसिद्ध मंदिर बाबा तारकनाथ धाम पहुंचे। पूजा अर्चना के साथ पूरे चैत्र मास के लिए विधि विधान से पुरोहित सत्य चक्रवर्ती ने संन्यासी बने शिव भक्तों को जनेऊ धारण कराया। बाबा तारकनाथ के नाम पर संन्यासी बनकर शिव भक्त प्रतिदिन मंदिर में भगवान शिव की पूजा अर्चना करेंगे।

## भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

**किच्छा, अमृत विचार:** ऊधम सिंह नगर नैनीताल लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया गया। नगर के मुख्य बाजार में पंत मार्केट के सामने भाजपा के प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी, लोकसभा प्रभारी बलवंत सिंह, विधानसभा प्रभारी दिनेश आर्य ने संयुक्त रूप से पूजा अर्चना कर चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया।

भाजपा के प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी एवं लोकसभा प्रभारी बलवंत सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता हमेशा संगठन हित एवं चुनाव की तैयारी के लिए तन मन धन से तैयार रहता है। उन्होंने कहा कि नैनीताल ऊधम सिंह नगर लोकसभा सीट पर इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट 5 लाख वोट से विजयी होंगे।

मौके पर भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष विवेक सक्सेना, शैली फुटेला, लता सिंह, दया डसीला, प्रेमलता चौहान, डॉ संगीता शर्मा, अक्षय अरोड़ा, विपिन जलहोत्रा, सुभाष तनेजा, विवेक राय, हरीश खानवानी, नितेश बाला, प्रदीप पुजारा, जानकी तिवारी आदि मौजूद रहे।

किच्छा में विभागीय अधिकारियों को सम्मानित करते व्यापारी। ● अमृत विचार

### उत्कृष्ट कार्य के लिए शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया

**किच्छा, अमृत विचार :** नगर के मुख्य बाजार में आयोजित कार्यक्रम में प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल कोषाध्यक्ष नितिन फुटेला एवं महामंत्री विजय अरोरा के नेतृत्व में तमाम व्यापारियों ने एसडीओ गुरुरानी एवं जेई ओम कुमार को सम्मानित करते हुए उनकी कार्य प्रणाली की सराहना की। व्यापारी नेता फुटेला ने कहा कि विगत रात्रि नगर स्थित कमल बूट हाउस में आग लगने के दौरान उनके द्वारा फोन पर सूचना दिए जाने के मात्र 15 सैकेंड के अंदर विद्युत सप्लाई बंद किए जाने के चलते बड़ा नुकसान होने से बच गया। एसडीओ गुरुरानी ने व्यापारियों का आभार व्यक्त कर कहा कि खेतों में किसानों की फसल लगभग तैयार हो रही है तथा मौसम शुष्क होने के चलते शॉर्ट सर्किट की संभावना बनी रहती है, ऐसी स्थिति में अग्निकांड जैसी घटनाओं को रोकने के लिए आम जनमानस को जागरूक रहना चाहिए। मौके पर रवि नागपाल, नीरज बजाज, पुष्कर मेहंदीरत्ता, जलालुद्दीन, सुमित बाबा, राजकुमार, तेजपाल सिंह, उमेश अग्रवाल, सुमित तनेजा आदि मौजूद रहे।

## कई बच्चों ने प्रवेश परीक्षा पास की

**खटीमा, अमृत विचार :** सिटी कॉन्वेंट स्कूल के 5वीं कक्षा के अरनव सिंह राणा, दक्षा जोशी, नैतिक चंद, अंश राणा और रुद्रमन सिंह भुल्लर तथा कक्षा 8वीं से कृतिका पाल, खुशबू मेहरा, साक्षी ज्याला तथा गौरव भट्ट ने सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय प्रधानाचार्य अमित रोनाल्ड चौहान ने बच्चों को बधाई दी। इधर नोजगे पब्लिक स्कूल (ट्विंकल मेम) के कक्षा 5वीं के जतिन चन्द, जतिन जोशी, जसनूर कौर तथा अरनव सिह ने सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा पास की है। प्रबंधिका ट्विंकल दत्ता, डॉ. विनय जैन, गायत्री जोशी, श्वेता बत्रा, स्नेहा कोहली, सिमरन बसंल, रमेश रौतेला, विवके राना ने ने बधाई दी है। सोर वैली पब्लिक स्कूल अमाऊं के छात्र हर्षित बोहरा ने भी सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा पास की है।

# रामबाग मेले के समापन पर हवन

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार :** प्राचीन शिव मंदिर रामबाग में आयोजित छह दिवसीय मेले का हवन- यज्ञ व विशाल भंडारे के साथ विधिवत समापन हो गया। मेला कमेटी के अध्यक्ष राकेश सिंह ने अतिथियों का स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किए। उन्होंने ऐतिहासिक रामबाग का मेला शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने पर पुलिस प्रशासन एवं क्षेत्रवासियों व कमेटी के सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

शुक्रवार को प्राचीन शिव मंदिर के मुख्य पुजारी चंदू सिंह लखचौरसिया व पुजारन मंतो देवी के सानिध्य में पंडित राजेंद्र प्रसाद थुवाल व खेमानंद थुवाल ने पूजा-अर्चना के वाद हवन- यज्ञ करवाया। मुख्य पुजारी चंदू सिंह लखचौरसिया ने क्षेत्र के सुख-शांति व समृद्धि की कामना की। व्यवस्थापक नित्यानंद मंडल ने मेले के आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत करते हुए मेले के समापन की घोषणा की। प्रसाद वितरण के बाद श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। संचालन मलिक व कर्म सिंह ने किया। इस मौके पर मेला कमेटी अध्यक्ष राकेश सिंह, व्यवस्थापक नित्यानंद मंडल, चंदननगर प्रधान विकास सरकार, खटोला प्रधान एडवोकेट मुकेश सिंह राणा, पूर्व अध्यक्ष रामचंदर सिंह, विभूति सरकार, सोमल सिंह, मदन सिंह, तरुण हालदार, बलवीर सिंह, राधेश्याम सिंह, कुंवर सिंह, दीनबंधु विश्वास, सागर सिंह, डॉ सिमरन पांडे, महावीर सिंह, किशोर सिंह आदि थे।

दिनेशपुर प्राचीन शिव मंदिर रामबाग में मेले के समापन पर पूजा करते कमेटी के सदस्य।

# वार्डवासियों ने की अवैध रूप से बने रास्ते को बंद कराने की मांग

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** पूर्णागिरी कालोनी वासियों ने उपजिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट को ज्ञापन सौंपकर पास के वार्ड के लोगों द्वारा नाले पर पुलिया बनाकर इस वार्ड से आने जाने का रास्ता खोल दिया है। वार्डवासियों ने रास्ते को बंद कराने की मांग की है।

एसडीएम बिष्ट को सौंपे ज्ञापन में नगर पालिका वार्ड संख्या सात पूर्णागिरी कालोनी वासियों ने कहा है कि वार्ड से जाने वाले मार्ग से पास की बस्ती के लोगों ने आने-जाने का मार्ग बना लिया है। वार्डवासियों ने कहा कि इनके द्वारा रात में घरों की घंटी बजा दी जाती है तथा अपने वाहनों से बेवजह शोर शराबा किया जाता है। इतना ही नहीं रास्ते में पुलिया बनाकर बैठते हैं और आने जाने वालों से गाली गलौज करते हैं और मना करने पर धमकी देते हैं।

उन्होंने मांग की है कि पास की बस्ती के लोगों के आवागमन करने वाले इस रास्ते से बंद किया जाए। ज्ञापन देने वालों में पूर्व सैनिक संगठन अध्यक्ष गंभीर सिंह धामी, इंद्रा भाटिया, चंद्रकला सामंत, तुलसी सामंत, दीपा बिष्ट, पुष्पा पोखरिया, अनीता भंडारी, पुष्पा बिष्ट, मंजू रावत, कविता चंद, कमला बिष्ट, हेमा चंद, ललिता सामंत आदि शामिल थे।

खटीमा में उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते पूर्णागिरी कालोनीवासी।

## पूर्व सैनिक का आकस्मिक निधन

रवि रावत।

**गूलरभोज, अमृत विचार :** पूर्व सैनिक रवि रावत (43) का गुरुवार की रात्रि नैनीताल में आकस्मिक निधन हो गया। रवि रावत 9 गढ़वाल रेजीमेंट से सेवानिवृत होकर आए थे। वह अपनी 15 वर्ष की पुत्री एवं 12 वर्षीय पुत्र की पढ़ाई के लिए पत्नी के साथ नैनीताल में रहते थे। गुरुवार की रात्रि हृदय गति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया। वह अपने पीछे माता जानकी देवी रावत, पत्नी नीमा देवी रावत व दो बच्चों को रोता बिलखता हुआ छोड़ गए। शोक व्यक्त करने वालों में विधायक अरविंद पांडेय, पूर्व जिपंस मोहन सिंह पानू, गौरव सेनानी वीरनारी उत्थान समिति महासचिव भगत सिंह धर्मशक्तू, कूल्हा उप प्रधान गोपाल सिंह ठठोला आदि रहे।

किच्छा में आयोजित कार्यक्रम में मंचासीन पुलिस अधिकारी व अन्य।

### छात्राओं से हो रहीं छेड़छाड़ की घटनाओं पर लगे रोक

**किच्छा :** पुलिस प्रशासन एवं नागरिकों के बीच सीधा संवाद कार्यक्रम के तहत प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा ने खुली बैठक का आयोजन किया। उन्होंने नशे के विरुद्ध जनता को जागरूक किया और साइबर अपराधियों की कार्यशाली के बारे में विस्तार से जानकारी देकर सचेत रहने की अपील की। नगर के वार्ड नंबर 12 स्थित रजा मैरिज हॉल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा ने क्षेत्र वासियों की समस्याएं सुनी और जल्द कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इस मौके पर युवा समाजसेवी एवं पूर्व सभासद नजाकत खान ने पुलिस प्रशासन द्वारा नशे की रोकथाम, यातायात व्यवस्था तथा अपराधियों के खिलाफ की जा रही निष्पक्ष कार्यवाही को लेकर पुलिस का आभार जताया। क्षेत्रवासियों ने स्कूल एवं कॉलेज के खुलने तथा छुट्टी के समय मनचलों द्वारा छात्राओं के साथ छेड़छाड़ की घटनाओं पर रोक लगाने एवं कार्रवाई की मांग की। मौके पर उप निरीक्षक ओपी सिंह नेगी, एसआई महेश चंद, महिला उप निरीक्षक जानकी राणा, चीता टीम के जगमोहन सिंह रौतेला ने सम्मानित किया।

केलाखेड़ा में गिरफ्तार किसान व बरामद अफीम।

### गेहूं के साथ अफीम की खेती, किसान गिरफ्तार

**बाजपुर :** केलाखेड़ा में गेहूं के खेतों के बीच बिना अनुमति अफीम की खेती की जा रही थी। पुलिस ने अवैध रूप से उगाई गई फसल को उखाड़ दिया। बरामद फसल 104.205 किलोग्राम पाई गई है। जिसकी कीमत भी लाखों में आंकी जा रही है। आरोपी किसान को गिरफ्तार कर लिया गया है। केलाखेडा पुलिस ने ग्राम गंगापुर में एक खेत में गेहूं की फसल के बीच अफीम की खेती पाई गई। फसल के संबंध में पूछताछ की गई तो पता चला कि उक्त खेत दलजीत सिंह पुत्र स्व महेंद्र सिंह का है और उसने बिना अनुमति के ही अफीम की फसल उगा रखी है। 41 गुणा 14 वर्ग फुट क्षेत्र में तारबाड़ कर अफीम की खेती की जा रही थी। अफीम की फसल के चारों तरफ लकड़ी के लट्ठे लगाकर उन पर सफेद पट्टीदार प्लास्टिक की पन्नी की घेराबंदी की गई थी। दूर से देखने में ऐसा लगता था कि अंदर सब्जी आदि बोई हुई होगी। सीओ अंतराम आर्य ने बताया कि जांच में पौधे अफीम पोस्त के होने की पुष्टि होने पर फसल को नष्ट कर दिया गया। उखाड़ी गई फसल को कट्टों में भरकर सील कर दिया गया। जिसका वजन 104.205 किलोग्राम पाया गया। आरोपी किसान दलजीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया।

## संजय बने सुप्रीम कोर्ट में अधिवक्ता

**किच्छा, अमृत विचार:** मूल रूप से किच्छा निवासी एडवोकेट संजय कुमार चड्ढा के सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार के ग्रुप ए के अधिवक्ता बनाए गए हैं। भारत सरकार के कानून और न्याय विभाग के आदेश के अनुसार भारत के राष्ट्रपति ने एडवोकेट संजय कुमार चड्ढा का सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार के मामलों के लिए ग्रुप ए पैनल काउंसिल नियुक्त किया। उनको किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़, रुद्रपुर विधायक शिव अरोड़ा, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष दर्शन कोली, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष लवी सहगल, कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बबलू, राजेश प्रताप सिंह, राकेश खुराना सहित तमाम गणमान्य लोगों ने उन्हें बधाई दी।

# आखिर कब शुरू होगा शौचालय

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** मुख्य बाजार में निर्माण हो चुका सुलभ शौचालय सुचारू होने का इंतजार करता दिख रहा है। निर्माण होने के बाद यह शौचालय जनता को समर्पित नहीं हो सका है और वह बंद पड़ा है। वही लोगों को आचार संहिता लगने पर इसके लिए और इंतजार करने का डर भी सताने लगा है।

मुख्य बाजार स्थित छोटा जीजीआईसी परिसर में जनता की सहूलियत के लिए एक सुलभ शौचालय का निर्माण कराया गया था। जिसका शिलान्यास पुष्कर सिंह धामी ने किया था। पिछले कुछ महीनें में करीब 22 लाख रुपये की कीमत से बनकर तैयार यह सुलभ शौचालय जनता को समर्पित नहीं हो पाया है और इसका निर्माण पूरा होने के बाद भी शौचालय का शटर गिरा हुआ है और वह बंद पड़ा है।

उधर इस शौचालय के चालू नहीं होने से बाजार में आने वाली जनता व व्यापारियों को रतन सिनेमा रोड स्थित सुलभ शौचालय जाना पड़ता है, जिसकी दूरी यहां से अधिक है। जिससे लोगों को परेशानी का सामना भी करना पड़ता है। उधर लोगों में चर्चा है कि सुलभ शौचालय उद्घाटन के कारण चालू नहीं हो पाया और अब आचार संहिता लागू हो जाएगी, तो इसके चालू होने में समय लगेगा।

मुख्य बाजार स्थित बंद पड़ा सुलभ शौचालय।

> मुख्य बाजार स्थित सुलभ शौचालय में एक-दो छोटे कार्य शेष है। जिनके पूरा होते ही जल्द ही यह जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। वही आचार संहिता लागू होने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। **-विवेक राय**, नगर आयुक्त, नगर निगम काशीपुर

## सार-संक्षेप

गदरपुर में नगर पालिका के कार्यों का शिलान्यास करते विधायक अरविंद पांडे।

### विकास कार्यों का शिलान्यास किया

**गदरपुर :** नगर पालिका परिषद गदरपुर के विभिन्न वार्डों में करोड़ों रुपए की लागत से होने वाले निर्माण कार्यों का विधायक अरविंद पांडे ने शिलान्यास किया। शुक्रवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक अरविंद पांडे ने नगर पालिका में आयोजित कार्यक्रम में नगर के विभिन्न वार्डों में करीब 1.45 करोड़ रुपए की लागत से 18 निर्माण एवं विकास कार्यों के निर्माण कार्य का फीता काटकर शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कहा। विधानसभा क्षेत्र में विकास की कोई कमी नहीं रहेगी। उन्होंने निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदारों से गुणवत्ता युक्त कार्य करने की अपील की। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी संजीव मेहरोत्रा, अतुल पाण्डेय, राकेश भुड्डी, पंकज सेतिया, चकित हुड़िया, संतोष गुप्ता विजय कश्यप, विजेंद्र कुमार मौजूद थे।

### मांगों को प्रदर्शन जारी

**काशीपुर :** राधे हरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय काशीपुर में विभिन्न मांगों को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा दूसरे दिन भी अपनी मांगों को लेकर धरना जारी रहा। अनिश्चितकाल के लिए महाविद्यालय में तालाबंदी कर दी गई है। छात्र संघ अध्यक्ष अमन शर्मा ने बताया कि महाविद्यालय में हो रही मूलभूत समस्याओं को लेकर कई बार महाविद्यालय प्रशासन को अवगत कराया गया। कोई कार्यवाही नहीं हुई ऐसी अनेकों समस्याएं हैं जैसे शौचालय,पीने के पानी,मंदिर का जीर्णोधार महाविद्यालय के प्रांगण में ब्लॉक टाइल,पढ़ने के लिए क्लास और फर्नीचर इत्यादि समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

### शराब सहित तीन दबोचे

**खटीमा/काशीपुर :** सत्रहमील पुलिस चौकी ने एक आरोपी को शराब के साथ पकड़ा है। सूचना मिली कि जादवपुर निवासी गुरनाम सिंह घर के आंगन में बैठकर अवैध शराब बेच रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी गुरनाम सिंह को 56 पाउच अवैध शराब सहित गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कोर्ट में पेश कर दिया। काशीपुर में भी आईटीआई थाना पुलिस ने ग्राम हिम्मतपुर में प्राइमरी स्कूल वाली गली में कच्ची शराब बेचते दो आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनके पास से पुलिस ने करीब 48 लीटर कच्ची शराब बरामद की। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम बलवीर सिंह व गजराम निवासी ग्राम हिम्मतपुर बताया।

### दीक्षा, तनुज और हेमपुष्पा ने एमबीए में बाजी मारी

दीक्षा जुयाल।

तनुज पाण्डे।

हेमपुष्पा।

**काशीपुर :** वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड तकनीकि विश्वविद्यालय देहरादून की ओर से एमबीए प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें श्रीराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमैंट एंड टेक्नोलॉजी पीजी कॉलेज काशीपुर के छात्र-छात्रओं का उच्च प्रदर्शन रहा। प्रथम स्थान दीक्षा जुयाल 76-63 प्रतिशत, द्वितीय स्थान तनुज पांडे 75-50 प्रतिशत व तृतीय स्थान हेमपुष्पा मावरी 73-75 प्रतिशत ने प्राप्त किया। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष रवीन्द्र कुमार, निदेशक डॉ. योग राज सिंह, प्राचार्य डॉ. एसएस कुशवाहा, विभागाध्यक्ष प्रबंधक व वाणिज्य विभाग डॉ. शोभित त्रिपाठी आदि ने हौसलाअफजाई की है।

### आईजीएल ने बांटे स्कूलों को कंप्यूटर

**काशीपुर :** इंडिया ग्लाइकोल्स लिमिटेड ने स्कूलों को कंप्यूटर सहित विभिन्न प्रकार की सामग्री वितरीत की। शुक्रवार को आईजीएल संस्थान के अधिशसी निदेशक आलोक सिंघल और एचआर हेड राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पांच सरकारी विद्यालयों को गोद लिया गया है। राजकीय इंटर कॉलेज बरखेड़ी, राजकीय प्राथमिक उच्च प्राथमिक विद्यालय कनकपुर, राजकीय कन्या हाई स्कूल दबौरा मुस्तकम, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय रजपुरा रानी और राजकीय प्राथमिक विद्यालय जैतपुर घोंसी कंप्यूटर व अन्य सामग्री दी। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक विक्रांत चौधरी, सहायक महाप्रबंधक प्रशासन सुनीत पूठिया, डॉ. गौरव मुंद्रा उपमहाप्रबंधक मेडिकल आदि लोग उपस्थित रहे।

### बजाज बने भारत विकास परिषद के नगर अध्यक्ष

**गदरपुर :** भारत विकास परिषद शाखा के चुनाव मैं सर्वसम्मति से रविंद्र बजाज को नगर अध्यक्ष चुना गया। शुक्रवार को सनातन धर्म मन्दिर, बुध बाज़ार में भारत विकास परिषद की बैठक आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता निवर्तमान शाखा अध्यक्ष डॉ. प्रमोद गगनेजा ने की इस दौरान चुनाव अधिकारी प्रांतीय संयोजिका संस्कार पारुल गुप्ता की देखरेख में चुनाव संपन्न हुए। इस दौरान रविंद्र बजाज को सर्वसम्मति से भारत विकास परिषद शाखा का नगर अध्यक्ष चुना गया। नगर अध्यक्ष रविंद्र बजाज ने बताया की प्रमोद बजाज को सचिव डॉ विनीत जैन को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। इस मौके पर प्रांतीय प्रकल्प संयोजक दीपक सुधा, विनोद चुघ, निवर्तमान शाखा अध्यक्ष डॉ. प्रमोद गगनेजा, संजीव अनेजा आदि मौजूद थे।

जसपुर के मारिया स्कूल में शिक्षकों संग उपाधि प्राप्त किए बच्चे।

### ग्रेजुएशन-डे पर उपाधि से नवाजे गए 70 बच्चे

**जसपुर :** मारिया स्कूल ने विद्यार्थियों के लिए ग्रेजुएशन-डे का आयोजन किया, 70 विद्यार्थियों को उपाधि का प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। स्कूल के ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि फादर विनियमन फर्नांडिस, स्कूल मैनेजर फादर मैथ्यू व प्रिंसिपल फादर जोमोन टीए ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मोबाइल के दुष्प्रभाव को समझाया। और अपने अनुभवों को साझा किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि माता-पिता अपने बच्चों के साथ समय बिताए और उन्हें अच्छा संस्कार दें। प्रधानाचार्य ने अतिथियों व अभिभावकों का आभार जताया। इस दौरान फादर आजोमोन सि. सवालिया, प्रज्ञा गुप्ता, संगीता, मनीषा, आशा, आरती, ज्योति भटनागर, जेसफिन आदि मौजूद रहे।

### स्वयंसेवियों ने सफाई कर निकाली रैली

**बाजपुर :** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रेंहटा में आयोजित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर में दूसरे दिन शुक्रवार को स्वयंसेवियों ने श्रमदान सत्र में विद्यालय परिसर व नालियों की साफ-सफाई की। इसके उपरांत गांव में स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली। साथ ही गांव के धार्मिक स्थलों के आसपास की साफ-सफाई भी की गई। बौद्धिक सत्र में महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग प्रभारी डा.अनिल सैनी द्वारा स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विषय पर व्याख्यान दिया गया। इसके पश्चात स्वयंसेवियों ने विद्यालय प्रांगण में विभिन्न खेल गतिविधियों में हिस्सा लिया।

### सड़क हादसे में पिता की मौत, बेटा गंभीर

**बाजपुर :** ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आकर पिता की मौत हो गई जबकि पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। बन्नाखेड़ा निवासी राजीव पुत्र ओमचरण व उसका पुत्र शिवा शुक्रवार की देर सायं बाइक से प्रधान घाट अपने पैसे लेने गया था। वापस लौटते समय बन्नाखेड़ा चौराहे पर वे ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आकर बुरी तरह घायल हो गए। दोनों को घायलावस्था में 108 एंबुलेंस से उपजिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान राजीव की मौत हो गई। प्राथमिक उपचार के बाद शिवा को हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया। ट्रैक्टर चालक भाग निकला।

लोकयात्रा भयं लज्जा दाक्षिण्यं त्यागशीलता।
पंच यत्र न विद्यन्ते न कुर्यात्तत्र संगतिम् ॥

जिस स्थान पर आजीविका न मिले, लोगों में भय, और लज्जा, उदारता तथा दान देने की प्रवृत्ति न हो, ऐसी पांच जगहों को भी मनुष्य को अपने निवास के लिए नहीं चुनना चाहिए ।

## संपादकीय

# अमेरिका को सलाह

केंद्र सरकार ने लोकसभा चुनाव से ठीक पहले नागरिकता संशोधन एक्ट (सीएए) को लागू कर सीधे तौर पर वसुधैव कुटुंबकम और शरणागत की रक्षा जैसे विचारों को धरातल पर खड़ा करने का प्रयास किया है। साथ ही भारत ने सीएए पर अमेरिका की टिप्पणी का जवाब देकर कड़ा संदेश दिया है कि किसी भी देश के अंदरूनी मामलों में अनधिकृत हस्तक्षेप से बचा जाना चाहिए। सीएए भारत का आंतरिक मामला है। दरअसल अमेरिका ने भारत में सीएए लागू करने को लेकर अवांछित आपत्ति जताई और अनुचित बयान दिया कि वह इस पर कड़ी नजर रख रहा है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत के संबंध में इतिहास की सीमित समझ रखने वाले हमें ज्ञान ना दें। सीएए राज्यविहीनता के मुद्दे को संबोधित करता है, मानवीय गरिमा प्रदान करता है और मानवाधिकारों का समर्थन करता है। इससे लोगों को नागरिकता दी जाएगी न कि उनकी नागरिकता छीनी जाएगी। भारतीय संविधान सभी नागरिकों को धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी देता है, ऐसे में अल्पसंख्यकों के साथ व्यवहार पर चिंता का कोई आधार नहीं है।

सीएए के अमल में आ जाने के बाद अब बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर 2014 को या उससे पहले भारत में प्रवेश करने वाले हिंदुओं, जैन, ईसाइयों, सिखों, बौद्धों और पारसियों को यहां पांच साल तक निवास करने के बाद भारतीय नागरिकता दी जा सकती है। यह उन लोगों को अवैध प्रवासन की कार्यवाही से बचाने के लिए बनाया गया है।

केंद्र सरकार ने जब इस कानून को लाने की तैयारी की थी, तभी से इसका विरोध भी शुरू हो गया था। 2019 में जब सीएए कानून को संसद से हरी झंडी मिली थी तब पूर्वोत्तर समेत कई राज्यों में बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन हुए थे। प्रदर्शन करने वालों का कहना था कि सरकार वोट बैंक की राजनीति कर रही है इसलिए इसमें मुस्लिमों को शामिल नहीं किया गया है। भाजपा इसमें अपना राजनैतिक लाभ देख रही है। कई राज्यों में विरोध प्रदर्शन को देखते हुए उस समय सरकार ने सीएए को ठंडे बस्ते में डाल दिया था। हालांकि, समय-समय पर इस मुद्दे पर चर्चा होती रही। कहा जा रहा है व्यापक विरोध के चलते ही कानून को लागू करने में देरी हुई। सच्चाई यह भी है कि कुछ राज्य सरकारों ने विधानसभा में नागरिकता संशोधन अधिनियम के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया है, यह दर्शाता है कि कैसे इस मुद्दे पर राजनीति होती रही। जबकि नागरिकता देने में राज्य सरकारों की कोई जिम्मेदारी नहीं थी।

# बेहतर शिक्षा हो चुनावी घोषणा पत्रों का प्रमुख एजेंडा

डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

भारत एक मज़बूत लोकतांत्रिक व्यवस्था संपन्न राष्ट्र है। लोकतंत्र या प्रजातंत्र ऐसी शासन प्रणाली होती है जिसमें जनता स्वेच्छा से मतदान करते हुए अपने पसंदीदा जनप्रतिनिधियों का चुनाव करती है।

शिक्षा को किसी भी राष्ट्र की प्रगति का आधार माना गया है। यह समय और समाज के साथ चलने वाली वह प्रक्रिया है जो व्यक्ति की अंतर्निहित शक्तियों का विकास करते हुए उसके ज्ञान, कौशल और दक्षताओं में वृद्धि करती है। शिक्षा एक सभ्य और सुसंस्कृत समाज के निर्माण हेतु अपेक्षित कार्य, व्यवहार और दायित्वों का भी बोध कराती है। इससे व्यक्ति का बहुमुखी विकास होता है और किसी भी राष्ट्र के संवैधानिक स्वरूप के अनुरूप समाज का निर्माण होता है।

भारत एक मज़बूत लोकतांत्रिक व्यवस्था संपन्न राष्ट्र है। लोकतंत्र या प्रजातंत्र ऐसी शासन प्रणाली होती है जिसमें जनता स्वेच्छा से मतदान करते हुए अपने पसंदीदा जनप्रतिनिधियों का चुनाव करती है। इस प्रकार यह जनता के लिए, जनता की तथा जनता द्वारा संचालित शासन व्यवस्था है। स्वाभाविक ही है कि इस व्यवस्था में जनआकांक्षाएं और जनभावनाएं शामिल होती हैं,अतः चुने गए प्रतिनिधियों का यह दायित्व होता है कि वे जनता की इन अपेक्षाओं पर खरा उतरें।

एक न्यायपूर्ण, लोकहितकारी व समावेशी लोकतांत्रिक व्यवस्था में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। शिक्षा लोकतांत्रिक व्यवस्था में न केवल व्यक्तियों की सार्थक भागीदारी को बढ़ावा देती है बल्कि राष्ट्रहित में उपयुक्त व्यक्ति के चयन का तार्किक आधार भी बनती है। इस प्रकार शिक्षा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सहभागी बन सामाजिक एकता, समता, समानता, सामाजिक न्याय और स्वतंत्रता के सिद्धांतों पर आधारित समाज के निर्माण में योगदान देती है। इस दृष्टि से देखें तो शिक्षा और लोकतंत्र का अन्योन्याश्रित संबंध है। दोनों एक दूसरे बिना आधे-अधूरे और लगभग अर्थहीन हैं। अतः आवश्यक है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में शिक्षा को 'प्रमुख एजेंडा' निर्धारित किया जाय। जिस एजेंडा में प्रत्येक व्यक्ति को शिक्षा और उससे जुड़े कला -कौशलों को हासिल कर स्वयं तथा समाज की प्रगति में योगदान देने योग्य बनाने की प्रतिबद्धता शामिल हो।

> देश की बड़ी आबादी दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है जहां विकास की प्रक्रिया अपेक्षाकृत धीमी गति से पहुंचती है। तकनीकी दौर में शिक्षा में हो रहा हर नवाचार त्वरित गति से हर शिक्षार्थी तक पहुंचे यह सुनिश्चित हो। हर क्षेत्र, वर्ग, समुदाय की शैक्षिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु समुचित भौतिक एवं मानवीय संसाधनों की उपलब्धता हो। राष्ट्रीय शिक्षा नीति और उससे पूर्व की शिक्षा नीतियां समय-समय पर शिक्षा में जिस पूंजीगत निवेश और सुधारों की सिफ़ारिश करती रही हैं उनमें से कितनी अमली जामा पहन चुकी और किन पर काम किया जाना शेष है इसकी सुविचारित योजना होनी चाहिए।

निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम(आरटीई)-2009 के अंतर्गत पूर्णकालिक प्रारंभिक शिक्षा को हर बच्चे का मौलिक अधिकार घोषित किया गया है। इसके तहत प्रत्येक बच्चे को प्रारंभिक स्तर पर किसी भी औपचारिक विद्यालय में जो कुछ अनिवार्य मानकों और मानदंडों को पूरा करता हो, गुणवत्तापूर्ण एवं पूर्णकालिक शिक्षा का अधिकार प्राप्त है। स्वाभाविक ही है कि बुनियादी शिक्षा किसी भी व्यक्ति के मौलिक अधिकारों में शामिल है जिसे हर स्तर पर बेहतर होना चाहिए। और यह मुद्दा किसी भी चुनाव में, किसी भी पार्टी के चुनावी एजेंडे, विमर्शों और वोट हेतु संपर्क की गतिविधियों में प्रमुखता से होना चाहिए।

विगत तीन दशकों में शिक्षा उन्नयन हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं-परियोजनाओं के चलते शिक्षा में कई स्तरों पर सुधार हुए हैं और यह भौतिक संसाधनों की उपलब्धता, पहुंच के विस्तार, क्षमता वर्धन के रूप में दिखते हैं लेकिन पूर्व और वर्तमान की शिक्षा नीतियों के मार्गदर्शक बिंदुओं के आधार पर अभी शिक्षा के अपेक्षित लक्ष्यों को हासिल किया जाना शेष है। जिसके लिए आवश्यक है कि ये लक्ष्य किसी भी राजनैतिक दल के चुनावी घोषणा पत्र में प्रमुखता से शामिल हों।

कोरोना त्रासदी के दौरान और उसके बाद जीवन यापन के तौर तरीकों व अवसरों में व्यापक बदलाव आए हैं। इस अप्रत्याशित त्रासदी ने वैश्विक स्तर पर जीवन यापन के सुरक्षित और स्थिर समझे जाने वाले तौर-तरीकों पर भी प्रहार किया। स्वाभाविक ही है कि वर्तमान परिस्थितियों में जीवन के लिए शिक्षा हेतु नई संभावनाओं, अवसरों और साधनों-संसाधनों को शामिल करना होगा जो कि सामाजिक और राजनैतिक विमर्श की प्राथमिकता का बिंदु होना चाहिए।

हर क्षेत्र की सामाजिक, आर्थिक, भौगोलिक एवं परिस्थितिगत विविधता के अनुसार शिक्षा से जुड़े मुद्दों में भिन्नता हो सकती है। आवश्यक है कि उस भिन्नता के परिप्रेक्ष्य में ही उस क्षेत्र का शैक्षिक एजेंडा तय हो जिसमें तत्कालीन परिस्थितियों में शिक्षा की बेहतरी का सुस्पष्ट विजन और क्रियान्वयन योजना हो। यह सुधार किसी पैचवर्क की तरह न होकर सतत, सोद्देश्य एवं परिणामी हों।

देश की बड़ी आबादी दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है जहां विकास की प्रक्रिया अपेक्षाकृत धीमी गति से पहुंचती है। तकनीकी दौर में शिक्षा में हो रहा हर नवाचार त्वरित गति से हर शिक्षार्थी तक पहुंचे यह सुनिश्चित हो। हर क्षेत्र, वर्ग, समुदाय की शैक्षिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु समुचित भौतिक एवं मानवीय संसाधनों की उपलब्धता हो। राष्ट्रीय शिक्षा नीति और उससे पूर्व की शिक्षा नीतियां समय-समय पर शिक्षा में जिस पूंजीगत निवेश और सुधारों की सिफ़ारिश करती रही हैं उनमें से कितनी अमली जामा पहन चुकी और किन पर काम किया जाना शेष है इसकी सुविचारित योजना होनी चाहिए। सरकारी व ग़ैर सरकारी विद्यालयों में शिक्षा को लेकर जो विविध प्रकार की असमानताएं दिखाई देती हैं उनको दूर कर समतामूलक व समावेशी शिक्षा वातावरण निर्माण की प्रतिबद्धता होनी चाहिए। शिक्षा केवल विद्यालयों की स्थापना और शिक्षकों की नियुक्ति भर नहीं है। शिक्षा विभिन्न प्रकार के पूर्वाग्रहों और विषमताओं से मुक्ति भी है। जरूरी है कि राजनीतिक दल अपने चुनावी घोषणा पत्र में स्पष्ट करें कि उनका प्रारंभिक स्तर से उच्च शिक्षा तक वांछित सुधार हेतु विज़न क्या है और विद्यालयों में अच्छी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए वे इसका क्रियान्वयन किस प्रकार करेंगे। इसके लिए किन-किन स्तरों पर किस प्रकार के बदलाव करेंगे तथा इसमें समुदाय और परिवेशीय संसाधनों की क्या भूमिका होगी। बेहतर हो कि इसका सुनियोजित खाका हो तथा बदलाव केवल भौतिक संसाधनों तक ही सीमित न हो। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 शिक्षा के जरिए व्यावसायिक शिक्षा और कौशल विकास पर प्रमुखता से बल देती है। एजेंडा इस बिंदु पर भी सुविचारित दृष्टिकोण प्रस्तुत करें कि इसके लिए स्थानीय शिल्प, कला, संस्कृति तथा अन्य वैशिष्ट्य का शिक्षा में किस प्रकार समावेश किया जाएगा ताकि समृद्ध विरासत, परंपरागत ज्ञान व कौशल जीवन यापन का मज़बूत आधार बन सके।

लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदान को महापर्व माना गया है। यह वह अवसर है जिसमें हम अपने और समाज की बेहतरी के लिए सुयोग्य उम्मीदवार का चयन करते हैं। बेहतर समाज बेहतर शिक्षा से ही संभव होता है। इसलिए ज़रूरी है कि उसे वोट किया जाय जिसके एजेंडे में सुशिक्षा शीर्ष पर हो। जो शिक्षा की बेहतरी के लिए संकल्पित हो और प्रतिबद्ध भी।

## प्रसंगवश

# लगातार दरक रहीं पहाड़ियां बड़ी आपदा की आहट

भारत के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों में शुमार झील नगरी नैनीताल, जिसे सरोवर नगरी भी कहा जाता है, के बसासत की वर्षगांठ हर साल केक काटकर व चंद सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाई जाती है। पर आजादी के बाद के दशकों में विशेषकर सत्तर व अस्सी के दशक में पूरी तरह से कंक्रीट के जंगल में तब्दील हो चुके और अपने अस्तित्व को बचाने के लिए जूझ रहे इस नगर को सजाने की नहीं बल्कि संवारने और बचाने की जरूरत है।

1841 में अंग्रेज यायावर और शिकारी पीटर बैरन ने जब गरमपानी नामक स्थल से शिकार की तलाश मे पैदल यहां पहुंचकर इस सुंदर जगह को देखा था, तब उसने कल्पना भी नहीं की होगी कि इतनी जल्दी इस नगर के चेहरे पर बुढ़ापे की झुर्रियां नजर आने लगेंगी और लगातार दरकती पहाड़ियों के बीच भू वैज्ञानिक और पर्यावरणविद इसकी उम्र पर भी प्रश्न चिन्ह लगाने लगेंगे। भूस्खलन, अवैध निर्माण, पेड़ों का कटान और झील की गंदगी नैनीताल के सौंदर्य को दीमक की तरह चाटती जा रहे है।

दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

अंग्रेजों ने सदियों तक यहां की पहचान कायम रहे, इसके लिए कुछ नियम व कायदे कानून बनाए थे परंतु आजादी के बाद हिंदुस्तानी साहबों और हम भदेस नागरिकों ने मनमाफिक तरीकों से नगर का दोहन करने मे कोई कसर नहीं छोड़ी। नतीजन जहां पहाड़ खोदना मना था वहां नियमों को ताक पर रखकर बड़े बड़े होटल और काटेज, आवासीय व सरकारी भवन बना दिए गए।

नैनीताल की कमजोरी और लगातार टूट रही पहाड़ियां जबर्दस्त दबाव में है और इसीलिए समय-समय पर दरक कर भविष्य की किसी बड़ी आपदा की आहट देती है। गौरतलब है कि नैनीताल जोन चार व पांच के मध्य अति संवेदनशील भूकंपीय क्षेत्र में बसा है। भूकंप का हल्का सा कंपन भी नैनीताल की कमजोर पहाड़ियों को हिला कर रख देता है। नैनीताल मे पहली बार भूस्खलन 1866 में हुआ था, तब जान माल का अधिक नुकसान नहीं हुआ था। लेकिन सन् 1880 में झील के उतर पूर्व की पहाड़ी पर हुए विनाशकारी भूस्खलन को भला कौन भूल सकता है जिसने चंद सेकेंड में नगर का नक्शा ही बदल दिया था। कई लोग भूस्खलन में दब कर मारे गए थे।

इस भूस्खलन में मल्लीताल स्थित प्राचीन नैना देवी मंदिर पूरी तरह से मलबे मे दब कर नष्ट हो गया था और झील का बड़ा हिस्सा पट कर एक बड़े मैदान में तब्दील हो गया, जिसे आज हम फ्लैट के रुप में देखते हैं। सोचो अगर वो भूस्खलन न हुआ होता तो आज नैनी झील कितनी बड़ी होती। तब बसासत बहुत कम थी, सोचो फिर कभी ऐसा भूस्खलन हुआ या कोई बड़ा भूकंप आ जाए तो नगर में किस कदर जान माल का नुकसान होगा।

अंग्रेज अफसर नैनीताल के प्रति अतिरिक्त रुप से सावधान थे। उस दौर में पहाड़ खोदना, पक्के मकान बनाना, माल रोड पर भारी वाहन चलाना मना था। ऐसा करने पर जुर्माने व सजा का प्रावधान था, पर आज हालात यह हैं कि नगर मे ऊपर पहाड़ी क्षेत्र जहां छोटे बड़े भवनों, होटलों से कैद है तो नीचे माल रोड व फ्लैट में वाहनों का भारी सैलाब है। नतीजन लोअर मालरोड कई जगहों पर दरकने धंसने लगी है।

अंग्रेजों ने नैनीताल को भूस्खलन से बचाने के लिए 70 से अधिक छोटे बड़े नाले बनाए थे ताकि बरसात का पानी पहाड़ में जमा न हो, पर आज अधिकांश नालों को पाटकर उनके ऊपर मकान या होटल बना दिए गए हैं। जो बचे है उनका भी रखरखाव नहीं किया जा रहा है। झील भी प्रदूषित है। मलबा और कई जगहों पर सीवर लाइनों का रिसाव बेरोकटोक झील के गर्भ में समा रहा है।

नैनीताल को उजाड़ने की संभावना अब नहीं बची है। नैनीताल की पहाडियों में अब पेड़ नहीं बल्कि जहां देखो वहां मकान ही मकान नजर आते हैं। लेकिन इसे बचाने और संवारने के प्रयास तो किए जाने ही चाहिए। प्रशासन से तो कभी ऐसी उम्मीद रही नहीं क्योंकि हर अफसर को नैनीताल में ही आफिस चाहिए और जो यहां आता है वो फिर यहां से जाना नहीं चाहता। स्थानीय लोग कभी कभार आवाज़ उठाते भी हैं तो उनकी आवाज दबा दी जाती है। वैसे भी ऐसे प्रयास कम ही नजर आते है और थोड़ा बहुत कुछ होता भी है तो वह महज प्रतीकात्मक और उसमें प्रचार पाने की चाह अधिक होती है।

# चुनाव में डीपफेक से मुकाबले को आयोग की तैयारी

'डीपफेक' की उन्मादी करतूतों से आगामी लोकसभा चुनाव में व्यापक प्रभाव डालने की संभावनाओं ने भारतीय चुनाव आयोग को खासा चिंतित किया हुआ है। अति संवेदनशील मसले पर चुनाव आयोग ने गंभीरता से विचार-विमर्श के बाद एक नई तरकीब खोजी है। तरीका ये है कि आयोग लोकसभा-2024 चुनावों को स्वतंत्र और निष्पक्ष संचालन के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई तकनीक का उपयोग करेगा। इसके लिए एक अलग से विभाग स्थापित किया है। जो सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भ्रामक और गलत सूचनाओं को चिन्हित कर उन्हें ऑटोमेटिक हटाएगा।

आयोग के शीर्ष अधिकारियों ने एआई तकनीक विशेषज्ञों से इसके लिए प्रशिक्षण लेकर राज्य के चुनाव आयोग के साथ अपने अनुभव शेयर किए हैं। तसल्ली करके और अच्छे से जांच-परखने के बाद मुख्य चुनाव आयोग ने इस तकनीक को आगामी चुनाव में उपयोग करने का मन बनाया। चुनाव में एआई कैसे काम करेगा, इसके संबंध में बताया जाता है कि ऑथेंटिकेटर ऐप ईसीआई ऑथेंटिकेटर ऐप विभिन्न एल्गोरिथम का उपयोग करके निर्वाध और सुरक्षित टू-वे ऑथेंटिकेशन का प्रबंधन करेगा, जो प्रयोक्ताओं को एसएमएस आधारित ओटीपी या ई-मेल ओटीपी की आवश्यकता के बिना सुरक्षित रूप से लॉग इन करने में मदद करेगा। कहावत है कि 'लोहा ही लोहे को काटता है'। ठीक उसी तर्ज पर एआई का उपयोगी वर्जन ही एआई के डीपफेक तकनीक से इस बार मुकाबला करेगा। चुनाव में एआई तकनीक चुनावों की निगरानी, एनालिसिस और भ्रामक सामग्रियों को ट्रैक करेगा। नकली-बनावटी वीडियो, झूठी खबरें,

डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

> आयोग के शीर्ष अधिकारियों ने एआई तकनीक विशेषज्ञों से इसके लिए प्रशिक्षण लेकर राज्य के चुनाव आयोग के साथ अपने अनुभव शेयर किए हैं।

फेक चेहरों की पहचान करेगा। समय से पहले ही गलत सूचनाओं को जंगल में आग लगने से पूर्व बुझाता रहेगा। एआई की ये तकनीक जल्द नकली सामग्री का मिलान वास्तविक वस्तु से कर लेगी।

2019-लोकसभा चुनाव में विपक्षी दलों ने ईवीएम में वोट की गड़बड़ी का एक बड़ा आरोप लगाया था। जांच हुई तो उनके कुछ आरोप सही भी साबित हुए। तब, 8 वोटर वेरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) के मिलान में आयोग ने खुद अंतर पाया था, यानी .0004 फीसदी वोटों का मिलान नहीं हो सका। संभावनाएं है, ऐसी हरकतों पर अंकुश लगाने में एआई तकनीक कारगर साबित हो सकती है। सोशल मीडिया का युग है, जहां, बात निकलती है, तो दूर तक जा पहुंचती है। पूर्व में संपन्न हुए तमाम इलेक्शनों में अनगिनत ऐसी अप्रिय घटनाएं घटित हुईं, जिसके बाद वोटरों का शक चुनावी प्रक्रियाओं पर भी गहराया? आयोग के काम करने के तरीकों और ईवीएम मशीनों का प्रयोग अब सवालों के घेरे में है ही?

दरअसल, इन आरापों के पीछे डीपफेक की हरकतें ही ज्यादा थी, जो बाद में पकड़ में आईं? आयोग की निष्पक्षता पर तो विपक्षी दल सवाल उठाते ही थे, अब सत्तारूढ़ दल से मिलीभगत के भी आरोप लगने लगे हैं। डीपफेक की गिरफ्त में नामी हस्तियां ज्यादा फंस रही हैं। खुद प्रधानमंत्री तक इसकी चपेट में आ चुके हैं। बड़े टीवी एंकरों की गलत आवाजें इस वक्त सोशल मीडिया में फैली ही हुई हैं। निश्चित रूप से समस्या विकराल हो गई है। इसलिए आगामी चुनाव साफ-सुथरे निपटे जिसको लेकर मुख्य चुनाव आयोग बेहद गंभीर है।

केंद्र सरकार भी इस बात को मानती है कि गलत सूचनाओं को रोकना बड़ी चुनौती है? खासकर चुनावों के समय कुछ ज्यादा ही? इनका तीन व्यापक क्षेत्रों में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में हेरफेर अधिक होता है। अव्वल, मतदाता के पक्ष में, दूसरा उम्मीदवार के पक्ष में, और तीसरा मतगणना प्रक्रिया में। लोकसभा-2024 में डीपफेक के जरिए खुराफाती तत्व नेताओं द्वारा झूठे चुनावी वादे और घोषणापत्र में पार्टी के एजेंडे के विपरीत बातों को ज्यादा फैलाने की संभावना है। इसलिए चुनाव आयोग ने अलग विभाग बनाकर एआई के माध्यम से ही इनकी कमर तोड़ने का प्लान बनाया है। इस अपराध के लिए सख्त कानून की जरूरत है क्योंकि मौजूदा भारत दंड संहिता-1860, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम-2000 व सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम-2021 से काम नहीं चलेगा। इस क्षेत्र में नापाक हरकतें जिस तेजी से बढ़ी हैं, उसे देखते हुए अलहदा कठोर कानून बनाए जाने की दरकार है। फिलहाल, देखते हैं लोकसभा चुनाव में डीपफेक की करतूतों पर अंकुश लगाने में चुनाव आयोग की 'एआई' तकनीक कितनी कारगर साबित होती है।

## सोशल फोरम

# पर अंधेरा तो अंधेरा है

तमसो मा ज्योतिर्गमय। बृहदारण्यकोपनिषद् का श्लोक है ये। इसका अर्थ है मुझे मुझे अंधकार से प्रकाश की ओर ले चलो। असत्य से सत्य की ओर ले चलने की प्रार्थना है ये। प्रार्थनाएं आवश्यक हैं ये ढांढस बंधाती है हमें और अच्छे दिनों के आश्वासन सी प्रतीत होती हैं।

मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

प्रार्थना तो कर लें आप, पर तनिक रूक कर यह भी सोचें, किसी को अंधकार से प्रकाश की तरफ ले जाना आसान काम है? सबके बस की बात है नहीं ये। कभी एक बेहद कठिन, उबड़ खाबड़ रास्ता बुद्ध ने सुझाया था इस बाबत। अप्प दीपो भवः। अपना दीपक खुद बनो। अपना दीपक बनना आसान नहीं। खुद को तपाना पड़ता है इस राह में। कौन इस झंझट में पड़े? अपने आप को कष्ट देना कौन सी अक़्लमंदी है? ऐसे में बुद्ध से सहमत होने वाले अब ढूंढें से भी नहीं मिलते और उनका बताया रास्ता वीरान पड़ा रहता है।

पर अंधेरा तो अंधेरा है। लगातार और गहरा भी होता जा रहा है। इस अंधेरे से कौन बचा है अब? ये अंधेरा बेचैन भी करता है और डराता भी है। ऐसे में जो दिलासा दे देता है जनता को कि उसे प्रकाश की तरफ ले जाने के लिए भगवान की तरफ से नियुक्त किया गया है, जनता उसका दामन पकड़ लेती है। उसकी हर बात मानती है और वो चाहे तो तन मन धन से भी समर्पित होने से इनकार नहीं करती। कुल मिलाकर आज की तारीख में इससे चोखा काम कोई दूसरा नहीं है।

मुमकिन है आपकी अब तक ऐसे किसी विशेषज्ञ से मुलाक़ात न हुई हो अब तक। ऐसे में आपकी जानकारी के लिए विनम्रतापूर्वक बताना चाहता हूं मैं आपको। प्रकाश की तरफ ले जाने के मामले में महारत हासिल है मुझे। और मैं यह चाहता हूं सारा संसार लाभान्वित हो मेरी प्रतिभा से। ऐसा महात्मा हूं मैं जो लैंप पोस्ट की तरह जगमग है। आप किंकर्तव्यविमूढ़ हों। जूझ रहें हों मन में उमड़ते घुमड़ते प्रश्नों से। तमस से घबरा रहे हों और अपनी जेब ढीली करने के लिए प्रस्तुत हों तो मेरी शरण में आ सकते हैं।

**-फेसबुक वॉल से**

# निवृत्ति का अनुशासन और संयम ही सही मार्ग

कभी-कभी काम इतना ज्यादा होता है और काम करने की प्रवृत्ति इतनी ज्यादा होती है कि ऐसा लगता है कि हमें अतुलित बल और बुद्धि मिल जाए और हम सब जो चाहते हैं वो कर सकें। ऐसी ही इच्छा से आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस एवं रोबोटिक्स इस दुनिया में आगे बढ़ रहे हैं और ये अनुमान है कि कुछ ही वर्षों में ये किसी भी मनुष्य की बौद्धिक एवं शारीरिक क्षमताओं को पीछे छोड़ देंगे। अगर जानकारों की मानें तो शायद दस पंद्रह वर्षों में ही एक सामान्य कंप्यूटर समस्त मनुष्य की क्षमताओं से आगे हो। ये बात कितनी सही है और वास्तव में कैसे होगी यह तो भविष्य के गर्भ में है। किंतु ऐसी इच्छाएं तो सदैव से ही हैं किसी ना किसी रूप में। जैसे महाभारत का उदाहरण लें तो रथी, अतिरथी, महारथी, महातिरथी आदि संज्ञाएं यौद्धिक क्षमताओं को बताने के लिये प्रयुक्त होती हैं।

डॉ. अजय शुक्ल
वरिष्ठ चिकित्सक, लखनऊ

अतिरथी का मतलब है, रथ में बैठकर युद्ध करने वाला महारथी योद्धा जो अजेय के रूप में प्रसिद्ध हो। अतिरथी एक ऐसा योद्धा होता है जो दिव्यास्त्रों का ज्ञान रखता हो और 12 रथियों, यानी 60,000 योद्धाओं से मुकाबला करने में सक्षम हो। वह सभी प्रकार के हथियारों और युद्ध कौशल में निपुण हो। अतिमहारथी उसे कहा जाता है जो 12 महारथी श्रेणी के योद्धाओं, यानी 86,40,000 सशस्त्र योद्धाओं से युद्ध लड़ने की क्षमता रखता हो। जिसके पास तीनों महास्त्र-ब्रह्मास्त्र, नारायणास्त्र और पाशुपतास्त्र होते थे उसे अतिमहारथी माना जाता था। अगर हम रामायण के योद्धाओं की बात करें, तो भगवान श्रीराम अतिमहारथी थे। महारथी को 12 अतिरथियों के बराबर माना जाता है। अति-महारथी को 12 महारथियों के बराबर माना जाता है। महामहारथी को 24 अति-महारथियों के बराबर माना जाता है ऐसे ही असीमित क्षमताओं की इच्छा से ही हिरणाक्ष ने संपूर्ण पृथ्वी को तो, रावण ने कैलाश को उठाया था। रावण के दस सर भी इसी असीमित राग का परिणाम है। कौन्तेय अर्जुन के अलावा, एक और कार्तवीर्य अर्जुन को भी हमें जानना चाहिए। पौराणिक कथाओं में सहस्त्रबाहु के नाम से प्रख्यात, सब कुछ करने की इक्छा से तप से हज़ारों भुजाओं को प्राप्त कर, जिसने रावण को हराया था कामधेनु को प्राप्त करने की दुर्चेष्टा से परशुराम जी से युद्ध किया। ना केवल यह दुःसाहस ने उसे नष्ट किया बल्कि क्षत्रिय वंशों को भी उसका दंड भोगना पड़ा।

चाहे राम से रावण का वध हो या परशुराम का अर्जुन के सहस्र बाहुओं को काटना यह बतलाता है कि विश्व के अनंत शक्ति के स्वामी प्रभु की क्षमताओं को मनुष्य को धारण करने की लिए ईश्वर का अनुराग,बहुत संयम और धर्म के आचरण की आवश्यकता होती है। नहीं तो अपनी शक्ति ही अपने विनाश का कारण बनती हैं। शक्ति के धारण के लिए या तो स्वयं ईश्वर राम, कृष्ण, परशुराम आदि आए या उनके अनुशासन में रहने वाले कुंती के अर्जुन। रावण को हराया तो बाली ने भी था, और सहस्त्रबाहु ने भी परंतु, पूजा राम की होती है क्योंकि वो उत्तम पुरुष हैं एवं मर्यादा स्वरूप में हैं अधम पुरुष और अमर्यादित शक्ति विनाश का ही बीज हैं यह हमें जानना चाहिए। इसलिए प्रवृति से प्रवृति ना पैदा हो नहीं तो कैंसर बन जाएगा। प्रवृत्ति से कार्य सिद्धि के बाद, निवृत्ति का अनुशासन और संयम ही सही मार्ग हैं सनातन काल से आज भी कल भी कभी भी। (यः पश्यति स पश्यति)

# राम और रमा दोनों को लाए हैं

पिछले दिनों भाजपा प्रवर्तित एक नारा खूब गूंजा, 'हम राम को लाए हैं'। भक्तों ने इसमें यह जोड़कर चार चांद जड़ दिए कि 'अब राम जी इन्हें लाएंगे' यानी लोकसभा चुनाव में सत्ता में फिर से बिठाएंगे। इधर मालूम हुआ कि वे राम के साथ-साथ रमा (लक्ष्मी)को भी लाएं हैं। राम को तो आम आदमी के लिए लाए किंतु रमा(पैसा)को सिर्फ अपने लिए। बात स्टेट बैंक के चुनावी बाण्डों की कर रहा हूं। यह एक चालाकी भरी धन उगाही की योजना थी। इसके तहत केवल सरकारी बैंक(स्टेट बैंक)को अधिकृत किया गया था कि वह राजनीतिक दलों को चंदा देने वाले लोगों और कंपनियों आदि से धन जमा करवाकर बांड दे दे। दाताओं का नाम उजागर नहीं होगा। प्राप्तकर्ता उसे बैंक से भुना लेगा। पैसा आ जाएगा। किसी को कुछ पता नहीं चलेगा। गांव गिरांव की भाषा में इसे कहते हैं, 'ऊट की चोरी निहुरे निहुरे'। लेकिन ऊंट पर सुप्रीम कोर्ट की नजर पड़ गई और सब गुड़ गोबर हो गया। इस सबसे बड़ी अदालत ने पूरी योजना अवैध घोषित कर दी। यही नहीं अदालत ने गोपनीयता यानी चोरी का पर्दाफाश करने का भी आदेश दे दिया। तब सरकारी बैंक ने सरकार चाटुकारिता करते हुए एक कोशिश की उसे सब कुछ प्रकाशित करने के लिए जून तक समय दिया जाए। सुप्रीमकोर्ट ने 15 मार्च तक की तिथि- रेखा सब कुछ प्रकाशित करने के लिए निर्धारित कर दी। स्टेट बैंक और चुनाव आयोग ने विवरण प्रकाशित कर दिया, जिसके अनुसार भाजपा साढ़े छह हजार करोड़ से ऊपर की सबसे बड़ी रकम की दान ग्रहीता निकली। दानियों में ऐसे भी हैं,जिन पर प्रवर्तन निदेशालय की तलवार लटकी थी और दान के बाद हट गई। यही नहीं, ऐसे दानदाता भी प्रकाश में आ गए, जिन्हें दानोपरांत अगले ही दिन हजारों करोड़ रुपये की सरकारी परियोजना का ठेका मिल गया। यह उदाहरण महाराष्ट्र का है, जहां तोड़-फोड़कर करके बनी शिवसेना-भाजपा की सरकार है। गोस्वामी तुलसीदास ने कहा है, 'रमा विलास राम अनुरागी। तजत वमन जिमि जन बड़ भागी'।। यानी उनके अनुसार राम के सच्चे भक्त रमा का त्याग करते हैं। धर्म मार्ग में 'अपरिग्रह' को सभी ने महत्व दिया है। पतंजलि ने भी 'योग दर्शन' में विभूतियों की उपेक्षा करने की ही सलाह दी है। लगता है धर्म धुरीण भाजपाइयों के दांतों के अलग-अलग दो सेट हैं। दिखाते राम वाले हैं और खाते रमा वालों से हैं। इस लाने और लिवाने के नारों के बीच हमें 2014 से पहले का समय याद आ रहा है,जब हम कांग्रेस के घोटालों से त्रस्त होकर भाजपा को लाए थे, किंतु अब!

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

केसी पंत, एनडी तिवारी को जीत के साथ शिकस्त भी मिली, पूर्व मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री हरीश रावत व केंद्रीय राज्यमंत्री बची सिंह रावत भी हारे

# दिग्गजों को भी धूल चटा चुकी है नैनीताल सीट




**1977** में हुए चुनाव में भारतीय लोक दल के भारत भूषण ने जीत हासिल कर पंत परिवार के विजय रथ को रोका

**2014** में कांग्रेस के केसी सिंह बाबा को हराकर भाजपा प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी को मिली जीत

● अरविंद मलिक, हल्द्वानी

भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की कर्मस्थली होने से नैनीताल लोकसभा सीट की पहचान आजादी के बाद से ही मुख्य सीटों में रही है। शुरुआती तीन दशक तक यह सीट भारत रत्न गोविंद बल्लभ पंत के परिवार के पास ही रही। अलग-अलग वक्त पर देश भर में चली लहर का असर इस सीट पर भी रहा है। इमरजेंसी, रामलहर और मंडल कमीशन को लेकर चली बयार में यहां की जनता देश के साथ खड़ी दिखाई दी। कई बार इस सीट ने जहां नए प्रत्याशियों को मौका दिया, वहीं दिग्गजों को हराकर मैदान से बाहर कर दिया।

आजादी के बाद हुए पहले 1951 एवं दूसरे चुनाव 1957 में लगातार दो बार गोविंद बल्लभ पंत के दामाद सीडी पंत नैनीताल सीट से विजयी हुए थे। इसके बाद 1962, 67 एवं 71 में श्री पंत के पुत्र केसी पंत ने इस सीट पर हैट्रिक बनाते हुए कांग्रेस का वर्चस्व बरकरार रखा। इमरजेंसी के बाद 1977 में हुए चुनाव में भारतीय लोक दल के भारत भूषण ने जीत हासिल कर पंत परिवार के विजय रथ को रोक दिया। इसके बाद कांग्रेस का झंडा लेकर मैदान में आए पूर्व मुख्यमंत्री एनडी तिवारी ने 1980 में भालोद के भारत भूषण को पराजित कर दिया। 1984 में तिवारी के करीबी सत्येंद्र चंद्र गुड़िया ने जीत दर्ज की।

1989 में देश भर में मंडल कमीशन को लेकर उठी बयार के साथ यहां की जनता ने कांग्रेस को हराकर जनता दल के डा.महेंद्र पाल को विजयी बनाया। वर्ष 1991 में राम लहर के चलते एक बार फिर कांग्रेस को इस सीट से हार का मुंह देखना पड़ा। भाजपा के बलराज पासी ने नारायण दत्त तिवारी को हराया था। 1996 में नारायण दत्त तिवारी (तिवारी कांग्रेस) से मैदान में उतरे और विजयी हुए। वहीं 1998 में गोविंद बल्लभ पंत की पुत्रवधु इला पंत को भाजपा ने चुनाव में उतारा। इला पंत ने एनडी तिवारी को शिकस्त देकर अपनी पारिवारिक सीट पर फिर से कब्जा कर लिया। 1999 में एनडी तिवारी कांग्रेस से चुनाव लडे.और जीत हासिल की। तिवारी के उत्तराखंड का मुख्यमंत्री बन जाने पर वर्ष 2002 में इस सीट पर उपचुनाव हुआ। जिसमें कांग्रेस के डा.महेंद्र पाल विजयी रहे। 2004 व 2009 में लगातार दो बार कांग्रेस से करन चंद सिंह बाबा सांसद निर्वाचित हुए। 2009 में भाजपा ने केंद्रीय राज्यमंत्री बची सिंह रावत को मैदान में उतारा था। जिसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा। 2014 में कांग्रेस के केसी सिंह बाबा को हराकर भाजपा प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने जीत हासिल की। 2019 में भाजपा के अजय भट्ट विजयी हुए। उन्होंने कांग्रेस के दिग्गज हरीश रावत को हराया।


केसी पंत

एनडी तिवारी

बची सिंह रावत


हरीश रावत

### 12 बार कांग्रेस और 4 बार भाजपा का कब्जा

नैनीताल सीट पर आजादी के बाद से अब तक 18 बार चुनाव हुए हैं। इसमें 12 बार कांग्रेस ने और 4 बार भाजपा ने जीत हासिल की है। जनता दल व जनता पार्टी को भी एक-एक बार सफलता मिली है। एक बार यह सीट पर तिवारी कांग्रेस ने जीती। कांग्रेस छोड़ने के बाद एनडी तिवारी ने तब तिवारी कांग्रेस का गठन किया था।

### कब कौन रहा विजयी

| चुनाव | सदस्य | पार्टी |
|---|---|---|
| 1951-52 व 1957 | चंद्र दत्त पांडे | इंडियन नेशनल कांग्रेस |
| 1962 व 1967 | कृष्ण चंद्र पंत | इंडियन नेशनल कांग्रेस |
| 1971 | कृष्ण चंद्र पंत | इंडियन नेशनल कांग्रेस (आर) |
| 1977 | भारत भूषण | जनता पार्टी |
| 1980 | नारायण दत्त तिवारी | इंडियन नेशनल कांग्रेस (आई) |
| 1984 | सत्येंद्र चंद्र गुडिया | इंडियन नेशनल कांग्रेस (आई) |
| 1989 | महेंद्र सिंह पाल | जनता दल |
| 1991 | बलराज पासी | भारतीय जनता पार्टी |
| 1996 | नारायण दत्त तिवारी | ऑल इंडिया इंदिरा कांग्रेस (तिवारी) |
| 1998 | इला पंत | भारतीय जनता पार्टी |
| 1999 | नारायण दत्त तिवारी | इंडियन नेशनल कांग्रेस |
| 2002 | महेंद्र सिंह पाल | इंडियन नेशनल कांग्रेस |
| 2004 व 2009 | करन चंद सिंह बाबा | इंडियन नेशनल कांग्रेस |
| 2014 | भगत सिंह कोश्यारी | भारतीय जनता पार्टी |
| 2019 | अजय भट्ट | भारतीय जनता पार्टी |

### जीतते एनडी तो बनते प्रधानमंत्री

नैनीताल जिला नारायण दत्त तिवारी की जन्म स्थली के साथ ही कर्मभूमि भी रहा। कई बार उन्होंने विधानसभा और लोकसभा में यहां का प्रतिनिधित्व किया। अविभाजित उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री समेत केंद्र में विभिन्न भूमिकाओं में रहे तिवारी की विकास पुरुष के रूप में पहचान थी। रामलहर में बही नैनीताल लोकसभा सीट की जनता ने उन्हें भी नहीं बख्शा। वर्ष 1991 में उन्हें भाजपा के नौजवान प्रत्याशी बलराज पासी के सामने मुंह की खानी पड़ी। तिवारी कांग्रेस के शीर्ष नेताओं में थे। राजीव गांधी की हत्या के बाद तिवारी प्रधानमंत्री के लिए प्रबल दावेदारों में थे। लेकिन सांसद न बन पाना आड़े आ गया। हर चुनाव में तिवारी की 91 वाली हार चर्चा का विषय रहती है।

### बहेड़ी भी हिस्सा था इस सीट का

नैनीताल लोकसभा सीट में पहले बरेली जिले की बहेड़ी विधानसभा क्षेत्र भी शामिल था। वर्ष 2000 में उत्तराखंड राज्य बन जाने के बाद हुए परिसीमन में बहेड़ी को इससे अलग कर दिया गया। अब इस सीट के अंतर्गत नैनीताल के 5 व ऊधमसिंह नगर जिले के 9 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। नैनीताल जिले के रामनगर विधानसभा क्षेत्र को पौड़ी-गढ़वाल सीट में मिला दिया गया है।

### चुनाव कमाल का...

● 1982 में पहली बार केरल के एर्नाकुलम के परवूर विधानसभा क्षेत्र के 50 बूथों पर ईवीएम का उपयोग किया गया था। 1992 में, संसद ने ईवीएम के उपयोग को वैध बनाने और चुनावों में उनके उपयोग का मार्ग प्रशस्त करने के लिए अधिनियम और नियमों में धारा 61ए शामिल की। चुनाव आयोग ने 1998 से ईवीएम का व्यापक रूप से उपयोग करना शुरू कर दिया।

**53** दलों ने लड़ा था पहला आम चुनाव

**464** पार्टियां 2014 में उतरी थीं मैदान में

**6** राष्ट्रीय दल 2014 में लड़े थे

**39** राज्य स्तरीय दलों ने आजमाई थी किस्मत

**419** रजिस्टर्ड पार्टियों ने आजमाया भाग्य

### चुनावी तीर

अगर जजपा भाजपा से अलग हो गई होती, तो वह अपने विधायकों को विधानसभा में विश्वास मत के दौरान अनुपस्थित रहने के लिए व्हिप जारी नहीं करती। जजपा के व्हिप से साफ पता चलता है कि वे भाजपा की मदद करना चाहते थे और वे अब भी मिले हुए हैं।

**अभय सिंह चौटाला,** इनेलो नेता

देश की जनता इंडिया समूह के साथ है। गुजरात के लोग भी इस बार भाजपा के खिलाफ वोट करने के लिए तैयार हैं। भाजपा को 156 सीटें मिली हैं, इसके बाद भी दूसरी पार्टियों के विधायकों को तोड़कर अपनी पार्टी में ला रहे हैं।

**केजरीवाल,** मुख्यमंत्री दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी को चुनावी बॉण्ड के रूप में 6,000 करोड़ से अधिक मिले, जो किसी भी अन्य पार्टी की तुलना में सबसे बड़ा हिस्सा है। भाजपा यह क्यों नहीं बता रही कि उन्हें कितना पैसा मिला है।

**- सौरभ भारद्वाज,** मंत्री, दिल्ली सरकार

# मुस्लिम मतदाताओं का मन टटोल रहे नेता दल

**22,18,224** कुल मतदाता हैं शाहजहांपुर जिले में

**179** थर्ड जेंडर वोटर

**12,04,551** पुरुष वोटर

**10,13,494** महिला मतदाता

● जिले में हैं लगभग साढे चार लाख मुस्लिम मतदाता

● कांग्रेस, सपा, बसपा और आप की है अल्पसंख्यकों पर नजर

● श्याम मिश्र, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** लोक सभा के लिए राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। हर चुनाव की तरह इस बार भी मुस्लिम मतदाताओं को लेकर कयासबाजी चल रही है। कांग्रेस, सपा, बसपा और आम आदमी पार्टी सहित कई पार्टियों की नजर मुस्लिम मतदाताओं पर है। जिले में लगभग साढ़े चार लाख मुस्लिम मतदाता हैं। मुस्लिम मन टटोलने में दलों के नेता लगे हुए हैं।

2024 के चुनावी मैदान में सपा-कांग्रेस गठबंधन से राजेश कश्यप और भाजपा से मौजूदा सांसद अरुण सागर मैदान में हैं। हाल ही में बसपा सुप्रीमो मायावती ने गठबंधन से अलग चुनाव लड़ने संबंधी बयान दिया था। जिसके बाद से कई दावेदार बसपा से टिकट पाने को जोर आजमाइश कर रहे हैं। भाजपा और गठबंधन के प्रत्याशी के साथ ही दो अन्य संभावित प्रत्याशियों ने भी बैनर, पोस्टर और फ्लेक्स लगाकर चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है।

शाहजहांपुर लोकसभा सीट कभी बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती थी। कांग्रेस के दिग्गज नेता और वर्तमान में उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद के पिता जितेंद्र प्रसाद कई बार शाहजहांपुर के सांसद रहे हैं। उनके बाद कांग्रेस की जड़ें यहां कमजोर होती चली गईं।

शाहजहांपुर

### जिले में अनुमानित जनसंख्या

| धर्म | जनसंख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|
| हिंदू | 2,412,595 | 80.24 |
| मुसलमान | 527,581 | 17.55 |
| ईसाई | 4,630 | 0.15 |
| सिख | 51,090 | 1.70 |
| बौद्ध | 2,312 | 0.08 |
| जैन | 301 | 0.01 |
| अन्य | 84 | -- |

### तीसरी बार जीत की तैयारी में भाजपा

शाहजहांपुर में दो बार कमल खिला चुकी भाजपा तीसरी बार भी कारेई कोर कसर नहीं छोड़ रही। 2014 में कृष्णा राज सांसद चुनी गई थीं। 2019 में अरुण सागर चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचे। अरुण सागर को 58.53 प्रतिशत वोट मिले थे, जबकि बसपा के अमर चंद्र जौहर को 35.73 प्रतिशत वोट हासिल हुए थे। तीसरे नंबर पर रही कांग्रेस को महज तीन प्रतिशत वोटों पर ही संतोष करना पड़ा था।

## ईवीएम से संबंधित कितनी याचिकाओं पर हम करेंगे विचार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की कार्य प्रणाली में अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली एक याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया और कहा कि हर तरीके के सकारात्मक और नकारात्मक पक्ष होते हैं।

शीर्ष अदालत ने एक अन्य याचिका भी खारिज कर दी जिसमें दावा किया गया था कि 2016-19 के दौरान चुनाव आयोग की अभिरक्षा से 'गायब' 19 लाख ईवीएम का इस्तेमाल आगामी लोकसभा चुनाव के परिणामों में हेरफेर करने के लिए किया जा सकता है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की एक पीठ ने कहा कि यह अदालत कई याचिकाओं की पहले ही कई मौकों पर पड़ताल कर चुकी है और ईवीएम के कामकाज से संबंधित विभिन्न मुद्दों से निपट चुकी है। पीठ ने याचिकाकर्ता नंदिनी शर्मा से कहा, हम कितनी याचिकाओं पर विचार करेंगे? हाल में हमने वीवीपीएटी से संबंधित एक याचिका पर विचार किया था।

संसदीय बोर्ड और चुनाव समिति से बाहर किए गए गडकरी को आखिर मिल ही गया टिकट

# संघ का चला ब्रह्मास्त्र हैट्रिक की तैयारी में गडकरी

● ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

भाजपा हाई कमान के अंदरूनी विरोध के बावजूद एक बार फिर केंद्रीय मंत्री और भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन गडकरी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय, नागपुर संसदीय क्षेत्र से चुनाव मैदान में है। पहले उम्मीद थी कि जैसे कई दिग्गजों के टिकट पार्टी ने काटे हैं, इसी तरह गडकरी का नाम भी होगा लेकिन संघ के दबाव के चलते भाजपा हाई कमान को झुकना पड़ा। संगठन से सरकार तक अपनी शर्तों में काम करने के लिए विख्यात गडकरी तब सुर्खियों में आए जब कांग्रेस बाहुल्य नागपुर संसदीय क्षेत्र में उन्होंने ढाई लाख से ज्यादा मतों से जीत दर्ज कराई और इस बार वे हैट्रिक की तैयारी में है।

नागपुर संसदीय क्षेत्र में 6 विधानसभा सीटें हैं जिसमें दो कांग्रेस और चार बीजेपी के कब्जे में हैं। करीब 22 लाख मतदाताओं वाले इस क्षेत्र में दलित मतदाता निर्णायक स्थिति में रहते हैं। वैसे दो लाख मुस्लिम मतदाता भी हैं। यह भी एक तथ्य है कि ब्राह्मण वोट सबसे कम यानी एक लाख होने के बावजूद ब्राह्मण बिरादरी से आने वाले गडकरी ने 2014 एवं 2019 का चुनाव दो लाख से ज्यादा मतों से जीता है। उसकी वजह यहां के 3.5 लाख मराठी मतदाता है। केंद्रीय मंत्री बनने के बाद भाजपा हाईकमान के निशाने पर गडकरी तब आए जब 2019 में उनके कामकाज की सराहना यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने की थी। इतना ही नहीं राजद नेता तेजस्वी यादव ने तो उन्हें अपना अभिभावक तक कह दिया था। विपक्ष द्वारा गडकरी की उक्त तारीफ ने कथित रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से दूरियां पैदा कर दी। हालांकि इसकी कोई औपचारिक पुष्टि नहीं हुई लेकिन जब उन्हें संसदीय बोर्ड और केंद्रीय चुनाव समिति से अलग कर दिया गया तो भाजपा और संघ में गडकरी सर्वाधिक चर्चा में आ गए थे। तभी से माना जा रहा था कि कई दिग्गजों की तरह गडकरी का भी टिकट कटेगा। लेकिन संघ का ब्रह्मास्त्र चला और दूसरी सूची में गडकरी उम्मीदवार घोषित हो गए। अब उनके समक्ष बहुत बड़ी चुनौती है कि क्या गडकरी नागपुर से हैट्रिक लगा पाएंगे? फिलहाल यह दायित्व संघ के स्वयं सेवकों ने संभाल लिया है और वे शानदार जीत के लिए व्यापक चुनाव अभियान में जुट गए हैं। गडकरी का राजनीति में प्रवेश अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से हुआ और युवा मोर्चा होते हुए भाजपा की सक्रिय राजनीति में आए। लेकिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से उनका नाता छात्र जीवन से ही था और उसी का नतीजा है कि उन्हें संघ का संरक्षण अभी तक मिला हुआ है।

### 1995-99 तक कराए 8 हजार करोड़ के निर्माण कार्य

गडकरी 1989 से महाराष्ट्र विधान परिषद के सदस्य रहे और 1999 से 2005 तक विधान परिषद में विपक्ष के नेता थे। वे महाराष्ट्र भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भी रहे और 2010 से 2013 तक भाजपा के सबसे युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे। 1995 से 99 तक महाराष्ट्र में पीडब्ल्यूडी मंत्री थे जिसमें उन्होंने 8 हजार करोड से ज्यादा के निर्माण कार्य करवा कर एक इतिहास रचा था। उन्होंने मुंबई से पुणे तक पहला एक्सप्रेस वे का निर्माण कराया जिससे तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई इतना प्रभावित हुए कि उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की परिकल्पना को जन्म दिया। वाजपेई ने गडकरी को राष्ट्रीय ग्रामीण सड़क विकास समिति का अध्यक्ष भी बनाया था। नागपुर संसदीय क्षेत्र में हमेशा कांग्रेस का कब्जा रहा है 1996 में बनवारी लाल पुरोहित ने भाजपा का पहली बार खाता खोला था। तीसरी बार टिकट मिलने के बाद अब भाजपा खेमे में यह सवाल उठ रहा है कि यदि गडकरी ने नागपुर में हैट्रिक लगाई और केंद्र में भाजपा की सरकार बनती है तो क्या सरकार में उन्हें पहले से ज्यादा महत्व दिया जाएगा?

1996 और 1998 के चुनाव में जीते थे पर 1999 में नहीं लगा पाए थे हैट्रिक, अब 2014 और 19 में कमल खिलाने के बाद फिर हैट्रिक का मौका

# केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप की हैट्रिक बनेगी जीत का सिक्सर

● मनोज त्रिपाठी, कानपुर

जालौन-गरौठा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। यह इलाका एक तरफ पचनद यानी पांच नदियों (यमुना, चंबल, सिंधु, कुंवारी और पहज) के संगम तो दूसरी तरफ बेतवा नदी से घिरा है, इसके बावजूद सूखा ही यहां की प्रमुख समस्या है। करीब 20 लाख मतदाताओं वाली इस लोकसभा सीट में पांच विधानसभा क्षेत्र भोगनीपुर, माधोगढ़, कालपी, उरई, गरौठा आते हैं। भाजपा ने केंद्रीय राज्य मंत्री भानुप्रताप वर्मा को फिर से भरोसा जताते हुए मैदान में उतारा है। यह उनका आठवां चुनाव है। पिछले सात चुनावों में भानुप्रताप को केवल दो बार ही हार मिली है। भानु प्रताप वर्मा के सामने इस मर्तबा हैट्रिक बनाने के साथ ही जीत का सिक्सर लगाने का मौका है।

जालौन लोकसभा सीट पर सपा और बसपा ने अभी अपने प्रत्याशी नहीं घोषित किए हैं। कांग्रेस इस बार सपा से गठबंधन के कारण यहां मैदान से बाहर है। जालौन सीट पर वर्ष 1991 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने पहली बार अपना खाता खोला था, इससे पहले हुए सभी चुनावों में एक-एक बार लोकदल तथा जनता दल को छोड़कर हमेशा कांग्रेस ही विजय पताका लहराती रही थी। 1991 में यहां से भाजपा के गया प्रसाद कोरी जीते। इसके बाद 1996 और 1998 में हुए चुनावों में भी भाजपा ने जीत दर्ज कराई और भानु प्रताप वर्मा सांसद बने। लेकिन 1999 में बसपा के ब्रजलाल खाबरी ने भानु प्रताप वर्मा को हैट्रिक लगाने से रोक दिया। साल 2004 के चुनाव में भाजपा ने दोबारा मतदाताओं का विश्वास जीता और भानु प्रताप सिंह फिर से सांसद चुने गए।

इसके बाद 2009 के चुनाव में इस सीट पर पहली बार सपा ने जीत दर्ज की। उसके प्रत्याशी घनश्याम अनुरागी विजयी रहे। लेकिन 2014 में यह सीट मोदी मैजिक के चलते पुनः भाजपा के पाले में चली गई और एक बार फिर भानु प्रताप ही सांसद चुने गए। इस चुनाव में भानु प्रताप ने बसपा के प्रत्याशी ब्रजलाल खाबरी को दो लाख 87 हजार वोटों से हराया। 2019 के पिछले चुनाव में भानु प्रताप ने फिर जीत हासिल की और पांचवीं बार संसद में पहुंचे। उन्होंने बसपा प्रत्याशी अजय सिंह पंकज को 1 लाख 57 हजार वोटों से मात दी। तीसरे नंबर पर कांग्रेस के टिकट पर मैदान में उतरे बृजलाल खाबरी रहे।

### जालौन-गरौठा लोकसभा

● पिछले चुनाव में सपा-बसपा गठबंधन मिलकर भी नहीं रोक पाए थे संसद का रास्ता

### एससी और ओबीसी मतदाता भाग्य विधाता

जालौन लोकसभा सीट पर अनुसूचित जाति के मतदाता सबसे ज्यादा लगभग 43 फीसदी हैं। इसके बाद ओबीसी मतदाताओं की संख्या लगभग 32 फीसदी और सामान्य श्रेणी के मतदाता करीब 18 फीसदी हैं। मुस्लिम मतदाताओं का आंकड़ा सवा लाख से कुछ ज्यादा गिना जाता है।

### 2019 लोकसभा चुनाव का विधानसभा वार परिणाम

| विधानसभा | भाजपा भानुप्रताप सिंह वर्मा | बसपा अजय सिंह पंकज | कांग्रेस बृजलाल खाबरी |
|---|---|---|---|
| भोगनीपुर | 93,580 | 95,707 | 8,114 |
| माधौगढ़ | 1,31,505 | 81,174 | 23,073 |
| कालपी | 1,08,024 | 91,502 | 23,073 |
| उरई | 1,30,028 | 85,811 | 22,895 |
| गरौठा | 1,16,586 | 68,282 | 20,644 |
| वोट प्रतिशत | 52.0 | 37.9 | 8.1 |

### पिछले चार चुनाव में राजनीतिक दलों का मतदान प्रतिशत

| चुनाव | भाजपा | सपा | बसपा | कांग्रेस |
|---|---|---|---|---|
| 2022 विधानसभा | 35.8 | 31.2 | 20.6 | 2.3 |
| 2019 लोकसभा | 52.0 | --- | 37.9 | 8.1 |
| 2017 विधानसभा | 43.8 | 15.8 | 23.2 | 8.7 |
| 2014 लोकसभा | 12.1 | 16.3 | 23.6 | 7.5 |

## एक नजर

### सड़क निर्माण शुरू न हुआ तो करेंगे चुनाव बहिष्कार

**बागेश्वर :** बिनातोली-अगरकोट मोटर मार्ग का निर्माण न होने से ग्रामीण नाराज हैं। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र उनकी मांग न मानी गई तो वे लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने के साथ ही आंदोलन करेंगे। उन्होंने मार्ग का निर्माण पूर्ण करने की मांग को लेकर एसडीएम के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा। वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 2004-05 में बिनातोली से ग्राम अगरकोट तक कुल 15 किमी मोटर मार्ग स्वीकृत हुआ था, प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग बागेश्वर द्वारा मजकोट तक ही उक्त मोटर मार्ग का निर्माण कर आगे का निर्माण कार्य छोड दिया गया। कार्यदायी संस्था द्वारा छोड़ा गया गांव अगरकोट क्षेत्र पूर्ण रूप से अनुसूचित बाहुल्य क्षेत्र हैं जिसकी जनसंख्या 450 से अधिक है। अगरकोट के लोगों को सड़क में में आने के लिए नदी पार करनी पड़ती है। नदी पर पुल न होने के कारण बच्चों को स्कूल आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है तथा बरसात के मौसम में वहाँ के लोगो का सम्पर्क लगभग 3 महीने कट जाता है। ज्ञापन सौंपने वालों में ब्लाक अध्यक्ष कांग्रेस गिरीश कोरंगा, मोहनपुरी, अनिल राम, लीलाधर जोशी, आनंद पुरी रहे।

# शिक्षकों ने एरियर संबंधी समस्याओं को अविलंब दूर करने की मांग उठाई

## प्राथमिक शिक्षक संघ ने आहरण वितरण अधिकारी हेमेंद्र चन्द्र जोशी से की मुलाकात

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने अपनी एरियर समेत विभिन्न समस्याओं का निराकरण शीघ्र करने की मांग उठाई है। संगठन के सदस्यों ने कहा है कि वह अपनी इन मांगों पर लंबे समय से कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। लेकिन अभी तक इस मामले में कोई ठोस पहल नहीं की गई है। इस संबंध में संगठन ने आहरण वितरण अधिकारी हेमेंद्र चन्द्र जोशी को एक ज्ञापन सौंपकर शीघ्र कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी।

आहरण वितरण अधिकारी को दिए ज्ञापन में राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के सदस्यों ने कहा है कि वह लंबे समय से शासन से उनके एरियर के भुगतान की मांग कर रहे हैं। लेकिन अभी तक उन्हें एरियर का भुगतान नहीं किया गया है। जिससे संगठन के सदस्यों में खासा आक्रोश व्याप्त है। संगठन के सदस्यों ने कहा है कि इसके अलावा शिक्षकों ने कोर्ट के निर्णय के अधीन नियुक्त शिक्षा मित्र से सहायक अध्यापक बने शिक्षकों को विभागीय नियमावली के वार्षिक वेतन वृद्धि दिए जाने तथा पदोन्नत शिक्षकों को 22 बी का लाभ देने समेत कई अन्य समस्याएं भी काफी समय से लंबित पड़ी हुई हैं। जिनका बार बार समाधान करने की मांग के बाद भी उन पर कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही है। संगठन के सदस्यों ने कहा है कि अगर इन मामलों का निस्तारण शीघ्र नहीं किया गया तो वह उग्र आंदोलन शुरू कर देंगे।

आहरण वितरण अधिकारी से मुलाकात करते शिक्षक संघ के सदस्य। ● अमृत विचार

इस दौरान हवालबाग विकासखंड अध्यक्ष चंदन सिंह बिष्ट, मंत्री सुरेंद्र सिंह भंडारी, अर्जुन सिंह बिष्ट, दीपाली पांडे, हिमांशु तिवारी, दीपा पांडे, चंद्रशेखर सुयाल, पवन तिवारी, रंजना पाल, रेखा गोस्वामी, प्रभा वर्मा, आशा मठपाल, भगवती रौतेला, कविता आदि मौजूद रहे।

## आंदोलन 364वें दिन भी जारी रहा

**रानीखेत, अमृत विचार :** गांधी चौक पर नगर पालिका परिषद में सम्मिलित किए जाने को लेकर जारी आंदोलन 364वें दिन भी जारी रहा। यहां आयोजित सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि अगर छावनी क्षेत्र के सिविल एरिया को जल्द नगर पालिका परिषद में नहीं मिलाया गया तो आगामी लोकसभा चुनाव का समस्त क्षेत्रवासी बहिष्कार करेंगे। वक्ताओं ने कहा कि यहां जारी आंदोलन को संपूर्ण नगर वासियों का समर्थन मिल रहा है।

गांधी चौक पर नगर पालिका परिषद में मिलाए जाने को लेकर धरना प्रदर्शन में वक्ताओं ने कहा कि नगरवासी वर्षों से छावनी सिविल एरिया को नगर पालिका बनाए जाने की मांग करते आ रहे हैं। सरकार की उपेक्षा के चलते वर्तमान समय तक मांग पूरी ना हो सकी। लेकिन अब आंदोलनकारी पीछे हटने वाले नहीं है। पूरी न होने पर लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे।

धरना प्रदर्शन में कैलाश पांडे चंद्रशेखर गुरुरानी, जयंत रौतेला, हरीश अग्रवाल, खजान जोशी, पीपी पांडे, मुकेश साह, खजान पांडे आदि सम्मिलित थे।

## सार-संक्षेप

### रोडवेज के मृतक आश्रितों को शीघ्र नियुक्ति दी जाए

**टनकपुर :** उत्तराखंड रोडवेज मृतक आश्रित संगठन ने वंचित रहे रोडवेज के मृतक आश्रितों को शीघ्र नियुक्त दिए जाने की मांग उठाई है। इस संबंध में उन्होंने तहसीलदार जगदीश गिरी के माध्यम से तहसील में परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक को ज्ञापन भेजा। उत्तराखंड रोडवेज मृतक आश्रित संगठन के अध्यक्ष गंगा गिरि गोस्वामी के नेतृत्व में तहसीलदार जगदीश गिरि के माध्यम से परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक को सरकारी सेवा में समायोजित होने से छूट गए रोड़वेज के मृतक आश्रितों को नौकरी दिए जाने की मांग को लेकर मांग पत्र सौंपा। ज्ञापन में कहा कि छूट गए मृतक आश्रितों को भी शीघ्र नौकरी दिए जाने के लिए गम्भीरता से विचार करे। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष गंगा गिरि गोस्वामी के अलावा पुष्पा गुप्ता, कुलदीप कुमार, इंदिरा देवी, कमलेश देवी, विनोद कुमार, शिबू शांति देवी, तारा देवी, देवकी देवी, मोहित आदि मौजूद रहे।

तहसीलदार जगदीश गिरी को दिया गया ज्ञापन।

### हेमेंद्र अध्यक्ष और सोनी मंत्री चुने गए

**अल्मोड़ा :** उत्तराखंड रोडवेज इंप्लाइज यूनियन की अल्मोड़ा स्टेशन परिसर में स्थित यूनियन कार्यालय में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें शाखा कार्यकारिणी की चुनाव आयोजित कराया गया। चुनाव के दौरान हेमेंद्र सिंह शाखा अध्यक्ष और एपी सोनी महामंत्री चुने गए। इसके अलावा तीरथ सिंह और बलवंत सिंह को शाखा उपाध्यक्ष, जगदीश टम्टा और दलीप सिंह को संयुक्त मंत्री, विपिन जोशी को संगठन मंत्री, प्रकाश जोशी को कोषाध्यक्ष, राजेश वैश्य को लेखा परीक्षक, ललित रावत को प्रचार मंत्री, रंधीर सिंह को कार्यालय सचिव चुना गया। इस मौके पर प्रांतीय अध्यक्ष मुकेश वर्मा, कलील अख्तर, अशोक शर्मा आदि मौजूद रहे।

### 68 परीक्षार्थियों ने छोड़ी बोर्ड की परीक्षा

**अल्मोड़ा :** उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाएं जारी हैं। शुक्रवार को हाईस्कूल सामाजिक विज्ञान और इंटर कम्प्यूटर विषय की परीक्षा हुई। बोर्ड परीक्षा नियंत्रण कक्ष प्रभारी जनार्दन तिवारी ने बताया कि हाईस्कूल सामाजिक विज्ञान की परीक्षा में कुल पंजीकृत 6856 में से 6788 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए और 68 अनुपस्थित रहे। सीईओ अंबा दत्त बलोदी के नेतृत्व में सचल दल टीम ने विवेकानंद इंटर कॉलेज, राइबाईका अल्मोड़ा, अल्मोड़ा इंटर कॉलेज, माध्यमिक शिक्षा अधिकारी ने राईका मोतियापाथर, शहरफाटक, जलना, भकूना और विजयपुर पाटिया कृषि इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया।

### युवक ने होटल की तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी जान

**टनकपुर :** नेपाल सीमा से लगे तल्लादेश क्षेत्र के एक युवक ने शुक्रवार को तड़के होटल के तीसरी मंजिल से छलांग लगा कर जान दे दी। आत्महत्या की वजह का पता नहीं चल सका है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के मुताबिक चम्पावत से 31 किलोमीटर दूर दुबड़ (मंच) निवासी विजय सिंह (26) दुबई में होटल क्षेत्र में नौकरी करता था। दुबई से लौटने के बाद 14 मार्च को वह चम्पावत के एक होटल में रुका। पुलिस ने होटल में विजय के कमरे का मौका मुआयना किया। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस के अनुसार प्रेम प्रसंग का मामला संज्ञान में आ रहा है। जांच की जा रही है।

# चरस संग एक तस्कर दबोचा

संवाददाता, अल्मोड़ा

**शिकंजा**

▸▸ महंगे दामों में बेचकर मुनाफा कमाने जा रहा था हल्द्वानी

**अमृत विचार :** लमगड़ा पुलिस ने एक व्यक्ति को चरस के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए व्यक्ति ने अपने ही गांव में स्वयं चरस बनाई और उसे ऊंचे दामों में बेचकर मुनाफा कमाने के उद्देश्य से हल्द्वानी ले जा रहा था। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है।

एसएसपी देवेंद्र पींचा के निर्देश पर चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के तहत लमगड़ा के थानाध्यक्ष दिनेश नाथ महंत के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में चेकिंग अभियान पर थी। अभियान के दौरान धौलकड़िया तिराहे से 150 मीटर जैंती रोड पर अभियुक्त प्रकाश मेहरा पुत्र खीम सिंह मेहरा, निवासी ग्राम खांकर, लमगड़ा के संदिग्ध प्रतीत होने पर उसकी चेकिंग की गई तो उसके पास से 875 ग्राम चरस बरामद की गई। पूछताछ के दौरान अभियुक्त प्रकाश मेहरा ने बताया कि चरस उसने स्वयं अपने गांव में बनाई है। जिसे वह बेचकर मुनाफा कमाना चाहता था। वह उसे बेचने के लिए हल्द्वानी जाने की फिराक में था। इधर, चरस के पकड़े जाने के बाद लमगड़ा पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पकड़ी चरस की कीमत करीब 87 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक संजय जोशी, आरक्षी गिरीश प्रसाद, बिशन सिंह बिष्ट रहे।

## विद्यालय प्रबंधक को मातृ शोक

**बैरती (अल्मोड़ा):** क्षेत्र के दंतोला निवासी नव प्रभात पब्लिक हाईस्कूल बसभीड़ा के प्रबंधक किरन कुमार पांडेय की माता लीला देवी पत्नी स्व. पूर्णानंद पांडेय के निधन पर क्षेत्र वासियों ने शोक संवेदना व्यक्त की है। कल देर रात्रि लीला देवी (90) ने अपने आवास दंतोला में अंतिम सांस ली। बबलेश्वर श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। वह अपने पीछे पुत्र, पुत्र वधू व नाती-पोतों का भरापूरा परिवार छोड़ गयी हैं।

# मोटे अनाज के उत्पादन का दिया गया प्रशिक्षण

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** ग्रास संस्था की ओर से आजीविका उद्यमिता विकास कार्यक्रम के तहत विकास खंड के धामस और रौनडाल गांव में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसमें डेढ़ सौ से अधिक ग्रामीण महिलाओं को मोटे अनाज के उत्पादन और विपणन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

संस्था के प्रशिक्षकों ने महिलाओं को जैविक खेती के साथ साथ सूक्ष्म पोषक तत्वों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। साधन सहकारी समिति के सचिव जगदीश चौहान ने पशुपालन और उसके लिए सरकार द्वारा दी जा रही अनेक सुविधाओं के बारे में बताया। इस मौके पर गोपाल चौहान, हरीश चंद्र, भूपेंद्र चौहान समेत अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

# द्वाराहाट के सैकड़ों गावों में पीने के पानी का संकट

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** जिले के द्वाराहाट विकास के सैंकड़ों ग्रामीण पिछले एक सप्ताह से भीषण पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। लेकिन विभाग के अधिकारियों को इसकी जानकारी दिए जाने के बाद भी यहां अभी तक पानी की आपूर्ति सुचारू नहीं हो पाई है। जिस कारण स्थानीय लोगों में खासा आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने शीघ्र आपूर्ति सुचारू ना होने पर विभाग के अधिकारियों के घेराव की चेतावनी दी है।

विकास खंड के दो दर्जन से अधिक गांवों को क्षेत्र की खीरोघाटी पंपिंग पेयजल योजना से पीने के पानी की आपूर्ति की जाती है। लेकिन इस योजना के तहत क्षेत्र के तिपौला में बने पेयजल टैंक के क्षतिग्रस्त होने के कारण उसमें पानी रिसाव की समस्या पैदा हो गई है। जिस कारण टैंक में पानी एकत्र नहीं हो पा रहा है। जिसका खामियाजा अब इस टैंक से जुड़े तल्ली कहाली, मल्ली कहाली, कुई, मैनोली, असगोली, सिमलगांव, छतगुल्ला, बसेरा, कुन्स्यारी, तिपौला, छतीना, बूंगा, धन्यारी, सलना, किरोली,

कूना, खलना, चमीनी समेत अन्य अनेक गांवों में रहने वाले हजारों उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है। पिछले एक सप्ताह से इस योजना से ग्रामीणों को एक बूंद पानी तक नसीब नहीं हो पाया है। जिस कारण मजबूरी में ग्रामीणों को पानी के लिए दूरदराज स्थित नौलों और धारों की दौड़ लगानी पड़ रही है। स्थानीय लोगों ने चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर इस योजना से शीघ्र पेयजल की आपूर्ति सुचारू नहीं की गई तो वह विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल देंगे।

इधर, जल संस्थान के अवर अभियंता एसएस रौतेला ने बताया है कि तिपौला में स्थित क्षतिग्रस्त टैंक के मरम्मत का कार्य पूरा कर लिया गया है। शीघ्र ही क्षेत्र के लोगों को इस योजना से पानी की आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी।

# चेकिंग के नाम पर व्यापारियों का उत्पीड़न नहीं होगा बर्दाश्त

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल द्वारा पर्व के मौके पर सरकारी विभागों द्वारा चेकिंग के नाम पर व्यापारियों के उत्पीड़न का आरोप लगाया है। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा है कि साल भर में होने वाले पर्वों का व्यापारी बड़ी उत्सुकता के साथ इंतजार करते हैं। लेकिन प्रशासन द्वारा ऐसे समय की जाने वाली उत्पीड़नात्मक कार्रवाई उन्हें परेशान करने का काम करती है। जिसे किसी भी कीमत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। व्यापारियों ने इस संबंध में जिलाधिकारी से भी मुलाकात की और उन्हें एक ज्ञापन भी सौंपा।

जिलाधिकारी विनीत तोमर को दिए ज्ञापन में संगठन के नगर अध्यक्ष संजय साह और जिलाध्यक्ष मनोज पंवार ने कहा है कि हिंदुओं के पवित्र त्यौहार होली, दीपावली आदि का विशेषकर व्यापारी वर्ग को वर्ष भर इंतजार रहता है। इस दौरान व्यापारियों को अच्छा व्यवसाय होने की उम्मीद होती है। लेकिन इस दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग की

अल्मोड़ा में डीएम को ज्ञापन सौंपते देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी।

टीम चेकिंग के नाम पर व्यापारियों को डराने का प्रयास कर रही है। व्यापारियों ने कहा है कि अल्मोड़ा के मिठाई व्यापारी स्थानीय मावे का प्रयोग कर मिठाईयां बनाते हैं। जो देश ही नहीं बल्कि विदेशों तक अपनी पहचान रखती हैं। व्यापारियों ने कहा कि आज तक अल्मोड़ा में कोई भी व्यापारी नकली सामग्री से मिठाई बनाता नहीं पकड़ा गया। ऐसे में बाजार के व्यापारियों को बेवजह डराना उचित नहीं है। व्यापारियों ने मांग की है कि अगर प्रशासन को कहीं से भी नकली मावे और पनीर समेत अन्य खाद्य पदार्थों की जिले में आमद की खबर मिलती है तो शहर से बाहर लोधिया बैरियर पर चेकिंग कर उसे वहीं पकड़ लिया जाए। ऐसा करने से बाजार में अशांति का माहौल पैदा नहीं होगा। इधर जिलाधिकारी ने व्यापारियों को उनकी मांगों के प्रति आश्वस्त किया और सीमाओं पर चेकिंग कराने की बात भी कही।

शिष्टमंडल में प्रमोद पंवार, दीप जोशी, वंदना वर्मा, मनु गुप्ता, हिमांशु बिष्ट, दीपक जोशी, आनंद भोज, कमल बिष्ट, हिमांशु कांडपाल, नीरज थापा, गणेश जोशी, रोहित साह, युसूफ तिवारी, दिनेश कांडपाल, जयप्रकाश पांडे, दीक्षित जोशी, मनीष मेहरोत्रा रहे।

## वर्ग पहेली-11

**बाएं से दाएं**

1.1. तपस्या, वह व्रत या नियम जिनसे शरीर या चित्त को कष्टप्रद दशाओं में रखकर शुद्ध या निर्मल तथा विषयों से निवृत्त किया जाता है 2. कठिन परिश्रम 3. सरदी-गरमी सहने की क्रिया, विद्या अध्ययन 4. योगाभ्यास 5. शरीर या इंद्रियों पर नियंत्रण 6. गरमी, ताप, दाह 7. एक लोक का नाम 8. एक कल्प।

4. वह डाक या चिट्ठियां जो हवाई जहाज़ के द्वारा भेजी जाती हैं, (एयर मेल)।

5.1. आफ़त, विपत्ति, आपत्ति, संकट 2. प्रकोप। (मु.)-ढाना : अत्याचार करना।

7. भारत के दक्षिण में स्थित एक राज्य का नाम।

9. कोई वस्तु रखने के लिए दीवार में बना एक स्थान, आला।

10.1. जो अच्छा न हो 2. ख़राब, बुरा 3. त्याज्य।

**ऊपर से नीचे**

1. शानो-शौकत दिखाने के लिए किया जाने वाला आयोजन, ठाट-बाट, वैभव और रईसी का दिखावा, आडंबर, बनावट, शान, सजधज, रंगीनी, चटक-मटक।

2.1. किसी राज्य की सामुद्रिक शक्ति और उसका प्राधिकरण 2. सामुद्रिक प्राधिकरण का प्रधान कार्यालय, नौसेना का संचालन करने वाला विभाग 3. उक्त विभाग में अधिकारियों का वर्ग।

3.1. अधिक मात्रा में तेल

6.1. ज़मीन जोतने के लिए प्रयुक्त प्रसिद्ध उपकरण, खेत जोतने का एक साधन 2. भूमि की एक माप 3. (महाभारत) बलराम का शस्त्र।

8.1. शामिल, सम्मिलित 2. भागीदार, साझीदार 3. किसी कार्य में साथ देने वाला।



### वर्ग पहेली -10 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 शिं | | | | | 2 तो |
| 3 अ | शु | चि | | 4 स | दो | ष |
| | मा | | | तां | | ण |
| | 5 र | ण | 6 रं | ग | | |
| 7 सें | | | ज | | 8 चौ | |
| ध | | | नी | | 9 को | ड |
| | 10 वि | ज | य | क | र | |

## सुडोकू-90

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 9 | 2 | | | | | 5 |
| 3 | | | | | 6 | | 2 | |
| | | 2 | 4 | | 1 | | | |
| | 7 | | | 6 | | | | |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| | | | | 2 | | 8 | 9 | |
| 2 | | | 5 | | 9 | | | |
| | 8 | | 6 | | | | | 3 |
| | | | | | 7 | 2 | | 1 |

### सुडोकू -89 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 |
| 7 | 6 | 2 | 8 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 |
| 9 | 8 | 1 | 5 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 |
| 4 | 3 | 7 | 9 | 5 | 1 | 6 | 2 | 8 |
| 1 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 3 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 3 | 2 | 5 | 4 | 1 |
| 8 | 4 | 9 | 2 | 7 | 5 | 3 | 1 | 6 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 4 | 8 | 2 | 7 | 9 |
| 2 | 7 | 3 | 6 | 1 | 9 | 8 | 5 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 16 मार्च, शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-सप्तमी 21.38 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-वसंत। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-रोहिणी 16.05 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

**मेष** — आज कार्यक्षेत्र में सहकर्मी आपके प्रति सम्मान की भावना रखेंगे। आप वर्तमान स्थिति को लेकर प्रसन्न नहीं रहेंगे। प्रेम संबंधों में कुछ परेशानी हो सकती है। पैरों में दर्द और थकान की शिकायत होने की आशंका है। पैतृक सम्पत्ति के मामले सुलझ सकते हैं।

**वृष** — आज आपको कुछ नया सीखने का अवसर मिलेगा। नई जॉब ढूंढ रहे हैं, तो आपको अच्छे मौके मिल सकते हैं। जीवनसाथी आपको कुछ उपहार दे सकते हैं। युवा प्रेमी जोड़े आज एकान्त में समय बिताना चाहेंगे। ससुराल पक्ष में कोई प्रोग्राम हो सकता है।

**मिथुन** — आज आपके लोग ही आपका विरोध कर सकते हैं। ऑफिस में आपका किसी के साथ झगड़ा हो सकता है। क्रोध के कारण दाम्पत्य संबंधों में कड़वाहट आ सकती है। पुरानी नकारात्मक बातें आपके वर्तमान पर हावी हो सकती है।

**कर्क** — आज शुभ कार्यों पर आप काफी धन खर्च करेंगे। आपकी मन: स्थिति काफी सकारात्मक रहेगी। सभी काम आराम से समय पर हो जायेंगे। ज्यादा सोच-विचार में अपना समय बर्बाद न करें। कारोबार में वृद्धि हो सकती है। आपका स्वास्थ्य भी काफी अच्छा रहेगा।

**सिंह** — आज उलझे हुए मामलों को अपने पक्ष में कर लेंगे। महत्वपूर्ण लोगों के साथ गंभीर मुद्दों पर विचार-विमर्श कर सकते हैं। आपके व्यक्तित्व से लोग आकर्षित रहेंगे। जॉब में इच्छानुसार स्थानान्तरण हो सकता है। वैवाहिक जीवन सुखमय रहने वाला है।

**कन्या** — आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। छात्रों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। कार्यक्षेत्र में कुछ परिवर्तन हो सकते हैं। धैर्यपूर्वक लिए गए निर्णयों से लाभ मिलेगा। अधूरे कार्यों को पूरा करने का दबाव रहेगा। घर के बुजुर्गों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें।

**तुला** — आज स्वार्थी प्रवृत्ति के लोगों से दूर रहें। सिरदर्द और तनाव के कारण दिन खराब हो सकता है। जीवनसाथी आपसे नाराज हो सकते हैं। इसीलिए आपको अपना व्यवहार नम्र रखना चाहिये। बजट की कमी के कारण आपके काम तय समय पर पूरे नहीं होंगे।

**वृश्चिक** — आज परिजनों के साथ शॉपिंग के लिए जा सकते हैं। प्रेमी जन को प्रपोज करने के लिए बहुत अच्छा दिन है। परिवार में कोई मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। आप नया व्यवसाय शुरू करने के विचार में है। घर में साज-सजावट शुरू करेंगे।

**धनु** — आज आप आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। व्यापार में आपको काफी अच्छा लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी कार्यकुशलता में वृद्धि होगी। मित्रों की सलाह आज आपके काम आयेगी। शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों का मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मकर** — आज विवाहेत्तर संबंधों से बचना चाहिए अन्यथा प्रतिष्ठा में आंच आ सकती है। बच्चों पर अपनी मर्जी और इच्छाओं को न थोपें। जॉब में अपने काम की गुणवत्ता पर ध्यान दें। बॉस आपसे अचानक किसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर जानकारी ले सकते हैं।

**कुंभ** — आज आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप न करें। सहकर्मी आपकी सफलता से ईर्ष्या करेंगे। अधिकारी वर्ग का विश्वास आपके ऊपर बढ़ेगा। परिवार में सुख और शान्ति का वातावरण रहेगा।

**मीन** — आज दांपत्य जीवन में सामन्जस्य बेहतरीन रहेगा। मीडिया से जुड़े लोगों को बड़ी उपलब्धि मिल सकती है। महत्वपूर्ण कार्यों में आ रही बाधा दूर होगी। माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश मिलने के योग बन रहे हैं।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
- शक्तिमान — सुबह : 09.17
- बधाई हो बधाई — शाम : 06.55

**SONY SMAX**
- पीके — सुबह : 10.31
- पागल पत्नी — रात : 07.03

**SONY PIX**
- घोस्टबस्टर्स : आफ्टरलाइफ़ — सुबह : 10.13
- ए मैन कॉल्ड ओटो — शाम : 06.42

**ZEE CINEMA**
- जिंदगी ना मिलेगी दोबारा — सुबह : 08.00
- रूस्तम — रात : 07.00

**colors CINEPLEX**
- लाल सिंह छाबड़ा — सुबह : 09.59
- कुछ कुछ होता है — शाम : 06.58

### आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 07.03 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

लड़का : हर संडे के दिन तुम्हारे चेहरे पर रंग क्यो लगा होता है?

युवती : अरे, मैं हर संडे को होली खेलती हूं।

लड़का क्यो?

युवती : अरे हमारे स्कूल में टीचर ने बताया है, कि संडे मतलब हॉलीडे।

लड़का - मैं तुम्हारे साथ शादी नहीं कर सकता,

घर वाले नहीं मान रहे हैं...!

लड़की - तुम्हारे घर मैं कौन-कौन हैं...?

लड़का - एक पत्नी और दो बच्चे...!

# दिव्यांग वोटरों को सक्षम एप से जोड़ें: सीईओ

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने स्वीप की स्टेट कोर कमेटी की ली समीक्षा बैठक में अफसरों को दिए निर्देश

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने शुक्रवार को सचिवालय में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत स्वीप की स्टेट कोर कमेटी एवं स्टेट स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक ली।

बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी विभागों को निर्वाचन तैयारियों व मतदाता जन जागरूकता के लिए चलाए जा रहे अभियानों की जानकारी ली।

बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी विभागों को जिम्मेदारी के साथ समयबद्ध तरीके से अपने लक्ष्य पूरे करने के निर्देश दिए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने समाज कल्याण विभाग को निर्देश दिए कि प्रदेश के दिव्यांग मतदाताओं को सक्षम एप के जरिए बूथ लेवल असिस्टेंट, व्हीलचेयर, डंडी-कंडी जैसी सुविधाओं के प्रति जागरूकता के लिए डोर टू डोर कैंपेन चलाया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के शत-प्रतिशत दिव्यांग मतदाताओं को सक्षम एप से जोड़ा जाए। इसके अतिरिक्त इसके अतिरिक्त 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं को पोस्टल वैलेट आवेदन हेतु व्यापक प्रचार प्रचार करने के निर्देश दिए। उन्होंने परिवहन विभाग को निर्देश दिए की मतदान ड्यूटी में लगने वाले समस्त वाहन चालकों एवं परिचालकों के सूची तैयार कर उनका शत प्रतिशत वोट सुनिश्चित किया जाए। सीईओ ने लोक निर्माण विभाग को सभी पोलिंग बूथ पर दिव्यांग मतदाताओं हेतु उपयोग की जाने वाली व्हीलचेयर के लिए रैंप इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदण्डे, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रताप शाह समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

अधिकारियों की बैठक लेते मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम। ● अमृत विचार

### पोलिंग स्टेशनों को नेटवर्क उपलब्ध कराने के निर्देश

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने प्रदेश में नेटवर्क सर्विस प्रोवाइडर्स के साथ भी बैठक की। उन्होंने बीएसएनएल, एयरटेल, जियो व वीआई आदि नेटवर्क की दृष्टि से शैडो एरिया पोलिंग स्टेशनों को शीघ्र नेटवर्क उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिलाधिकारियों को सर्विस प्रोवाइडर्स को शैडो एरिया में पड़ रहे मतदान केंद्रों की लैटीट्यूड-लॉगीट्यूड सहित पूरी जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### डाटा उपलब्ध कराने को मीडिया प्लान तैयार रखें

मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने शुक्रवार को सचिवालय में मीडिया एवं सोशल मीडिया टीम के साथ बैठक की। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक प्रेस/मीडिया को आसानी से निर्वाचन का डाटा उपलब्ध हो सके इसके लिए मीडिया प्लान तैयार रखा जाए। उन्होंने कहा कि मीडिया के साथ लगातार वार्ता कर वांछित जानकारियां उपलब्ध कराई जाएं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रदेश में अधिक से अधिक मतदान कराने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म का अधिक से अधिक उपयोग किया जाए। कहा कि राष्ट्रीय एवं स्थानीय पर्वों पर विशेष गतिविधियों के माध्यम से लोगों को मतदान हेतु जागरूक किया जा सकता है।

## 27 अभ्यर्थियों को सौंपे नियुक्ति पत्र

**देहरादून, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास परिसर में महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत चयनित 16 सुपरवाइजरों तथा आबकारी विभाग के अंतर्गत चयनित 10 निरीक्षक व 1 कनिष्ठ सहायक को नियुक्ति पत्र प्रदान सौंपे। उन्होंने कुल 27 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे।

मुख्यमंत्री ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि आपके अथक परिश्रम से आपका चयन इन पदों पर हुआ है। उन्होंने अनुशासन का जिक्र करते हुए कहा कि जीवन के निर्माण व सफलता में अनुशासन की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिये अपने जीवन में हमेशा अनुशासित होकर कार्य करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने कड़ा नकल विरोधी कानून बनाकर 100 से अधिक नकल माफिया को सलाखों के पीछे भेजा है तथा परीक्षाओं को पारदर्शी बनाया है। इस अवसर पर सचिव तथा निदेशक महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग, आबकारी विभाग के अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# पहाड़ से पलायन के कारणों का हो गहराई से अध्ययन

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पलायन रोकने के लिए प्रभावी चिंतन की जरूरत बतायी है। पर्वतीय क्षेत्रों में पलायन के कारणों का गहराई से अध्ययन करने, युवाओं में स्वरोजगार के प्रति जागरूकता के लिए ग्रामीण उद्यमिता विकास कार्यशालाओं के आयोजन तथा जनपद स्तर पर जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा के निर्देश दिये हैं।

मुख्यमंत्री धामी की अध्यक्षता में शुक्रवार को सचिवालय में ग्राम्य विकास एवं पलायन निवारण आयोग की 7 वीं बैठक हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में लोगों की आजीविका में तेजी से वृद्धि हो उसके लिए भी व्यापक स्तर पर कार्य योजनाएं बनानी होंगी। सरकार द्वारा पर्वतीय क्षेत्रों में लघु एवं मध्यम उद्योगों को बढ़ावा दिया जा रहा है। पर्वतीय क्षेत्रों में लोगों की आजीविका वृद्धि के साथ ही शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने के लिए निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं। बैठक में ग्राम्य विकास एवं पलायन निवारण आयोग के उपाध्यक्ष डॉ. एसएस नेगी ने कहा कि आयोग द्वारा अब तक 21 रिपोर्ट राज्य सरकार को प्रस्तुत की जा चुकी हैं। जिनमें राज्य के विभिन्न जनपदों में सामाजिक, आर्थिक विकास को सुदृढ़ करने तथा पलायन को कम करने से सम्बन्धित सिफारिशें प्रस्तुत की गई हैं। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा राज्य में पलायन की स्थिति पर द्वितीय सर्वेक्षण रिपोर्ट भी शासन को प्रस्तुत की जा चुकी है। बैठक में आयोग के सदस्यों ने बताया कि उन्होंने चीन सीमा से लगे उत्तरकाशी, चमोली व पिथौरागढ़ के क्षेत्रों में स्थानीय निवासियों से संवाद कर योजनाओं पर चर्चा की। बैठक में उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण परिषद विश्वास डाबर, सचिव ग्राम्य विकास राधिका झा, आयोग के सदस्य राम प्रकाश पैन्यूली, दिनेश रावत, सुरेश सुयाल, अनिल सिंह शाही, रंजना रावत, राजेन्द्र सिंह रावत आदि रहे।

# ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने की छापेमारी, सेंपल भरे

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** होली पर्व को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने नकली और मिलावटी खाद्य सामग्री की बिक्री को रोकने के लिए सघन अभियान चलाया जा है। शुक्रवार को विभाग की टीम ने जिले के भिकियासैंण, मासी और स्याल्दे क्षेत्र के छोटे-छोटे कस्बों में छापेमारी की कार्रवाई की। टीम ने इस दौरान अलग अलग दुकानों से दस खाद्य पदार्थों के नमूने एकत्र किए। जिन्हें जांच के लिए रुद्रपुर स्थित राजकीय प्रयोगशाला भेजा जाएगा।

अभियान के दौरान शुक्रवार को विभाग की टीम भिकियासैंण, स्याल्दे और मासी क्षेत्र के छोटे-छोटे बाजारों में पहुंची। टीम ने यहां कई दुकानों का निरीक्षण किया और मिठाई, नमकीन, मावा, तेल समेत अनेक अन्य पदार्थों के सैंपल लिए। इस दौरान टीम के अधिकारियों ने दुकानदारों को व्यावसायिक संस्थानों में साफ-सफाई रखे जाने, नकली और मिलावटी सामान ना बेचने की कड़ी हिदायत दी। अधिकारियों ने कहा कि यदि किसी दुकान में एक्सपायरी, नकली और मिलावटी खाद्य सामग्री प्राप्त हुई तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। टीम सदस्यों ने बताया कि पर्व को देखते हुए टीम द्वारा समय-समय पर जिले के सभी क्षेत्रों में छापेमारी की कार्रवाई की जा रही है। टीम में अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा प्रमोद रावत, खाद्य सुरक्षा अधिकारी नंद किशोर, ईश्वर सिंह नेगी रहे।

स्याल्दे क्षेत्र में एक दुकान से नमूना लेती खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम। ● अमृत विचार

## 1544 एलटी शिक्षकों की शीघ्र होगी भर्ती

**देहरादून, अमृत विचार :** विद्यालयी शिक्षा विभाग के अंतर्गत राज्य में 1544 एलटी शिक्षकों के रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती की जाएगी। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने गढ़वाल एवं कुमाऊं मण्डल के तहत एलटी शिक्षकों के रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है।

आयोग द्वारा सीधी भर्ती के माध्यम से 60-60 प्रतिशत सामान्य व महिला शाखा तथा विभागीय भर्ती के तहत 10-10 प्रतिशत सामान्य व महिला शाखा के अंतर्गत अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। एलटी भर्ती के लिये ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 12 अप्रैल 2024 निर्धारित की गई है। जबकि लिखित प्रतियोगी परीक्षा माह जुलाई 2024 में आयोजित की जाएगी। सहायक अध्यापक के विभिन्न पदों के लिए अभ्यर्थी को स्नातक के साथ-साथ एलटी डिप्लोमा अथवा बीएड उपाधि धारक होना अनिवार्य है।

# चम्पावत साइंस सिटी का वर्चुअल शिलान्यास

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को आवास सभागार में उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से भाग लेते हुए 55 करोड़ 53 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले चम्पावत साइंस सिटी का भूमि पूजन और शिलान्यास किया। उन्होंने इस मौके पर नशा मुक्ति केंद्र का भी शुभारम्भ किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह विज्ञान केंद्र आदर्श चंपावत के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड विज्ञान प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट राज्य बने इसके लिए हम निरंतर कार्य कर रहे हैं तथा राज्य में विज्ञान प्रौद्योगिकी और नवाचार के प्रचार-प्रसार हेतु राज्य की नोडल संस्था, यूकॉस्ट के माध्यम से लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विज्ञान, विकास का मूल आधार है तथा विज्ञान, संवेदनशील तरीकों से समस्याओं का समाधान करने में मदद करता है। उन्होंने कहा कि चम्पावत का विज्ञान केन्द्र राज्य में देहरादून, अल्मोड़ा के बाद तीसरा विज्ञान केंद्र होने जा रहा है तथा देश की 5वीं साइंस सिटी, देहरादून में बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि हाल ही में अल्मोड़ा में बने मानसखण्ड विज्ञान केन्द्र का लोकापर्ण किया गया है तथा आज, लंबे समय से चम्पावत में विज्ञान केंद्र की स्थापना की जो मांग थी, वह पूरी हो रही है। उन्होंने कहा कि विज्ञान केंद्र के माध्यम से चम्पावत ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में ऊंची छलांग लगाई है, जिसका गुणात्मक प्रभाव हम सबको शीघ्र दिखाई देगा।

सीएम ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा राज्य में विज्ञान, प्रौद्योगिकी व नवाचार के प्रचार-प्रसार हेतु 'मुख्यमंत्री लैब ऑन व्हील्स' परियोजना के तहत प्रत्येक जिले के लिए चलती फिरती विज्ञान प्रयोगशाला 'मुख्यमंत्री मोबाइल साइंस लैब' की भी मंजूरी दी गयी है, जो प्रथम चरण में राज्य के चार जिलों में जल्द ही स्थापित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि राज्य के प्रत्येक ब्लाक में स्टेम एजुकेशन सिस्टम के द्वारा विज्ञान, तकनीक, प्रौद्योगिकी तथा गणित विषय को रोचक तरीकों से सिखाया जाएगा। कहा कि उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् (यूकॉस्ट) राज्य के 95 विकास खंडों में स्टेम लैब को स्थापित करने हेतु प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ने नशा मुक्ति केंद्र का शुभारम्भ करते हुए युवाओं से प्रत्येक नशे से दूर रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सांसद अजय टम्टा ने कहा कि चम्पावत में विज्ञान केन्द्र के खुलने से बच्चों के मानसिक विकास में उत्तरोत्तर वृद्धि होगी। इस मौके पर प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, सचिव शैलेष बगौली, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते, महानिदेशक यूकॉस्ट प्रो. दुर्गेश पंत आदि रहे।

चम्पावत साइंस सिटी का वर्चुअल शिलान्यास करते सीएम पुष्कर सिंह धामी।

# नशेड़ियों और अराजक तत्वों पर होगी कार्रवाई

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** जिले के सुनसान, एकांत और संदिग्ध स्थानों पर नशा और अराजकता करने वाले तत्वों से निपटने के लिए एसएसपी अल्मोड़ा ने जिले में इवनिंग स्ट्रॉर्म टू प्वाइंट ओ को लांच किया है। इसके तहत पुलिस, एसओजी व एएनटीएस की टास्क फोर्स संयुक्त रूप ऐसे स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाएगी और इन गतिविधियों में लिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाएगी।

एसएसपी अल्मोड़ा देवेंद्र पींचा ने मासिक कानून समीक्षा बैठक के दौरान बताया कि इस अभियान के दौरान टीम सार्वजनिक स्थानों पर नशा, छेड़खानी, उपद्रव व अराजकता फैलाने वाले अराजक तत्वों से निपटेगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को इस अभियान को सफल बनाने के लिए कड़ी कार्रवाई के निर्देश जारी किए है। समीक्षा बैठक के दौरान एसएसपी ने कहा कि लोकसभा चुनावों को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराना एक बड़ी चुनौती है। इसलिए जिले के सभी अधिकारी और कर्मचारी टीम वर्क करते हुए अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करें। इस मौके पर सीओ विमल प्रसाद, राजीव कुमार, बिंदेश्वरी प्रसाद, विजय विक्रम, जगदीश देऊपा, हिमांशु पंत, कमल पाठक रहे।

पुलिस ऑफीसर ऑफ द मंथ नीरज बिष्ट को सम्मानित करते एसएसपी देवेंद्र पींचा।

## चेकिंग के दौरान 45 लाख रुपये की शराब पकड़ी

**बिजनौर, अमृत विचार:** राज्य कर विभाग की जीएसटी टीम ने मुरादाबाद मार्ग पर चेकिंग के दौरान ट्रक से करीब 45 लाख रुपए की शराब पकड़ी है। असिस्टेट कमिश्नर सीमा ने बताया कि ट्रक चालक के पास से मिले बिल के अनुसार ट्रक चाय की पत्ती व मस्टर्ड ऑयल लेकर हिमाचल प्रदेश से झारखंड के लिए बुक था। चेकिंग के दौरान ट्रक से इंपीरियल ब्लू, रॉयल स्टैग, मैकडावेल शराब की करीब 603 पेटियां मिलीं हैं। आबकारी निरीक्षक अभय कुमार ने बताया कि बरामद हुई शराब की कीमत लगभग 45 लाख रुपये है। मौके पर पहुंची आबकारी विभाग व पुलिस की टीम ने ट्रक बरामद शराब को कब्जे में ले लिया।

## उत्तर प्रदेश

# चुनावी बांड काला धन सफेद करने की भाजपाई गारंटी: अखिलेश

### हमला

- सपा प्रमुख ने चुनावी बांड को लेकर भाजपा पर हमला बोला, कहा- 'न खाएंगे न खाने देंगे' का असली चेहरा हुआ बेनकाब

### 'भाजपा हटाओ, नौकरी पाओ' का दिया नारा

अखिलेश ने कहा कि कोरोना वैक्सीन को लेकर हमारे ऊपर क्या-क्या आरोप लगाए गए, आज यह सामने आ गया कि उसी वैक्सीन बनाने वाली कंपनी ने भाजपा को चुनावी चंदा दिया है। ''न खाएंगे न खाने देंगे'' का नारा लगाने वाली भाजपा आज डकार भी नहीं रही है। महंगाई बढ़ने का कारण भी चुनावी बांड है। सपा अध्यक्ष ने एक बार फिर ''भाजपा हटाओ नौकरी पाओ'' का नारा दिया।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को चुनावी बांड को लेकर भाजपा पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि यह काले धन को सफेद करने की भाजपाई गारंटी है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने ईडी, सीबीआई व इनकम टैक्स जैसी केंद्रीय एजेंसियों का प्रयोग विपक्ष को परेशान करने व चुनावी चंदा वसूलने के लिए किया है। ''न खाएंगे न खाने देंगे'' का असली चेहरा बेनकाब हो गया है।

सपा मुखिया ने शुक्रवार को प्रदेश मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि चुनावी बांड बेरोजगारी महंगाई शोषण व युवाओं का भविष्य खराब करने की भाजपाई गारंटी है। कहा कि चुनावी बांड का विवरण सामने आने के बाद यह साबित हो गया है कि भाजपा सबसे बड़ी खाऊ पार्टी है। चुनावी बांड महा घोटाले का सुप्रीमो है। अखिलेश ने कहा कि चुनावी बांड का विवरण सामने आने के बाद यह साबित हो गया है कि भाजपा सबसे बड़ी खाऊ पार्टी है। चुनावी बांड महाघोटाले का सुप्रीमो है। कहा कि चुनावी बॉन्डा बेरोजगारी, महंगाई, शोषण व युवाओं का भविष्य खराब करने की भाजपाई गारंटी है।

## सार-संक्षेप

### डंपर ने बाइक सवार दो भाइयों को रौंदा, एक की मौत

**टांडा (रामपुर) :** टांडा थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम बाइक सवार दो भाइयों को डंपर चालक ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों घायल हो गए। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सक ने अनूप सिंह को मृत घोषित कर दिया। क्षेत्र के गांव बहादुर का मझरा में राजपाल सिंह का परिवार रहता है। उनका बड़ा बेटा अनूप (40) व छोटा बेटा विजय (30) रामपुर मार्ग स्थित व्हील्स इंडिया फैक्ट्री में मजदूरी करते थे। गुरुवार शाम दोनों भाई फैक्ट्री से बाइक पर घर आ रहे थे। जैसे ही अनूप बाइक को लेकर गांव बादली से मुरादाबाद मार्ग पर पेट्रोल पंप के पास पहुंचा तो मुरादाबाद की दिशा से आ रहे डंपर ने बाइक सवार दोनों भाइयों को रौंद दिया। जिससे अनूप की मौत हो गई। जबकि विजय गंभीर रूप से घायल हो गया। हालांकि राहगीर एंबुलेंस से दोनों सीएचसी ले गए। लेकिन चिकित्सक ने अनूप को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया।

### दो पासपोर्ट मामले में 19 मार्च को होगी सुनवाई

**रामपुर :** सपा नेता आजम खां के बेटे पूर्व विधायक अब्दुल्ला के दो पासपोर्ट मामले में शुक्रवार को दो गवाह को डिस्चार्ज कर दिया गया। अब इस मामले में अगली सुनवाई 19 मार्च को होगी। भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने 30 जुलाई वर्ष 2019 को सिविल लाइंस कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें भाजपा विधायक ने अब्दुल्ला पर अलग-अलग जन्म तिथि से दो पासपोर्ट बनवाने का आरोप लगाया था। आरोप है कि एक पासपोर्ट में जन्मतिथि एक जनवरी 1993 है, जबकि दूसरे पासपोर्ट में जन्मतिथि 30 सितंबर 1990 दर्ज है। पुलिस ने जांच के बाद अब्दुल्ला के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिए थे। इसकी सुनवाई एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट (मजिस्ट्रेट ट्रायल) में चल रही है। बचाव पक्ष की ओर से गवाही चल रही है। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान दो गवाह को डिस्चार्ज कर दिया गया।

### कुत्ते के गले में रस्सी डाल कर पीटने वालों पर रिपोर्ट

**मुरादाबाद :** कटघर थाना क्षेत्र में सब्जी मंडी निवासी करुणा शर्मा ने मुगलपुरा थाने की फैजगंज चौकी क्षेत्र के रितेश रस्तोगी, मोनू रस्तोगी और संजय रस्तोगी के विरुद्ध पशुओं से क्रूरता का मामला दर्ज कराया है। ये सभी सराफा व्यापारी हैं। उन्होंने बताया कि वह मेनका गांधी की संस्था में मुरादाबाद जिले की अध्यक्ष हैं। 13 मार्च को उन्हें सोशल मीडिया से पर वीडियो मिला था। ये मामला मुगलपुरा क्षेत्र का है। सभी आरोपी फीमेल डॉग के गले में रस्सी बांधकर उसे बेरहमी से पीट रहे थे। इसके तीन महीने के तीन बच्चे भी आरोपियों ने गायब कर दिए हैं। करुणा शर्मा ने बताया कि जब उन्हें सूचना मिली थी कि सराफा व्यापारी कुत्ते को रस्सी से बांधकर मार रहे हैं तो वह मौके पर भी गई थीं। आरोपियों को बहुत समझाने का प्रयास भी किया लेकिन, वह नहीं माने थे। इसलिए उन्होंने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### दहेज में दस लाख न मिलने पर महिला की हत्या

**बरेली : अमृत विचार :** इज्जतनगर क्षेत्र में महिला का शव फंदे पर लटकता मिला। परिजनों ने दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि मौत से पहले महिला ने अपनी बहन को फोन कर कहा था कि उसे बचा लो नहीं तो ये लोग हत्या कर देंगे। पुलिस ने आठ आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शिकारपुर निवासी नूर बानो पत्नी शब्बीर खान की बेटी राजिया (20) ने मोहल्ले के ही रहने वाले कासिम से दो साल पहले प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद से पति कासिम व ससुराली दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। आरोप है कि ससुराल वाले दहेज में 10 लाख की लगातार मांग कर रहे थे। नूर बानो का आरोप है कि बेटी रजिया ने गुरुवार देर रात एक बजकर 50 मिनट पर अपनी छोटी बहन नस्तईन को कॉल किया। इस दौरान उसने कहा कि बहन मुझे बचा लो यह लोग मेरे साथ मारपीट कर रहे हैं और मेरी हत्या कर देंगे। रात में साढ़े तीन बजे बहन नस्तईन रजिया के घर पहुंचीं तब उसका शव फंदे से लटका हुआ था और वहां पुलिस भी मौजूद थी।

# 12 साल बाद भी नहीं हुई प्रवक्ताओं की तैनाती

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी स्कूलों में बेहतर शिक्षा व्यवस्था के विभाग भले ही लाख दावे क्यों ना करे। लेकिन सच्चाई बिल्कुल इसके उलट है। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी कई स्कूल ऐसे हैं जहां दशकों से शिक्षकों के पद खाली हैं और बच्चों की शिक्षा दीक्षा के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था भी नहीं की गई है।

जिले के स्याल्दे विकास खंड में एक ऐसा ही स्कूल है राजकीय इंटर कालेज नैल। करीब डेढ़ दशक पहले इस विद्यालय को उच्चीकृत कर इंटरमीडिएट की मान्यता प्रदान की गई। उस दौरान इस विद्यालय में क्षेत्र के तीन सौ से अधिक छात्र छात्राएं अध्ययन करने आते थे। लेकिन विद्यालय में पिछले बारह सालों से भौतिक विज्ञान, इतिहास, अर्थशास्त्र, संस्कृत, राजनीति विज्ञान, हिंदी विषय के प्रवक्ताओं की तैनाती नहीं हो सकी है। एलटी संवर्ग में हिंदी विषय के शिक्षकों के पद रिक्त हैं। जिस कारण यहां शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चों का भविष्य लगातार गर्त की ओर जाता रहा। अभिभावकों ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से कई बार यहां शिक्षकों की तैनाती करने की मांग उठाई। लेकिन नतीजा सिफर ही रहा। अभिभावकों ने अपने पाल्यों को दूसरे स्कूलों में प्रवेश दिलाना शुरू कर दिया।

## मुसलमान समझ चुका है सीएए की हकीकत: शहाबुद्दीन

**बरेली, अमृत विचार :** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी ने बयान दिया कि सीएए लागू होने के बाद पहली जुमा की नमाज अदा की गई। उन्होंने कहा कि मुसलमानों में सीएए को लेकर गलतफहमियां थीं, लेकिन अब वह इस कानून को बखूबी समझ चुका है। यह कानून भारतीय मुसलमानों के लिए नहीं है। सीएए नागरिकता छीनता नहीं बल्कि देता है। यह कानून उन लोगों के लिए है जो गैर मुस्लिम पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान से भारत आए और यहां कई साल से रह रहे हैं। मौलाना ने कहा कि जुमे की नमाज पुरानी रिवायत के मुताबिक अदा की गई।

# पूर्व विधायक के घर से लाखों की नगदी और जेवर चोरी

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** धौरहरा से भाजपा के पूर्व विधायक बाला प्रसाद अवस्थी के घर गुरुवार की रात 30 लाख की नगदी और लाखों के सोने-चांदी के जेवरात चोरी हो गए। चोर दो रिवाल्वर और 50 कारतूस भी ले गए, लेकिन जाते समय दोनों रिवाल्वर फेंक गए। एसपी व अन्य पुलिस अधिकारियों ने मौका मुआयना किया। पूर्व विधायक ने अंदेशा जताया कि कम से कम आठ बदमाशों ने कई दिन की रेकी कर चोरी को अंजाम दिया है।

पूर्व विधायक बाला प्रसाद अवस्थी का बेलतुआ गांव में आवास है। उन्होंने बताया कि वह पत्नी और बेटा राजीव अवस्थी गुरुवार रात अपने-अपने कमरे में सो गए। करीब डेढ़ या दो बजे बदमाशी चहारदीवारी फांदकर घुस आए। तिजोरी को काटकर 30 लाख की नगदी और सेफ आदि के ताले तोड़कर लाखों के सोने-चांदी के जेवर, 50 कारतूस, दो रिवाल्वर चोरी कर ले गए। शुक्रवार सुबह करीब पांच बजे उनकी पत्नी कृष्णा देवी सोकर उठीं, तब चोरी की जानकारी हुई। बाद में रिवाल्वर बरामद हो गए। एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीओ धौरहरा पीपी सिंह के साथ पहुंचे और मुआयना किया। फॉरेंसिक एक्सपर्ट, डॉग स्क्वायड और फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट टीम ने साक्ष्य जुटाए।

## परीक्षा के लिए 17 नोडल केंद्र बनाए

**बरेली, अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने स्नातक और परास्नातक की मुख्य परीक्षा के लिए 17 नोडल केंद्र बनाए हैं।

परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक विश्वविद्यालय के गोपनीय पत्राचार की प्राप्ति के लिए बरेली में बरेली कॉलेज, खंडेलवाल कॉलेज, राजेंद्र प्रसाद स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डॉ. राम मनोहर लोहिया राजकीय कॉलेज, बदायूं में राजकीय कॉलेज और एनएसएसएन दास कॉलेज, पीलीभीत में उपाधि महाविद्यालय और राजकीय महाविद्यालय बीसलपुर, शाहजहांपुर में जीएफ कॉलेज, गन्ना किसान डिग्री कॉलेज पुवायां, बिजनौर में वर्धमान कॉलेज, आरएसएम कॉलेज को नोडल केंद्र बनाया गया है।

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 72,643.43 | 22,023.35 |
| नुकसान | 453.85 | 123.30 |
| प्रतिशत में | 0.62 | 0.56 |



अमृत विचार
www.amritvichar.com
हल्द्वानी, शनिवार, 16 मार्च 2024

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1015 फ्लैग 1120 डीएमओ 895 बोल्ड 1185, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1130 बोल्ड 1180 डीएमओ 890।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 1910, राज श्री 1420, फ़ॉर्चून कि. 1850, रविन्द्रा 1880, फॉर्चुन ली. 1700, जय जवान 1495, सचिन 1640, सूरज 1520, अवसर 1680, राग गोल्ड 1715, गृहणी 1605, क्लासिक (किलो) 1790, मोर 1640, चक्र टिन 1725, ब्लू 1725, आशीर्वाद मस्टर्ड 1785, स्वास्तिक 1880, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 17500, जीरा 40000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 12000-18000, सोंठ 45000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 7150-7700, मलका छाँटी 7300, दाल उड़द बिलासपुर 9800-10500, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-12100, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9700-11500, सच्चा हीरा 11700, मोटा हीरा 12700, अरहर गोला मोटा 12600, अरहर पटका मोटा 13000, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15200, **चीनी**- डालमियां 3980, पीलीभीत 3960, नवाबगंज (नई) 3950, बहेड़ी (नई) 3960 रुपये।

# भारतीय बाजार ने समझदारी बनाए रखी है

## कॉन्क्लेव में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा-मैं बाजार पर बहुत भरोसा करती हूं

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि वैश्विक स्तर पर भारी उतार-चढ़ाव के बावजूद भारतीय शेयर बाजार ने "एक निश्चित स्तर की समझदारी" बनाए रखी है और बाजार को अपने हिसाब से खेलने की अनुमति दी जानी चाहिए। वित्त मंत्री सीतारमण का यह बयान सेबी की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच के उस बयान के कुछ दिनों बाद आया है कि स्मालकैप और मिडकैप शेयरों में 'झाग' की गुंजाइश है और नियामक एक संभावित परामर्श पत्र लाने के लिए इस पर विचार कर रहा है।

राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित एक कॉन्क्लेव में सीतारमण ने कहा-मैं बाजारों को अपने हिसाब से खेलने देती हूं... हमें इसे बाजार के विवेक पर छोड़ देना चाहिए क्योंकि हम सभी ने देखा है कि वैश्विक स्तर पर भारी उतार-चढ़ाव के बावजूद भारतीय बाजार ने समझदारी का एक निश्चित स्तर बनाए रखा है। यह वास्तव में इस तरह या उस तरह से बहुत हिंसक नहीं हुआ है। इसलिए, मैं बाजार पर बहुत भरोसा करती हूं। इस सप्ताह की शुरुआत में पूंजी बाजार नियामक ने स्मालकैप और मिडकैप शेयरों के अधिक मूल्यांकन के बारे में चिंता जताई थी। स्मालकैप और मिडकैप संभावित बाजार में हेरफेर और बाजार में बुलबुले के जोखिम का संकेत दे रहे थे। बुच ने कहा था कि इक्विटी बाजारों में स्मालकैप और मिडकैप क्षेत्र में झाग के कुछ क्षेत्र हैं जिनमें बुलबुला बनने और फूटने की क्षमता है जो निवेशकों को प्रभावित कर सकता है। क्रिप्टो परिसंपत्तियों पर सीतारमण ने कहा कि वे मुद्राएं नहीं हो सकती हैं और यह भारत सरकार का रुख है।

### ताजा जीडीपी आंकड़े रहस्यमयी: सुब्रमण्यन

पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार अरविंद सुब्रमण्यन ने शुक्रवार को कहा कि भारत के ताजा जीडीपी आंकड़े ''पूरी तरह रहस्यमयी'' हैं और इन्हें समझ पाना मुश्किल है। हाल ही में जारी आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में भारत की अर्थव्यवस्था 8.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी। ये आंकड़े उम्मीद से बेहतर हैं और पिछले डेढ़ साल में सबसे अधिक हैं। सुब्रमण्यम ने कॉन्क्लेव में इस पर कहा-मैं आपको ईमानदारी से बताना चाहता हूं कि ताजा जीडीपी आंकड़ों को मैं समझ नहीं पा रहा हूं। उन्होंने कहा, ''मैं पूरे सम्मान के साथ कहना चाहता हूं कि ये बिल्कुल रहस्यमयी हैं। वे मेल नहीं खाते हैं। मुझे नहीं पता कि उनका क्या मतलब है।

## इलेक्ट्रिक वाहन नीति को मंजूरी, न्यूनतम 50 करोड़ डॉलर का निवेश तय

**नई दिल्ली।** सरकार ने भारत को विनिर्माण गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने के लिए शुक्रवार को इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) नीति को मंजूरी दे दी जिसमें न्यूनतम 50 करोड़ डॉलर (4,150 करोड़ रुपये) के निवेश के साथ देश में विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने वाली कंपनियों को शुल्क में रियायतें दी जाएंगी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री गोयल ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि ईवी नीति के जरिए भारत को ईवी के विनिर्माण गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने और टेस्ला समेत विभिन्न वैश्विक ईवी विनिर्माताओं से निवेश आकर्षित करने का प्रयास किया गया है। इस नीति के तहत ई-वाहनों की विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने वाली कंपनियों को कम सीमा शुल्क पर सीमित संख्या में कारों को आयात करने की अनुमति दी जाएगी।

## नरेंद्र मोदी सरकार में 10 हजार से अधिक नए डाक घर खुले: वैष्णव

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रौद्योगिकी मंत्री बोले-डाक विभाग का हो रहा है विस्तार

मोदी सरकार के कार्यकाल में वर्ष 2014 से 2024 के दौरान देश में 10480 नए डाक घर खुले हैं जबकि इससे पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में छह डाक घर बंद किए गए थे। केंद्रीय संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज यहां डाक विभाग में कार्यरत 2.56 लाख से अधिक ग्रामीण डाक सेवकों (जीडीएस) की सेवा शर्तों में सुधार और सेवा में ठहराव को दूर करने के लिए एक वित्तीय उन्नयन योजना की घोषणा की के दौरान यह बात कही।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से 2024 के दौरान देश में 1.28 लाख डाककर्मियों की भर्ती की गई है और 2.50 लाख को प्रशिक्षित किया गया है। कहा कि वैश्विक स्तर पर डाक सेवाओं में शिथिलता आ गई है लेकिन भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में डाक विभाग का विस्तार हो रहा है और नई सेवाओं को इसके दायरे में लाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर बिजली योजना के तहत डाक घरों में 53 लाख पंजीकरण हुए हैं। इसके साथ ही सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 3.17 करोड़ खाते खुले हैं जिनमें 1.50 लाख करोड़ रुपये जमा है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 75,900 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 67,200 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 50,050-50,250 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,750 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,600 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 75,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 65,550 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 64,550 |
| चांदी पक्की | 740 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 65,800 |
| चांदी आभूषण | 74,700। |

## हल्द्वानी मंडी

**चावल**-शरबती 110 मसूरी 96 बासमती 145, **दाल दलहन**-काला चना 105 साबुत चना दाल 104 मूंग साबुत 98-120 राजमा 156 दाल उड़द 121 साबुत मसूर दाल 70 मसूर दाल 70-109 उड़द साबुत 115 काबुली चना 70-140 अरहर दाल 156-165 लोबिया/करमानी 81 सोयाबीन 44-60 मूंगफली 74-77 मटर (सूखी) 49-61 मक्का 17 रुपये।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**-दाल चना: 75 से 76 रुपये मसूर: 88 से 90 रुपये मलका: 82 से 85 रुपये अरहर: 118 से 125 रुपये उड़द: 95 से 101रुपये धोआ उड़द: 110 से 120 रुपये मूंग धोआ: 104 - 106 रुपये मूंग छिलका: 102 रुपये मूंग साबुत: 100 रुपये चना देसी: 80 रुपये चना कावली: 145 से 160 राजमा लाल: 155 राजमा चित्ता: 145 रुपये लोबिया लाल: 94 रुपये लोबिया सफेद: 98 रुपये।

## सीसीआई ने गूगल की प्ले स्टोर नीति के खिलाफ जांच के आदेश दिए

नई दिल्ली, एजेंसी

निष्पक्ष व्यापार नियामक सीसीआई ने शुक्रवार को इंटरनेट-आधारित कंपनी गूगल की प्ले स्टोर मूल्य निर्धारण नीति में कथित प्रतिस्पर्धा-विरोधी प्रथाओं के संबंध में जांच के आदेश दिए।

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने इस आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता मुख्य रूप से गूगल के स्वामित्व वाले ऐप स्टोर 'गूगल प्ले स्टोर' की भुगतान नीतियों से व्यथित हैं। प्ले स्टोर पर प्रतिस्पर्धा कानून का उल्लंघन करने का आरोप है। यह आदेश भुगतान संबंधी समस्याओं के कारण गूगल के प्ले स्टोर से कुछ ऐप को हटाने के दो सप्ताह के भीतर आया है। गूगल ने एक मार्च को सेवा शुल्क भुगतान पर विवाद को लेकर भारत में अपने प्ले स्टोर से कुछ ऐप हटा दिए थे। हालांकि, सरकार के हस्तक्षेप के बाद कुछ दिनों के भीतर ही इन ऐप को बहाल कर दिया गया। प्रतिस्पर्धा आयोग में अपील दायर करने वाली कंपनियों में पीपुल इंटरएक्टिव इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, मेबिगो लैब्स प्रा. लिमिटेड, इंडियन ब्रॉडकास्टिंग एंड डिजिटल फाउंडेशन (आईबीडीएफ) और इंडियन डिजिटल मीडिया इंडस्ट्री फाउंडेशन (आईडीएमआईएफ) शामिल हैं।

## निर्यात 11.9% बढ़कर 41.4 अरब अमेरिकी डॉलर रहा

नई दिल्ली, एजेंसी

- वाणिज्य मंत्रालय ने फरवरी माह के जारी किए आंकड़े

भारत का निर्यात फरवरी में 11.9 प्रतिशत बढ़कर 41.4 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो चालू वित्त वर्ष का सर्वाधिक मासिक आंकड़ा है। वाणिज्य मंत्रालय के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, फरवरी में मुख्य रूप से इंजीनियरिंग सामान, इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं और दवा उत्पादों की विदेश में अच्छी मांग रही। हालांकि सोने के आयात में उल्लेखनीय वृद्धि होने से फरवरी में व्यापार घाटा 18.7 अरब अमेरिकी डॉलर रहा, जो एक साल पहले इसी महीने में 16.57 अरब डॉलर था।

पिछले महीने 60.1 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य की वस्तुओं का आयात किया गया, जो फरवरी 2023 के 53.58 अरब अमेरिकी डॉलर की तुलना में 12.16 प्रतिशत अधिक है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार फरवरी में सोने का आयात 133.82 प्रतिशत बढ़कर 6.15 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 2.63 अरब अमेरिकी डॉलर था। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-फरवरी के दौरान सोने का आयात 44 अरब अमेरिकी डॉलर रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 38.76 प्रतिशत अधिक है।

वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने इन आंकड़ों पर संवाददाताओं से कहा कि फरवरी के दौरान निर्यात में वृद्धि चालू वित्त वर्ष के किसी भी महीने के मुकाबले अधिक है। उन्होंने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध और कुछ देशों में मंदी जैसी कई कठिनाइयों के बावजूद फरवरी में निर्यात अनुमान से अधिक रहा।

# राष्ट्रीय

## टूटेगा इंडिया गठबंधन का सारा घमंड : मोदी

### प्रधानमंत्री बोले-तमिलनाडु की धरती पर बहुत बड़े परिवर्तन की आहट महसूस हो रही

कन्याकुमारी, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दावा किया कि तमिलनाडु की धरती पर उन्हें 'बहुत बड़े परिवर्तन' की आहट महसूस हो रही है और आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का प्रदर्शन विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का 'सारा घमंड' तोड़कर रख देगा। लोकसभा चुनाव की घोषणा से ठीक एक दिन पहले भाजपा की एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) पर तीखा हमला बोला और इसे राज्य के भविष्य का 'दुश्मन' करार दिया तथा साथ ही उस पर देश, इसकी संस्कृति और विरासत से नफरत पैदा करने का आरोप लगाया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कन्याकुमारी में लोकसभा चुनाव से पहले एक सार्वजनिक बैठक के दौरान समर्थकों का हाथ हिलाकर अभिवादन करते हुए। ● एजेंसी

मोदी ने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) की पूर्ववर्ती सरकार के दौरान हुए कथित घोटालों का उल्लेख किया और कहा कि दूसरी तरफ केंद्र में आज एक ऐसी सरकार है जो विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लोगों का जीवन आसान बना रही है। उन्होंने कहा-देश के इस दक्षिणी छोर से जो लहर उठी है, यह बहुत दूर तक जाने वाली है। मोदी ने वर्ष 1991 में हुई भाजपा की 'एकता यात्रा' को याद करते हुए कहा कि उस समय उन्होंने कन्याकुमारी से कश्मीर तक की यात्रा की थी लेकिन इस बार वह कश्मीर से कन्याकुमारी आए हैं।

### कांग्रेस और वामपंथी दल ठग हैं : प्रधानमंत्री

**पथानामथिट्टा (केरल)।** मोदी ने केरल के सत्ताधारी वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और विपक्षी संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) को 'ठग' करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि राज्य में दोनों एक-दूसरे का विरोधी होने का दिखावा करते हैं जबकि दिल्ली में गले मिलते हैं। यहां एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि केरल के लोग इनकी सच्चाई समझ गए हैं।

## देश की पहली अंडरवॉटर मेट्रो ट्रेन की सेवाएं शुरू

**कोलकाता।** देश की पहली 'अंडरवॉटर' मेट्रो ट्रेन की वाणिज्यिक सेवाएं शुक्रवार को कोलकाता में शुरू हुईं। पहले दिन सैकड़ों यात्रियों ने 'अंडरवॉटर' मेट्रो ट्रेन में यात्रा का आनंद उठाया और खुशी का इजहार किया। एक ट्रेन सुबह सात बजे कोलकाता के ईस्ट-वेस्ट मेट्रो कॉरिडोर पर हावड़ा मैदान स्टेशन से चली जबकि दूसरी ट्रेन उसी समय एस्प्लेनेड स्टेशन से शुरू हुई। इस दौरान यात्रियों ने तालियां बजायी। "पहले दिन की पहली अंडरवाटर मेट्रो" का हिस्सा बनने के लिए सैकड़ों यात्री सुबह-सुबह स्टेशनों पर उमड़ पड़े। दोनों स्टेशन पर सुबह टिकट लेने के लिए यात्री लंबी कतारों में खड़े दिखे जबकि अधिकारियों ने गुलाब के फूल देकर यात्रियों का स्वागत किया।

## चुनाव घोषणा से पूर्व केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ी

नई दिल्ली, ब्यूरो

- ईडी के समक्ष पेशी से छूट देने से अदालत का इनकार
- शराब घोटाला मामले में ईडी के ठुकरा चुके हैं 8 समन

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव की घोषणा से ठीक एक दिन पूर्व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ गई हैं। शराब घोटाला मामले में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अभी तक वे 8 समन ठुकरा चुके थे। अब उन्हें नौवें सम्मन पर पेश होना ही पड़ेगा। शुक्रवार को स्थानीय अदालत ने उन्हें कोई राहत नहीं दी है।

उल्लेखनीय है कि दिल्ली शराब घोटाले मामले पर तत्कालीन उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया पहले से ही तिहाड़ जेल में है और उसी मामले पर मुख्यमंत्री को भी तलब किया था। लेकिन केजरीवाल ने ईडी की कार्रवाई को राजनीति से प्रेरित बताते हुए आम आदमी पार्टी को समाप्त करने का आरोप लगाया था। बाद में वे ईडी के सम्मन के खिलाफ अदालत में चले गए थे, जहां से उन्हें राहत मिली थी। मगर दो दिन चली सुनवाई के दौरान अदालत ने शुक्रवार को उन्हें किसी भी तरह का स्थगन आदेश या राहत देने से मना कर दिया है। केजरीवाल को ईडी ने सातवां समन भेज कर 27 फरवरी को बुलाया था। तब केजरीवाल का तर्क था कि यह मामला अदालत में विचाराधीन है। इसलिए ईडी को सम्मन भेजने के बजाय अदालत के फैसले का इंतजार करना चाहिए। इसी बीच ईडी ने चार मार्च के लिए आठवां समन जारी कर दिया था। ईडी ने पहला समन गत 2 नवंबर को भेजा था। उसके बाद 21 दिसंबर, 3 जनवरी, 18 जनवरी, 2 फरवरी, 14 फरवरी एवं 22 फरवरी को पूछताछ के लिए केजरीवाल को बुलाया गया था लेकिन अब अदालत से कोई राहत न मिलने के बाद केजरीवाल को ईडी के समक्ष पेश होना ही पड़ेगा।

आप के तमाम नेता लोकसभा चुनाव से पहले केजरीवाल को गिरफ्तार करने का आरोप लगा चुके थे और अब इस तरह की अटकलें तेज हो गई है कि क्या पूछताछ के बाद केजरीवाल को ईडी गिरफ्तार करेगी।

## एक नजर

### छग में पहली बार डीएम की अदालत की सुनवाई का सीधा प्रसारण

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ के आदिवासी बहुल सरगुजा जिले में पहली बार जिलाधिकारी की अदालत से मामलों की सुनवाई का सीधा प्रसारण किया गया जिससे दूर-दराज के इलाकों में रहने वाले लोगों तक अदालती कार्यवाही में पारदर्शिता और पहुंच सुनिश्चित की जा सके। राज्य की राजधानी रायपुर से लगभग 300 किलोमीटर दूर स्थित उत्तर छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में नवनियुक्त जिलाधिकारी विलास भोस्कर संदीपन ने यह पहल की है।

### झारखंड पुलिस ने ईडी को भेजा समन

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से ईडी के अफसरों के खिलाफ दर्ज कराए गए एससी-एसटी केस में झारखंड पुलिस ने संबंधित अधिकारियों को समन भेजा है। उन्हें 21 मार्च को सुबह 11 बजे थाने में मौजूद रहने को कहा है। सोरेन ने ईडी अफसरों पर प्रताड़ित करने और पूरे समुदाय को अपमानित करने का आरोप लगाया है। पुलिस की ओर से ईडी के एडिशनल डायरेक्टर कपिल राज, असिस्टेंट डायरेक्टर देवव्रत झा सहित अनुपम कुमार और अमन पटेल शामिल हैं।

## बिहार में नीतीश कुमार मंत्रिमंडल का विस्तार, 21 नए मंत्री किए गए शामिल

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने दो महीने से भी कम पुराने मंत्रिमंडल का शुक्रवार को विस्तार करते हुए उसमें 21 नए मंत्रियों को शामिल किया। यहां राजभवन में एक सादे समारोह में राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर ने वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री रेणु देवी सहित इन नेताओं को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से शपथ लेने अन्य प्रमुख चेहरों में पार्टी की बिहार इकाई के पूर्व अध्यक्ष मंगल पांडेय, नीरज कुमार सिंह, नीतीश मिश्रा, नितिन नवीन, दिलीप कुमार जयसवाल और जनक राम शामिल हैं। मुख्यमंत्री की पार्टी जदयू से मंत्री के तौर पर शपथ लेने वाले पुराने प्रमुख चहरों में महेश्वर हजारी, शीला मंडल, पूर्व वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी सुनील कुमार, जयंत राज, जमा खान, रत्नेश सदा शामिल हैं।

## भाजपा के नौ विधायकों को कारण बताओ नोटिस

शिमला, एजेंसी

- हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस और भाजपा के बीच गतिरोध जारी

हिमाचल प्रदेश विधानसभा सचिव यशपाल शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नौ विधायकों को शिकायत के आधार पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस और विपक्षी भाजपा के बीच राजनीतिक गतिरोध जारी है और निकट भविष्य में इसके सुलझने के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं।

नाहन के कांग्रेस विधायक अजय सोलंकी ने सदन के कामकाज पर नियम 79 के तहत स्पीकर कुलदीप सिंह पठानिया के समक्ष शिकायत दर्ज कराई है कि हाल के बजट सत्र के दौरान सदन के अंदर और अध्यक्ष के चेंबर में कथित तौर पर हिंसा और अनुशासनहीनता में शामिल होने के लिए भाजपा के नौ विधायकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। हिमाचल प्रदेश विधानसभा सचिव ने कहा कि शिकायत के आधार पर नौ भाजपा विधायकों - ऊना से सतपाल सत्ती, नाचन से विनोद कुमार, चुराह से हंसराज, बंजार से सुरेंद्र शौरी, सुलह से विपिन परमार, त्रिलोक जम्वाल, बिलासपुर, बल्ह से इंद्र सिंह गांधी, आनी से लोकेंद्र कुमार और करसोग से दीपराज को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

## सरकार के कामकाज में आचार संहिता से कोई फर्क नहीं पड़ेगा

नई दिल्ली, ब्यूरो

- सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर बोले

**अमृत विचार:** लोकसभा एवं कुछ राज्यों की विधानसभा के चुनावों की घोषणा शनिवार को होने जा रही है। इसी के साथ पूरे देश में आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी। मगर सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा है कि इससे सरकार के कामकाज में कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

केंद्रीय मंत्री ने उक्त जानकारी तब दी थी जब उनसे पूछा गया कि क्या दो दिन पूर्व हुई कैबिनेट की बैठक को अंतिम बैठक माना जाए? जवाब में ठाकुर ने कहा की सरकार का कामकाज तो चलता ही रहेगा यदि कोई अहम फैसला लेने की आवश्यकता होगी तो मंत्रिमंडल की बैठक बुलानी ही पड़ेगी और ऐसा प्रावधान चुनाव संहिता में भी है।

उल्लेखनीय है कि निष्पक्ष चुनाव करवाने के लिए निर्वाचन आयोग के पास आदर्श चुनाव संहिता के नाम पर कई संवैधानिक अधिकार सुरक्षित है। लेकिन इन अधिकारों का शक्ति से पालन तत्कालीन मुख्य निर्वाचन आयुक्त टीएन शेषन के समय में हुआ था और तभी से राजनीतिक दलों एवं उम्मीदवारों के ऊपर किसी भी चुनाव के दौरान आचार संहिता की तलवार लटकी रहती है।

अनुराग ठाकुर के जवाब के बाद माना जा रहा है कि किसी अति आवश्यक कार्य के लिए मंत्रिमंडल की बैठक हो सकती है लेकिन उसमें जनता को प्रभावित करने वाले किसी भी कार्यक्रम की घोषणा नहीं होगी। नामांकन से लेकर मतगणना तक किसी भी तरह के उद्घाटन एवं शिलान्यास जैसे कार्यक्रम नहीं होंगे। इस दायरे में नौकरशाहों को अपना कामकाज करने की छूट रहेगी लेकिन मंत्रियों या राजनीतिक दालों के नेताओं पर आयोग की कड़ी दृष्टि रहेगी। सभी उम्मीदवारों को चुनाव प्रचार के दौरान खर्च किए गए धन का हिसाब किताब भी देना होगा। आचार संहिता लागू होने के बाद कोई भी मंत्री सरकारी विमान, वाहन या सरकारी मशीनरी का उपयोग प्रचार के दौरान नहीं करेगा।

## मुक्त चुनाव चिह्न आवंटन संबंधी नीति की पड़ताल करेगी कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- उच्चतम न्यायालय ने निर्वाचन आयोग से मांगा जवाब

उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु के गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल ''नाम तमिलर काची'' (एनटीके) की उस याचिका पर शुक्रवार को निर्वाचन आयोग से जवाब मांगा, जिसमें गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर 'मुक्त' चुनाव चिह्न के आवंटन को चुनौती दी गई है। साथ न्यायालय ने उपरोक्त नीति की पड़ताल करने की सहमति जताई है।

प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने एक अन्य गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल को भी नोटिस जारी किया, जिसे वह चुनाव चिह्न आवंटित किया गया है, जिस पर पूर्व में एनटीके चुनाव लड़ चुकी है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने गत एक मार्च को एनटीके की उस याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को निर्वाचन आयोग द्वारा 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर 'मुक्त' चुनाव चिह्न का आवंटन किए जाने को चुनौती दी गई थी। उच्च न्यायालय की एक पीठ ने याचिकाकर्ता 'एनटीके' की इस दलील को खारिज कर दिया था कि इस आशय से संबंधित चुनाव चिह्न आदेश मनमाना और असंवैधानिक था। याचिकाकर्ता आगामी लोकसभा चुनाव के लिए तमिलनाडु और पुडुचेरी में एक अन्य राजनीतिक दल को 'मुक्त' चुनाव चिह्न 'गन्ना किसान' के आवंटन से व्यथित था। याचिका पर नोटिस जारी करते हुए

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि इस अपील पर होली की छुट्टियों के बाद सुनवाई की जाएगी। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह चुनाव चिह्न आदेश के पैराग्राफ 10बी(बी) की योजना की पड़ताल करेगी, जो 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर दलों और उम्मीदवारों को 'मुक्त' चिह्न देने से संबंधित है। एनटीके का आरोप है कि निर्वाचन आयोग की नीति "असंवैधानिक" है। याचिकाकर्ता ने कहा है कि 'मुक्त' चुनाव चिह्न के आवंटन के लिए वैध अवधि के भीतर दायर किए गए सभी आवेदनों पर निर्वाचन आयोग द्वारा समान स्तर पर विचार किया जाना चाहिए और इसीलिए 'गन्ना किसान' चुनाव चिह्न उसे (याचिकाकर्ता को) आवंटित किया जाना चाहिए, क्योंकि उसने 2019 से अब तक इसपर छह चुनाव लड़े हैं।

## संदेशखाली के हिंसा पीड़ित मुर्मु से मिले लगाई सुरक्षा की गुहार

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में हिंसा से पीड़ित लोगों का एक समूह शुक्रवार को राजधानी में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मिला और उन्हें आपबीती सुनाते हुए वहां राष्ट्रपति को एक ज्ञापन दिया जिसमें उत्पीड़न की शिकार अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) समुदाय की सुरक्षा के लिए हस्तेक्षप की मांग की गयी है। राष्ट्रपति भवन में श्रीमती मुर्मु से मिलने समूह में 11 लोग थे। इनमें पांच महिलाएं थी। राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद इस दल की महिला सदस्यों ने संवाददाताओं से कहा कि मुर्मु ने उनकी शिकायत सहानुभूति के साथ सुनी है।

# धोनी से तुलना पर जुरेल ने कहा- एमएसडी एक ही हैं

नई दिल्ली, एजेंसी

विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल की तुलना भले ही महेंद्र सिंह धोनी से की जा रही हो लेकिन उन्होंने कहा कि कोई भी पूर्व भारतीय कप्तान की बराबरी नहीं कर सकता और वह अपना ध्यान अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में जगह बनाने पर लगाएंगे।

हाल में इंग्लैंड के खिलाफ समाप्त हुई ही श्रृंखला में टेस्ट पदार्पण करने वाले जुरेल ने विकेट के पीछे चतुराई दिखाई, बल्ले से भी प्रदर्शन किया तथा कप्तान रोहित शर्मा को डीआरएस संबंधित फैसले लेने में मदद की। जुरेल के इस प्रदर्शन को देखकर महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने उनकी तुलना धोनी से कर दी लेकिन इस खिलाड़ी को ऐसा नहीं लगता। उन्होंने कहा कि मेरी तुलना धोनी सर से करने के लिए शुक्रिया गावस्कर सर, लेकिन मैं कहना चाहूंगा कि धोनी सर ने जो किया है, वैसा कोई भी नहीं कर सकता। धोनी सिर्फ एक ही है। हमेशा थे और हमेशा रहेंगे। मैं सिर्फ ध्रुव जुरेल ही रहना चाहता हूं। जो भी मैं करूं, मैं सिर्फ ध्रुव जुरेल ही रहना चाहता हूं, लेकिन धोनी सर महान क्रिकेटर हैं और वह हमेशा महान रहेंगे। भारत की टेस्ट कैप मिलने से जुरेल ने कहा कि मुझे अभी तक विश्वास नहीं हो रहा कि मुझे टेस्ट कैप मिली और फिर मैं मैन ऑफ द मैच रहा। टेस्ट खेलना सुखद रहा जो क्रिकेट का सबसे शुद्ध प्रारूप है। इतना पता था कि किसी दिन टेस्ट खेलूंगा इसलिए यह मेरे सपने के साकार होने वाला पल था। उन्होंने कहा कि जब मैं अंडर-19 खेल रहा था, तो मेरा लक्ष्य 200 टेस्ट खेलने का था लेकिन बाद में मुझे महसूस हुआ कि यह संभव नहीं था। जुरेल ने टेस्ट क्रिकेट और आईपीएल के बीच तुलना को खारिज करते कहा कि अपनी बात करूं तो आईपीएल से मेरा टेस्ट के प्रति लगाव कम नहीं हुआ। दोनों में कोई तुलना नहीं हो सकती। टेस्ट क्रिकेट बिलकुल अलग स्तर पर है। जुरेल ने बीसीसीआई के ज्यादा टेस्ट खेलने वाले खिलाड़ियों को ज्यादा प्रोत्साहन राशि देने के कदम की प्रशंसा की।

## सीएसके में वापसी पर शार्दुल ने कहा- माही से सीखने को बेकरार हूं

**मुंबई, एजेंसी।** आल राउंडर शार्दुल ठाकुर मुंबई के साथ रणजी ट्राफी जीतने के बाद आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए महेंद्र सिंह धोनी की अगुआई में प्रदर्शन की उम्मीद लगाए हैं क्योंकि पिछला चरण उनके लिए इतना अच्छा नहीं था। शार्दुल 2018 से 2021 तक सीएसके का हिस्सा रहे थे, जिसके बाद 2022 में वह दिल्ली और 2023 में कोलकाता के लिए खेले थे। इस सत्र में वह फिर सीएसके में वापसी करेंगे जिसके लिए उन्हें 4 करोड़ में खरीदा गया। शार्दुल ने कहा कि पिछला आईपीएल मेरे लिए अच्छा नहीं रहा। वह 11 मैच में महज 7 विकेट ही झटक सके थे। शार्दुल ने कहा कि मैं माही के नेतृत्व में खेलने को लेकर उत्साहित हूं। जब आप उनके साथ खेलते हो तो आप कुछ न कुछ जरूर सीखते हो। वह स्टंप के पीछे खड़े होकर आपका मार्गदर्शन करते रहते हैं जिससे आपके प्रदर्शन में निखार आता है।

# आईपीएल न खेलने से निराश नहीं हूं, टी-20 समझने के लिए मिला एक और सालः मुशीर

मुंबई, एजेंसी

क्रिकेटरों के लिए भले ही आईपीएल अनुबंध पाना प्राथमिकता रखता हो लेकिन मुंबई के रणजी ट्राफी के युवा नायक मुशीर खान खुश हैं कि वह खिलाड़ियों की नीलामी में बिके नहीं क्योंकि इससे उन्हें टी-20 प्रारूप को समझने के लिए कुछ और समय मिल जाएगा।

मुशीर (19 वर्ष) ने रणजी फाइनल में शतक जड़कर सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा और मुंबई के लिए फाइनल में सैकड़ा लगाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। उनका मानना है कि वह आने वाले समय में आईपीएल में नाम कमाएंगे। मुशीर ने अपने पिता और कोच नौशाद के शब्दों को दोहराते हुए कहा कि मेरा नाम आईपीएल में नहीं है, लेकिन मैं निराश नहीं हूं। मेरे पिता ने मुझे कहा कि टेस्ट क्रिकेट और टीम इंडिया के लिए खेलो। आईपीएल बाद में खेल लोगे, आज नहीं तो कल। उन्होंने कहा कि अच्छा है कि मुझे आईपीएल की तैयारी के लिए एक और साल मिल गया। मैं अब टी-20 क्रिकेट को और समझूंगा कि मुझे इस प्रारूप के लिए कैसे तैयारी करनी चाहिए। मुशीर ने हाल में रणजी फाइनल में मुंबई की दूसरी पारी में 136 रन बनाकर विदर्भ को 538 रन का लक्ष्य देने में मदद की। इससे मुंबई 42वां रणजी खिताब जीतने में सफल रहा। मुशीर इस प्रदर्शन के लिए अपने बड़े भाई सरफराज से प्रेरणा लेते हैं जिन्होंने राजकोट में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में पदार्पण किया था। मुशीर ने कहा कि मैं भाई के समर्पण और उनकी बल्लेबाजी को देखकर प्रेरणा लेता हूं। हमारा बल्लेबाजी का तरीका भी समान ही है।

## खेल डायरी

### अल्काराज इंडियन वेल्स के सेमीफाइनल में सिनर से होगी भिड़ंत

**इंडियन वेल्स (अमेरिका), एजेंसी।** कार्लोस अल्काराज ने मधुमक्खियों के कारण दो घंटे के विलंब के बाद एलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-3 6-1 से हराकर बीएनपी पारिबस ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। गुरुवार को मुकाबले के दौरान मधुमक्खियों ने हमला कर दिया, जिससे अल्काराज खुद को बचाने के लिए छिप गए और मैच शुरू होने के 19 मिनट पर ही यह घटना हुई। तब अल्काराज 1-1 की बराबरी पर थे। दर्जनों मधुमक्खियां स्पाइडर कैमरे पर चिपक गई और उन्हें वैक्यूम से हटाया गया। यानिक सिनर ने जिरी लेचेका को हराकर इस साल 16वें मैच में जीत दर्ज की। अब शनिवार को सिनर का सामना अल्काराज से होगा। टॉमी पॉल ने नौवें वरीय कैस्पर रूड को हराकर दूसरे मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई।

### चोट से एनगिडी की जगह मैकगुर्क दिल्ली की टीम में

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी चोट के कारण शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से बाहर हो गए, जिससे दिल्ली कैपिटल्स ने उनकी जगह ऑस्ट्रेलियाई आल राउंडर जेक फ्रेसर मैकगुर्क को टीम में शामिल किया। मेलबर्न के 21 साल के सलामी बल्लेबाज और लेग स्पिनर मैकगुर्क ने पिछले महीने सिडनी में वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना वनडे पदार्पण किया था। दिल्ली कैपिटल्स ने मैकगुर्क को 50 लाख की 'रिजर्व' राशि में टीम में लिया है। एनगिडी पिछले एक साल से टखने की चोट से जूझ रहे हैं। उन्होंने आईपीएल में 14 मैच खेलकर 25 विकेट झटके हैं।

### प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास लेंगे वेड

**होबार्ट, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू वेड ने कहा कि वह शेफील्ड शील्ड फाइनल के बाद प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे, लेकिन सफेद गेंद के प्रारूप में चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। शेफील्ड फाइनल 21 मार्च से तस्मानिया और वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के बीच शुरू होगा जो वेड के 2012 से शुरू हुए करियर का लाल गेंद का अंतिम मैच होगा। इसके बाद बाएं हाथ के बल्लेबाज वेड आईपीएल के लिए गुजरात टाइटन्स से जुड़ जाएंगे। हालांकि वह पहले दो मैच नहीं खेल पाएंगे क्योंकि लीग का कार्यक्रम शील्ड फाइनल की तारीखों के साथ ही है। वेड ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 36 टेस्ट में 4 शतक से 29.87 के औसत से 1613 रन बनाए हैं।

### बांग्लादेश दौरे के लिए ऑस्ट्रेलिया ने वनडे टीम में ग्रेस हैरिस को किया शामिल

**सिडनी, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम में बांग्लादेश दौरे के लिए चोटिल डार्सी ब्राउन की जगह ग्रेस हैरिस को एकदिवसीय श्रृंखला के लिए शामिल किया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि ब्राउन को बाएं पैर में लगी चोट से टीम से बाहर किया गया। ब्राउन की वापसी उचित समय पर होगी। हैरिस को पहले केवल टी-20 के लिए चुना गया था, लेकिन अब वह वनडे में खेलती नजर आएंगी। प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहने के बाद यूपी के साथ उनका डब्ल्यूपीएल कार्यकाल पहले ही समाप्त हो चुका है। ऑस्ट्रेलिया ने टी-20 टीम में ब्राउन के स्थान पर किसी अन्य खिलाड़ी को जगह नहीं दी है। बीमारी के कारण ऑलराउंडर हीथर ग्राहम अनुपलब्ध रहेगी। जेस जोनसेन को पिछले महीने टीम से बाहर किया गया था और उसकी जगह तायला व्लामिनक को बुलाया गया था। ऑस्ट्रेलिया को 21 मार्च से शुरू बांग्लादेश दौरे में तीन वनडे और तीन टी-20 मैच खेलने है। **टीम :** एलिसा हीली (कप्तान), ऐश गार्डनर, किम गर्थ, ग्रेस हैरिस, अलाना किंग, फीबी लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्राथ, सोफी मोलिनक्स, बेथ मूनी, एलिसे पेरी, मेगन शुट्ट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वेयरहैम और तायला व्लामिनक।

# वनडे-टी20 में 'स्टॉप क्लॉक' नियम स्थायी करेगा आईसीसी

## नियम दिसंबर 2023 में किया गया था शुरू, टी-20 विश्व कप सेमी और फाइनल के लिए 'रिजर्व डे'

दुबई, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) प्रयोग पर चल रहे 'स्टॉप क्लॉक' नियम को टी-20 विश्व कप 2024 से सभी वनडे और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में हमेशा इस्तेमाल करेगा। आईसीसी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

आईसीसी ने स्टॉप क्लॉक नियम दिसंबर 2023 में शुरू किया था और इसे एक जून 2024 से स्थायी कर दिया जाएगा। आईसीसी ने सालाना बोर्ड बैठक के बाद कहा कि 'स्टॉप क्लॉक' नियम जून 2024 से वेस्टइंडीज और अमेरिका में आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2024 के साथ सभी वनडे और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में स्थायी हो जाएगा। ट्रायल तक होना था लेकिन इसके नतीजे साफ दिखाई दे रहे हैं जैसे मैच समय पर खत्म हो रहे हैं जिससे प्रत्येक वनडे मैच में करीबन 20 मिनट बच रहे हैं। नियम के अनुसार क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम को पिछला ओवर खत्म होने के 60 सेकेंड के अंदर नया ओवर शुरू करना होगा। इसके लिए मैदान पर लगी 'इलेक्ट्रॉनिक' घड़ी 60 से लेकर शून्य तक उलटी गिनती करेगी और तीसरा अंपायर घड़ी शुरू करने का समय तय कर सकता है। क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम के ऐसा नहीं करने पर उसे दो चेतावनी दी जाएगी और इसके उल्लघंन के लिए प्रत्येक घटना के लिए पांच रन का जुर्माना लगाया जाएगा। आईसीसी ने हालांकि नियम में कुछ अपवाद भी शामिल किए और ऐसी स्थितियों में शुरू हुई घड़ी को रद कर दिया जाएगा, जिसमें नया बल्लेबाज अगर ओवरों के बीच में आता है, आधिकारिक 'ड्रिंक्स ब्रेक' तथा किसी बल्लेबाज या क्षेत्ररक्षक के चोटिल होने पर मैदान पर उपचार किया जाना शामिल है। इस नियम को तब भी लागू नहीं किया जाएगा अगर क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम के नियंत्रण से बाहर की परिस्थितियों से समय खराब हुआ हो। आईसीसी की बैठक में टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल (27 जून) और फाइनल (29 जून) के लिए 'रिजर्व' (सुरक्षित) डे को भी मंजूरी दी गई। लीग या सुपर आठ चरण के दौरान पूर्ण मैच के लिए दूसरी पारी में बल्लेबाजी कर रही टीम को कम से कम पांच ओवर डालने जरूरी होंगे। नॉकआउट मैच में पूर्ण मैच के लिए दूसरी पारी में 10 ओवर डालने की जरूरत होगी। वैश्विक संचालन संस्था ने भारत और श्रीलंका की सह मेजबानी में होने वाले टी-20 विश्व कप 2026 के लिए क्वालीफिकेशन प्रक्रिया को भी मंजूरी दी। टूर्नामेंट में 20 टीम हिस्सा लेंगी, जिसमें से 12 स्वतः क्वालीफाई करेंगी। 2024 विश्व कप में शीर्ष आठ टीम भारत और श्रीलंका के साथ स्वतः क्वालीफाई करेंगी जबकि बचे हुए दो स्थान 30 जून तक आईसीसी टी-20 अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग में अगली सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग टीम को मिलेंगे। बचे आठ स्थान आईसीसी क्षेत्रीय क्वालीफायर के जरिए तय होंगे।

## चैंपियंस ट्रॉफीः बीसीसीआई को उसकी सरकार के खिलाफ जाने को नहीं कहेगा आईसीसी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी के कार्यकारी बोर्ड के सूत्र ने बताया कि अगले साल पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी 'हाइब्रिड मॉडल' पर कराना एक विकल्प हो सकता है क्योंकि आईसीसी भारत की भागीदारी पर फैसला नहीं ले सकता अगर सरकारी नीति उसके खिलाफ है। आईसीसी बोर्ड की बैठक दुबई में चल रही है। चैंपियंस ट्रॉफी फरवरी-मार्च 2025 में होनी है जिस पर बातचीत बैठक के एजेंडे में नहीं थी, लेकिन पीसीबी के नव निर्वाचित अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा है कि वह बीसीसीआई सचिव जय शाह और आईसीसी अधिकारियों से बैठक से इतर बात करके आश्वासन लेने की कोशिश करेंगे। आईसीसी बोर्ड के सदस्य ने कहा कि बीसीसीआई टूर्नामेंट की तारीख करीब आने पर ही फैसला लेगा और यूएई में इसके आयोजन की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। वरिष्ठ प्रशासक ने कहा कि बोर्ड की बैठकों में हर सदस्य अपना मसला उठा सकता है जिस पर वोटिंग होती है, लेकिन अगर सदस्य देश की सरकार कहती है कि वह वहां नहीं खेल सकते तो आईसीसी को विकल्प तलाशने होते हैं। आईसीसी का रूख साफ है कि वह अपने सदस्यों से उनकी सरकार की नीति के खिलाफ जाने की अपेक्षा नहीं करता।

# सात्विक-चिराग की जोड़ी आल इंग्लैंड चैंपियनशिप से बाहर

- तनीषा और अश्विनी भी हुईं स्पर्धा से बाहर
- पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे लक्ष्य
- एन से यंग से हारकर सिंधू का भी अभियान खत्म

बर्मिंघम, एजेंसी

भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की नंबर एक जोड़ी गुरुवार रात आल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष युगल प्री क्वार्टरफाइनल से बाहर हो गई। भारतीय जोड़ी को प्री क्वार्टरफाइनल में इंडोनेशिया के मोहम्मद शोहिल फिकरी और बागास मौलाना की जोड़ी से 16-21 15-21 से हार का सामना करना पड़ा। इंडोनेशियाई जोड़ी यहां 2022 में चैंपियन रही थी।

भारतीय जोड़ी ने पिछले हफ्ते फ्रेंच ओपन खिताब जीता था, लेकिन यहां तीसरी वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वियों के दबाव से नहीं निपट सकी और एक घंटे से ज्यादा चले मुकाबले में हारकर बाहर हो गई। तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी भी महिला युगल के राउंड 16 से बाहर हो गई। उन्हें चीन की झांग शु जियान और जेंग यु से पराजय झेलनी पड़ी। शुक्रवार को भारत के लक्ष्य सेन का सामना पुरुष एकल क्वार्टरफाइनल में मलेशिया के ली जि जिया से होगा। लक्ष्य ने एंडर्स एंटोनसेन पर जीत से क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। लेकिन दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू का अभियान दक्षिण कोरिया की एन से यंग से हारकर समाप्त हो गया।

## अर्जुन-कपिला प्री-क्वार्टर फाइनल में हारे

**पेरिस।** एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की भारतीय पुरुष जोड़ी ऑरलियन्स मास्टर्स 2024 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में चीन की हुआंग डि और लियू यी से हारकर बाहर हो गई। अर्जुन और कपिला ने मैच की शानदार शुरुआत की और 10-7 से आगे चल रहे थे, लेकिन हुआंग डि और लियू यी ने भारतीय खिलाड़ियों पर बाजी पलटते हुए पांच अंकों की बढ़त बना ली। अर्जुन और कपिला ने अंतराल के बाद अंक गंवाए और 36 मिनट में मैच हार गए।

# यूटीटी की आठवीं टीम होगी भूपति की अहमदाबाद एसजी पाइपर्स

मुंबई, एजेंसी

टेनिस खिलाड़ी महेश भूपति की एसजी स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट (एसजीएसई) प्राइवेट लिमिटेड अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) में हिस्सा लेने वाली आठवीं फ्रेंचाइजी बनी है। टीम का नाम अहमदाबाद एसजी पाइपर्स है। टीम जयपुर पैट्रियट्स संग पदार्पण करेगी। जयपुर की टीम पिछले साल अगस्त में यूटीटी में शामिल हुई थी। बेंगलुरु स्मैशर्स, चेन्नई लायंस, दबंग दिल्ली टीटीसी, गोवा चैलेंजर्स, पुनेरी पल्टन टेबल टेनिस और यू मुम्बा टीटी लीग की अन्य छह टीम हैं। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ के तत्वावधान में लीग की सफलता के बाद नई टीम के शामिल करने की घोषणा की गई।

# ओलंपिक : प्रदर्शन में निरंतरता सफलता की कुंजी : श्रीजेश

नई दिल्ली, एजेंसी

बरसों बाद भारतीय पुरुष हॉकी टीम ओलंपिक में पदक विजेता के रूप में उतरेगी और दबाव को ऊर्जा का स्रोत मानने वाले गोलकीपर पी आर श्रीजेश ने कहा कि टीम का फोकस प्रदर्शन में निरंतरता पर है जो ओलंपिक में कामयाबी की कुंजी होता है।

भुवनेश्वर ने कहा कि पिछली बार तक सभी बोलते थे कि हमारा हॉकी में गौरवशाली इतिहास है और हमें ओलंपिक में पदक जीतना है। इस बार हमारे पास पदक है और अपेक्षाएं बढ़ गई है और हमने उसके बाद से अच्छा प्रदर्शन किया है। यह सकारात्मक दबाव है और याद दिलाता है कि हम पदक जीतने में सक्षम हैं। भारतीय टीम ने 41 साल का इंतजार खत्म करते हुए तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। जर्मनी के खिलाफ कांस्य के मुकाबले में 3-1 से पिछड़ने के बाद भारत ने अविश्वसनीय वापसी करके 5-4 से मैच जीता और जीत के नायक श्रीजेश थे। हमारी टीम का मंत्र है कि दबाव को बाहर ही रखो, उसे भीतर लेकर मत आओ।

## गोलकीपिंग प्रतिभाओं को तलाशेगा हॉकी इंडिया

**नई दिल्ली।** गोलकीपरों और ड्रैग फ्लिकरों को तलाशने के लिए हॉकी इंडिया ने नई पहल का ऐलान किया है, जिसका लक्ष्य विशेषज्ञ कोचिंग के जरिए खेल के भविष्य में निवेश करना है। गोलकीपिंग और ड्रैग फ्लिकिंग कोचिंग के पहलुओं पर चर्चा के लिए बुलाई बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक में भारत के पूर्व गोलकीपर एड्रियन डिसूजा, भरत छेत्री, योगिता बाली, हेलेन मेरी, दीपिका मूर्ति, आकाश चिकते, पीटी राव और पूर्व ड्रैग फ्लिकर रूपिंदर पाल सिंह, जुगराज सिंह, वी आर रघुनाथ और गुरजिंदर सिंह ने भाग लिया। इसमें हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की, महासचिव भोलानाथ सिंह, कोषाध्यक्ष शेखर मनोहरन और हाई परफार्मेंस निदेशक हर्मन क्रूस भी मौजूद थे।

## अमिताभ बच्चन ने की कल्कि 2898 ई.डी. के बारे में जानकारी साझा

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने फिल्म कल्कि 2898 ई.डी. के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी सोशल मीडया पर साझा की है। नाग अश्विन निर्देशित विज्ञान कथा महाकाव्य 'कल्कि 2898 एडी' में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी ने अपनी घोषणा के बाद से ही दर्शकों को उत्सुक बनाए रखा है। कल्कि 2898 ई.डी. के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा करते हुए अमिताभ बच्चन ने बताया कि कल्कि 2898 ई.डी. पूरी होने वाली है। वह इस प्रोजेक्ट पर देर रात तक काम कर रहे हैं, क्योंकि सब कुछ खत्म होने वाला है। अमिताभ बच्चन ने सोशल मीडिया पर लिखा, फिर से देर हो गई.. लेकिन कल रात काम से देर हो गई.. क्योंकि कल्कि की समाप्ति करीब है.. और जैसा कि बताया गया है कि यह 9 मई को रिलीज़ होगी.. इसलिए सभी को फिट रखने और सभी को एक ऐसा अनुभव देने के लिए अंतिम प्रयास जो निर्माताओं के विज़न का वादा करता है.. मुझे अब दूसरे कार्यस्थल पर जाना होगा.. जिम.. शरीर को गतिशील बनाने के लिए.. इसे दैनिक दिनचर्या और भविष्य में आने वाली दिनचर्या के अनुसार काम करने के लिए तैयार करना.. भविष्य हमेशा अज्ञात है.. लेकिन इसे कल्पना करने में कोई बुराई नहीं है.. और यह विश्वास करने में कि अगर सोचा जाए तो इसे खोजा जा सकता है.. आह! मस्तिष्क के सर्वश्रेष्ठ आकार में एक नया वाक्यांश अर्जित करना।

## पटना शुक्ला से महिलाएं होंगी प्रेरित : रवीना

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन का कहना है कि उनकी फिल्म पटना शुक्ला में उनके किरदार तन्वी शुक्ला से कई महिलाएं प्रेरित होंगी और जुड़ाव महसूस करेंगी। विवेक बुडाकोटी के निर्देशन में फिल्म पटना शुक्ला में रवीना टंडन वकील तन्वी शुक्ला के किरदार में नजर आएंगी। इस फिल्म को सलमान खान के छोटे भाई अरबाज खान के प्रोडक्शंस हाउस ने बनाया है। रवीना टंडन ने कहा, तन्वी शुक्ला एक ऐसा किरदार है, जिससे हर कोई जुड़ाव महसूस करेगा। मैं तन्वी जैसे कई लोगों से मिली हूं, इसलिए मुझे यह रोल परिचित लगा, जिससे मैं तुरंत उसकी कहानी से जुड़ गई। तन्वी की जड़ें शहर में हैं, इसलिए मैंने पटना लहजा और लोगों की मानसिकता को समझने में समय बिताया। मुझे उम्मीद है कि तन्वी की कहानी देखने के बाद कई महिलाएं इससे प्रेरित होंगी। फिल्म पटना शुक्ला में रवीना टंडन के अलावा अनुष्का कौशिक, मानव विज, चंदन रॉय सान्याल, जतिन गोस्वामी और दिवंगत अभिनेता सतीश कौशिक भी हैं। फिल्म पटना शुक्ला 29 मार्च को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने वाली है।



## मर्डर मुबारक में ग्लैमरस अवतार में नजर आएंगी सारा



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री फिल्म 'मर्डर मुबारक' में ग्लैमरस अवतार में नजर आएंगी। फिल्म में सारा अली खान, डिंपल कपाड़िया, करिश्मा कपूर, संजय कपूर, टिस्का चोपड़ा, सुहेल नायर और पंकज त्रिपाठी जैसे सितारे काम करते नजर आएंगे। फिल्म 'मर्डर मुबारक' में सारा अली खान शहरी, ग्लैमरस गर्ल के किरदार में नजर आने वाली हैं। मर्डर मुबारक में सारा अली खान का किरदार उनके किए सभी किरदारों से बेहद अलग है, जिसमें उन्होंने एक ग्लैमरस परसोना वाली लड़की की भूमिका निभाई है। सारा ने कहा, मुझे एक शहरी और ग्लैमरस गर्ल का किरदार निभाए लंबा समय हो गया है।

## श्रीमद् रामायण में शूर्पणखा का किरदार निभाना चुनौतीपूर्ण : संगीता



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेत्री संगीता ओडवानी कहना है कि सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के शो 'श्रीमद् रामायण' में शूर्पणखा का किरदार निभाना उनके लिए बेहद चुनौतीपूर्ण रहा। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन की दिव्य गाथा, श्रीमद रामायण भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण के वनवास के दौरान की यात्रा का अनुसरण करती है। शो के महत्वपूर्ण अध्याय की ओर बढ़ते हुए, दर्शक अब लंकापति रावण की बहन, शूर्पणखा को देखेंगे, जो भगवान श्रीराम और रावण के बीच महायुद्ध की जड़ बनेगी। इस किरदार को संगीता ने निभाया है। संगीता ने कहा, शूर्पणखा का किरदार निभाने के लिए गहरे नजरिए की जरूरत होती है जो उसकी सोच में गहराई से उतरता है। यह उसकी दुर्जेय उपस्थिति को गले लगाने के साथ-साथ उसके भयंकर बाहरी स्वरूप के नीचे छिपे दर्द और लालसा को भी उजागर करने के बारे में है। एक कलाकार के रूप में, यह खोज का सफर है, जो इस मुश्किल किरदार की परतों को हटाकर उसके भीतर की इन्सानियत को प्रकट करती है, जिससे दर्शकों को उसे सिर्फ एक खलनायक के रूप में नहीं, बल्कि अपने स्वयं के संघर्षों के साथ बहुमुखी व्यक्ति के रूप में देखने का मौका मिलता है। श्रीमद् रामायण, हर सोमवार से शुक्रवार रात 9 बजे, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होता है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

# कनेक्टिविटी, ऊर्जा क्षेत्रों को मिलेगा बढ़ावा

- भूटान के पीएम ने भारत की तारीफ की, कहा- भूटान का विश्वनीय भागीदार भारत

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ मुलाकात के दौरान भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे ने उनके देश की विकास संबंधी प्राथमिकताओं में एक विश्वसनीय और मूल्यवान भागीदार के रूप में भारत की भूमिका की सराहना की।

बता दें, भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे पांच दिवसीय यात्रा पर भारत आए हैं। गुरुवार को टोबगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आधिकारिक आवास पर मुलाकात भी की थी। दोनों नेताओं के बीच बुनियादी ढांचे के विकास, कनेक्टिविटी, ऊर्जा, हाइड्रोपावर, लोगों से लोगों के बीच आदान-प्रदान और विकास सहयोग जैसे कई क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए द्विपक्षीय वार्ता हुई। विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी एक बयान में कहा गया, "मोदी और तोब्गे ने भारत-भूटान की मित्रता को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है।

### भारत-भूटान को बौद्ध धर्म की विरासत जोड़ती है: मुर्मू

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि भारत-भूटान के साथ अपनी बहुआयामी साझेदारी को बहुत महत्व देता है और बौद्ध धर्म की आध्यात्मिक विरासत दोनों देशों को जोड़ती है। राष्ट्रपति ने कहा कि भूटान एक विश्वसनीय मित्र और भागीदार के रूप में भारत पर भरोसा कर सकता है। बता दें, टोबगे ने भूटान के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए भारत को चुना। मुर्मू बोलीं- भारत-भूटान के साथ बहुआयामी साझेदारी को महत्व देता है, जो ऊर्जा सहयोग, विकास साझेदारी, लोगों के बीच आपसी संबंध और व्यापार एवं निवेश संबंधों जैसे क्षेत्रों में फैली है।

# आदर्श आचार संहिता में जुड़ी हैं काफी पाबंदियां

*नई दिल्ली। देश में जल्द ही 18वीं लोकसभा के लिए चुनाव होने वाले हैं, जिसके लिए तारीखों का एलान चुनाव आयोग जल्द ही करने जा रहा है। एलान के साथ ही देश में आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी, जिससे कई तरह की पाबंदियां भी लग जाएंगी। बता दें कि देश में बिना किसी रुकावट के पारदर्शी और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए चुनाव आयोग ने आदर्श आचार संहिता के रूप में कुछ नियम और मानक तय किए हैं, जिनका सभी राजनीतिक पार्टियों और उम्मीदवारों को अनिवार्य तौर पर पालन करना होता है। आइए जानते हैं आदर्श आचार संहिता के बारे में...*

### सत्ता दल के लिए नियम

मंत्रीगण आधिकारिक दौरे के वक्ता चुनाव प्रचार न करें। और सरकारी विमानों और गाड़ियों का उपयोग पार्टी के हित के लिए ना करें। सरकारी कर्मचारियों को इस्तेमाल पार्टी हित में ना करें। हेलीपैड पर सत्ताधारी दल का एकाधिकार न जताए। सरकारी फंड से पार्टी का प्रचार-प्रसार न करें। केंद्र या राज्य सरकार के मंत्री, उम्मीदवार, मतदाता या एजेंट के सिवाय अन्य लोग मतदान केंद्र में न घुसें।

### क्या होते हैं प्रावधान

- विभिन्न जातियों एवं समुदायों के बीच मतभेद या घृणा बढ़ाने की गतिविधि में शामिल न हों।
- नीतियों व कार्यों की आलोचना करें, किसी दल, नेता या कार्यकर्ता के निजी जीवन पर टिप्पणी न करें।
- किसी जाति या संप्रदाय की भावनाओं का उपयोग करते हुए वोट डालने की अपील न करें।
- मंदिर, मस्जिद या पूजा के किसी अन्य स्थान का उपयोग चुनाव प्रचार के लिए न हो।
- मतदाताओं को रिश्वत देना, उन्हें डराना धमकाना, मतदान केंद्र से 100 मीटर की दूरी के भीतर प्रचार-प्रसार करना आपराधिक गतिविधि मानी जाएगी।
- मतदान से 48 घंटे पहले चुनाव प्रचार, सार्वजनिक सभाएं सभी पर प्रतिबंध लागू हो जाता है।
- राजनीतिक दल या किसी उम्मीदवार के घर के सामने विरोध प्रदर्शन व धरना न किया जाए।

- नेता अपने समर्थकों को किसी व्यक्ति की अनुमति के बिना उसकी भूमि, भवन, परिसर की दीवारों आदि पर झंडा लगाने, बैनर लटकाने, सूचना चिपकाने और नारा लिखने की अनुमति नहीं दे सकते।
- राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके समर्थक दूसरे दलों की बैठकों अथवा जुलूसों में बाधा न खड़ी करें, न ही उन्हें भंग करने का प्रयास करें।
- किसी दल की ओर से उन स्थानों के आसपास जुलूस न निकाला जाए, जहां दूसरे दलो की बैठक चल रही हो। एक दल के लगाए गए पोस्टर दूसरे दल के कार्यकर्ताओं की ओर से हटाए न जाएं।

**सभा और रैली के लिए क्या हैं नियम:-** सभी अथवा रैली के स्थान और जगह की पूर्व सूचना पुलिस अधिकारियों को दी जाए। और राजनीतिक पार्टी व नेता पहले ही सुनिश्चित कर लें कि जिस जगह पर वह सभा करने वाले हैं, वहां पहले से कोई पाबंदी तो लागू नहीं हैं। लाउडस्पीकर के उपयोग की इजाजत भी पहले ही ले लें। आयोजक किसी अप्रत्याशित घटना से बचने के लिए पुलिस की सहायता लें। वहीं जुलूस से पहले उसके शुरू होने का समय, रूट और समाप्त होने के समय व स्थान की अग्रिम सूचना पुलिस को देनी होगी। जिस एरिया से जुलूस निकाल रहे हैं, वहां को पाबंदी तो नहीं है।

## एक नजर

### जम्मू: आतंकी साजिश को लेकर एसआईए की 7 जगहों पर छापेमारी

**जम्मू।** राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने पाकिस्तान समर्थित आतंकी साजिश मामले की जांच के लिए शुक्रवार को जम्मू संभाग के विभिन्न जिलों में सात स्थानों पर छापेमारी की। जांच एजेंसी के प्रवक्ता ने बताया कि जम्मू में अदालत से तलाशी वारंट मिलने के बाद एसआईए की टीम ने डोडा जिले में तीन स्थानों, रियासी जिले में दो, रामबन और जम्मू जिलों में एक-एक स्थान पर एक साथ तलाशी ली। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान कई मोबाइल फोन और आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई। प्रवक्ता ने कहा कि उम्मीद है कि जब्त की गई सामग्री से आतंकवादी नेटवर्क की गहरी साजिश की तह तक पहुंचने के लिए कुछ सुराग मिलेंगे।

### समलैंगिक विवाह की अनुमति नहीं देना असंवैधानिक: अदालत

**टोक्यो।** जापान की एक अदालत ने फैसला सुनाते हुए कहा कि, समलैंगिक विवाह की अनुमति देने से इनकार करना असंवैधानिक है और इस प्रकार के संबंधों की अनुमति देने वाला कानून लाने के लिए तत्काल सरकारी कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। वादी और समलैंगिक समुदाय ने अदालत के इस फैसले की सराहना की और कहा कि यह समानता की दिशा में बदलाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कोर्ट ने कहा- मौजूदा कानून में संशोधन नहीं किया जाता तब तक समलैंगिक जोड़ों के विवाह की अनुमति देने से इनकार कर सकते हैं।

### प्रवासियों से भरी नौका तुर्किये तट पर डूबी, 21 लोगों की मौत

**अंकारा।** प्रवासियों को ले जा रही नौका तुर्किये के उत्तरी एजियन तट के नजदीक डूब गई। हादसे में 21 लोगों की मौत हो गई। गवर्नर इल्हामी अक्तास ने बताया कि कनाक्कले प्रांत के एसेबाट शहर के पास समुद्र से दो प्रवासियों को बचाया, जबकि दो अन्य स्वयं तट तक पहुंचने में सफल रहे। उन्होंने कहा कि स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई है, कि नौका में कितने लोग सवार थे। अक्तास ने कहा- मृतकों में चार बच्चों भी शामिल हैं। अनाडोलु ने बताया कि दस तट रक्षक नौकाएं और दो हेलीकॉप्टर खोज और बचाव अभियान में शामिल हैं।

### गाजा में खाने का इंतजार कर रहे लोगों पर हमला, 29 की मौत

**यरुशलम।** गाजा में दो स्थानों पर खाद्य सामग्री के लिए एकत्रित लोगों पर हमले की घटनाओं में गुरुवार को कुल 29 लोग मारे गए, जबकि 160 से ज्यादा घायल हुए। राफा में संयुक्त राष्ट्र के राहत वितरण केंद्र पर हुए हवाई हमले में 21 लोग मरे हैं, जबकि अल नुसीरत के शरणार्थी शिविर के निकट हुए हमले में आठ लोग मरे हैं। इजराइल ने दोनों हमलों में अपना हाथ होने से इनकार किया है। गाजा के अन्य इलाकों में इजराइली हमले जारी हैं। पांच महीने से ज्यादा समय से जारी युद्ध में अभी तक कुल 31 हजार से ज्यादा फिलिस्तीनियों की मौत हो चुकी है।

# सीएए नागरिकता देने का कानून ना कि छीनने का, भारत की दो टूक

## अमेरिका के बयान को भारत ने किया खारिज, कहा- यह आंतरिक मामला

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिका ने भारत में सीएए लागू करने को लेकर आपत्ति जताई और कहा कि वह इस पर कड़ी नजर रख रहा है। भारत ने अमेरिका के बयान को अनुचित बताते हुए इसे खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि सीएए राज्यविहीनता के मुद्दे को संबोधित करता है, मानवीय गरिमा प्रदान करता है और मानवाधिकारों का समर्थन करता है।

भारत ने अमेरिका विदेश मंत्रालय को जवाब देते हुए कहा, नागरिकता संशोधन अधिनियम अपनी समावेशी परंपराओं, मानवाधिकारों के प्रति दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए भारत का आंतरिक मामला है। नागरिकता (संशोधन) कानून नागरिकता देने के लिए है, यह नागरिकता छीनने के लिए नहीं है। सीएए के कार्यान्वयन पर अमेरिकी विदेश विभाग के बयान को विदेश मंत्रालय ने गलत, अनुचित और बेतुका बताया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, भारतीय संविधान सभी नागरिकों को धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी देता है, ऐसे में अल्पसंख्यकों के साथ व्यवहार पर चिंता का कोई आधार नहीं है।

### प्रशंसनीय पहल को राजनीति से जोड़ना ठीक नहीं

सीएए के खिलाफ आलोचना को खारिज करते हुए विदेश मंत्रालय ने कहा कि संकट में फंसे लोगों की मदद के लिए किए गए प्रशंसनीय पहल को वोट बैंक की राजनीति से जोड़ना सही नहीं है। मंत्रालय ने कहा कि जिन लोगों को भारत की बहुलवादी परंपराओं, विभाजन के बाद के इतिहास की समझ नहीं है वह इस मुद्दे पर व्याख्यान और ज्ञान न दें। दरअसल, अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि हम 11 मार्च से नागरिकता (संशोधन) अधिनियम की अधिसूचना के बारे में चिंतित हैं।

### सीएए कानून को लेकर अमेरिका ने जताई नाराजगी

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका ने गुरुवार को कहा कि वह भारत में नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) की अधिसूचना को लेकर थोड़ा परेशान है और कहा कि वह अधिनियम के कार्यान्वयन की बारीकी से निगरानी कर रहा है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने गुरुवार को मीडिया से कहा, हम 11 मार्च से नागरिकता (संशोधन) अधिनियम की अधिसूचना के बारे में चिंतित हैं। मिलर ने एक सवाल के जवाब में कहा, "हम बारीकी से निगरानी कर रहे हैं कि इस अधिनियम को कैसे लागू किया जाएगा। धार्मिक स्वतंत्रता का सम्मान और सभी समुदायों के लिए कानून के तहत समान व्यवहार मौलिक लोकतांत्रिक सिद्धांत हैं। बुधवार को, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीएए पर आशंकाओं को दूर करने की कोशिश करते हुए कहा था कि नया कानून केवल उत्पीड़ित अल्पसंख्यकों के अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए है, जो अविभाजित भारत का हिस्सा थे और यह किसी के अधिकारों पर आघात नहीं करेगा। गृह मंत्री ने कहा था, मैंने सीएए पर अलग-अलग मंचों पर लगभग 41 बार बात की है और इस पर विस्तार से बात की है कि देश के अल्पसंख्यकों को डरने की जरूरत नहीं है।

## एसआईसी के साथ विलय करेगी इमरान खान की पार्टी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के एक नेता ने कहा कि अगर चुनाव आयोग उनकी पार्टी के आंतरिक चुनाव को मान्यता देता है और चुनाव चिह्न क्रिकेट बैट को वापस लौटाता है, तो पार्टी सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) के साथ विलय कर लेगी।

मीडिया के अनुसार, पीटीआई नेता असद कैसर ने कहा, अगर पार्टी को हालिया संगठनात्मक चुनाव के बाद अपना क्रिकेट बैट का चुनाव चिह्न वापस मिल जाता है तो दोनों पार्टियों का विलय हो जाएगा और पीटीआई बनी रहेगी।" एसआईसी पाकिस्तान में इस्लामी राजनीतिक और बरेलवी धार्मिक दलों का संगठन है।

आठ फरवरी को हुए आम चुनाव में पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने 90 से ज्यादा सीट पर जीत दर्ज की। बाद में ये निर्दलीय सदस्य एसआईसी में शामिल हो गए। यह पूछे जाने पर कि क्या एसआईसी में विलय के बाद पीटीआई बनी रहेगी, उन्होंने कहा, हां, हम बने रहेंगे लेकिन हम इसके साथ विलय भी करेंगे।

# रूस में राष्ट्रपति चुनाव शुरू पुतिन के सामने 3 प्रत्याशी

रूस नियंत्रित डोनेट्स्क क्षेत्र में बूथ पर मतदान करतीं महिलाएं।

मॉस्को, एजेंसी

यूक्रेन के साथ छिड़े युद्ध के बीच व्लादिमीर पुतिन रूस के राष्ट्रपति के रूप में एक और छह साल के कार्यकाल के लिए तैयार हैं। शुक्रवार को रूसी नागरिकों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। इस बार तीन दिनों तक वोटिंग होगी, जो 15 मार्च से शुरू होकर 17 मार्च तक चलेगी।

सत्ता पर मजबूत पकड़ के साथ ही व्लादिमीर पुतिन की अपेक्षित चुनावी जीत ने सस्पेंस बढ़ा दिया है। हालांकि, विश्व की निगाहें इस ओर टिकी हुई हैं कि चुनावी नतीजे घोषित होने के बाद उनका अगला कदम क्या होगा। मीडिया के अनुसार, पुतिन के सामने तीन प्रत्याशी हैं, जो तीनों समर्थक हैं। माना जा रहा है कि वोटिंग संपन्न होने के बाद चुनाव नतीजे आ सकते हैं। ऐसा नहीं है कि पुतिन ही अकेले चुनाव लड़ रहे हैं, बल्कि उनके प्रतिद्वंद्वियों में कम्युनिस्ट पार्टी के निकोलाई खारितोनोव, लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के लियोनिद स्लटस्की और न्यू पीपल पार्टी के व्लादिस्लाव दावानकोव शामिल हैं, जबकि बोरिस नादेजिन और पूर्व टीवी पत्रकार येकातेरिना डंटसोवा को फरवरी में निर्वाचन आयोग ने अयोग्य घोषित कर दिया। इसके अलावा पुतिन के मुखर आलोचकों में से एक विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की चुनाव से माहभर पहले जेल में मौत हो गई।

## हसीन वादियों में बहार...

**जापान:** टोक्यो में वसंत के आगमन के प्रतीक चेरी के फूल खिलने लगे हैं। ओसाका में तो चेरी की बहार भी आ गई है। जापान में 'चेरी ब्लॉसम' को 'सकूरा' के नाम से भी जाना जाता है। यह जापान का राष्ट्रीय फूल है। इस मौसम में मनने वाले त्योहार को 'हनामी त्योहार' कहा जाता है। इस फूल को आशा का प्रतीक भी माना जाता है। ● एजेंसी

## श्रद्धा वाल्कर हत्याकांड रोज 8 घंटे एकांत कोठरी से बाहर रहेगा पूनावाला

**नई दिल्ली,एजेंसी।** अपनी लिव-इन पार्टनर श्रद्धा हत्याकांड में जेल में बंद आरोपी आफताब पूनावाला को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट ने तिहाड़ जेल अधिकारियों को निर्देश दिया है। हाईकोर्ट ने जेल अधिकारियों से कहा कि अन्य कैदियों की तरह आफताब को भी दिन में 8 घंटे के लिए बाहर रख जाए। रात में उसे एकांत कोठरी में रखे।

जस्टिस सुरेश कुमार कैद की अध्यक्षता वाली पीठ ने आफताब पूनावाला की याचिका पर आदेश दिया कि सुरक्षा की आड़ में उसे एकान्त कारावास में नहीं रखा जा सकता है। याचिका में पूनावाला के वकील ने दावा किया कि उसे सुबह और शाम एक-एक घंटे बाहर रखने की अनुमति है। वहीं, अन्य कैदियों को दिन में आठ घंटे तक बाहर रखा जाता है। जस्टिस गिरीश कठपालिया ने आदेश में कहा कि हम जेल अधिकारियों को उसे आठ घंटे के लिए अनलॉक करने का निर्देश देते हैं। जैसा कि अन्य कैदियों के लिए लागू होता है और रात के दौरान उसे एक एकांत कोठरी में रखा जाए।

# भारत और अमेरिका के संबंध 21वीं सदी की दिशा तय करेंगे

- भारतवंशी रिचर्ड ने बाइडन के बयान का किया समर्थन, कहा- गेमचेंजर साबित होगा सुरक्षा सहयोग

वाशिंगटन, एजेंसी

भारत और अमेरिका का सुरक्षा सहयोग आने वाले वर्षों में बेहद अहम साबित होगा। शीर्ष अमेरिकी अधिकारी रिचर्ड वर्मा ने दावा करते हुए कहा कि, भारत और अमेरिका के बीच सहयोग की अपार संभावनाओं हैं, दोनों देशों का सहयोग वैश्विक स्तर पर गेमचेंजर साबित हो सकता है।

रिचर्ड वर्मा ने जो बाइडन के उस बयान का समर्थन किया, जिसमें बाइडन ने कहा था कि भारत और अमेरिका के संबंध 21वीं सदी की दिशा तय करेंगे। बता दें, भारतवंशी रिचर्ड वर्मा, अमेरिका के विदेश विभाग में मैनेजमेंट एंड रिसोर्स विभाग के डिप्टी सेक्रेटरी पद पर तैनात हैं और वह भारत में बतौर अमेरिका के राजनयिक भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। रिचर्ड वर्मा ने अपने ब्लॉग में लिखा कि 'जैसा कि जो बाइडन और पीएम मोदी ने कहा है कि भारत और अमेरिका का एक दूसरे पर पड़ने वाला असर बेहद अहम है, लेकिन हम दुनिया के लिए क्या कर सकते हैं, यह ज्यादा अहम है। खाद्य सुरक्षा, महामारी से निपटना और डिजिटल अर्थव्यवस्था ऐसे क्षेत्र हैं, जहां दोनों देश बहुत कुछ कर सकते हैं।' वर्मा के अनुसार, रक्षा, लोकतांत्रिक मूल्य और तकनीक, ऐसे तीन अहम क्षेत्र हैं, जहां दोनों देशों में सहयोग अहम है और बीते कुछ दशकों में दोनों देशों के संबंधों के विकास में काफी प्रगति भी हुई है।

## श्रीलंकाई नौसेना ने 15 भारतीय मछुआरों को हिरासत में लिया

**कोलंबो।** श्रीलंकाई नौसेना ने शुक्रवार को उत्तरी जाफना प्रायद्वीप में कराईनगर के तट से कम से कम 15 भारतीय मछुआरों को द्वीप राष्ट्र के जल से मछली पकड़ने के आरोप में हिरासत में लिया है। कांकेसंतुराई बंदरगाह पर श्रीलंकाई नौसेना ने मछुआरों के नावों को जब्त कर लिया और जांच के लिए मत्स्य निदेशालय में भेज दिया है।

हाल ही में श्रीलंकाई मछुआरों ने श्रीलंकाई जल इलाके में अपने भारतीय समकक्षों द्वारा अवैध शिकार से अपने अधिकारों की रक्षा के लिए अधिकारियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। बता दें, इस साल श्रीलंकाई नौसेना ने अबतक 16 नाव को जब्त करने के साथ 225 भारतीय मछुआरों को हिरासत में लिया है।

# मई में नहीं होंगे चुनाव, सुनक ने अटकलों पर लगाया विराम

- स्थानीय और प्रशासकों के चुनाव के साथ ही होंगे आम चुनाव

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन के पहले भारतवंशी प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने तय समय से पहले चुनाव कराए जाने की अटकलों पर विराम लगा दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि दो मई को देश के आम चुनाव नहीं कराए जाएंगे। सुनक के बयान के बाद लेबर पार्टी की तरफ से शुरू हुई कयासबाजी खत्म होने की उम्मीद है।

लेबर पार्टी ने कहा था कि लंदन में स्थानीय और प्रशासकों के चुनाव के साथ ही आम चुनाव भी कराए जा सकते हैं। खबरों के मुताबिक सुनक ने इस साल की शुरुआत में साल की दूसरी छमाही में चुनाव कराने पर विचार करने की बात कह चुके हैं। हालांकि, हाल के कुछ हफ्तों में मई की शुरुआत में अचानक चुनाव कराए जाने की अटकलें लगाई जाने लगीं। गुरुवार को मीडिया से बातचीत के दौरान 43 वर्षीय सुनक ने कहा कि लोगों को अनुमान लगाते रहना पसंद है, लेकिन ब्रिटेन में दो मई को आम चुनाव की कोई संभावना नहीं है।

उन्होंने कहा कि कई हफ्तों में ब्रिटेन में पुलिस और अपराध आयुक्तों, स्थानीय परिषदों, महापौरों के लिए चुनाव कराए जाएंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या उसी समय ब्रिटेन का आम चुनाव भी होगा? सुनक ने कहा, उस दिन आम चुनाव नहीं होगा, लेकिन जब भी आम चुनाव होगा, विकल्प मायने रखेगा।

**विज्ञान** हाल की खोज से पता चला है कि रोजाना हजार टन ऑक्सीजन पैदा करता है यूरोपा

# बृहस्पति के चांद पर होगा मानव का अगला ठिकाना

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** भले ही मंगल पर जीवन बसाने की जद्दोजिहद में वैज्ञानिक दशकों से जुटे हुए हैं, लेकिन खबर आ रही है कि बृहस्पति के उपग्रह यूरोपा में सम्भवतः मंगल से कहीं अधिक मानव बस्ती बसाने के अवसर नजर आ रहे हैं।

हाल की खोज से पता चला है कि यूरोपा रोजाना हजार टन ऑक्सीजन पैदा करता है। इसमें दोराय नही कि पृथ्वी पर मौजूदा प्राकृतिक संसाधन वर्तमान जीवन के लिए पर्याप्त है, लेकिन इनका लगातार दोहन भविष्य में जीवित रहने वाला नही है।

जिस कारण भविष्य में मानव अस्तित्व की निर्भरता दूसरे ग्रहों पर जताई जा रही है। इस विचार पर आम जनमानस समझ न रखता हो, लेकिन वैज्ञानिक वर्ग बेहद चिंतित नजर आता है। जिसके चलते करीब तीन दशक से ब्रह्मांड में जीवन की तलाश के साथ मानव बस्ती बसाने को लेकर कवायद की जा रही है। मगर सफलता अभी तक हाथ नही लग पाई है। यह मिशन जल्द पूरा होने की कोई संभावना भी नजर नही आती है। दरअसल यह चुनौतियों से भरा धरतीवासियों का सबसे बड़ा अभियान है और इंकार नही किया जा सकता कि दूर भविष्य में हम कामयाब होंगे। इधर यूरोपा में ऑक्सीजन प्रयाप्त मात्रा में मौजूद होने के कारण उम्मीद की एक नई किरण सामने आई है। नासा के जूनो अंतरिक्ष यान के जरिए यह संभव हो पाया है। जूनो ने 29 सितंबर 2022 को यूरोपा के करीब पहुचकर जांच पड़ताल की थी और लगभग सवा साल की मसक्कत के बाद यह जानकारी सामने आई कि यूरोपा हर 24 घंटे में 1,000 टन ऑक्सीजन उत्पन्न करता है। जिससे 1 मिलियन लोग 1 दिन में सांस ले सकते हैं। यूरोपा बृहस्पति का बर्फ से ढका महासागरीय चंद्रमा है। जिसके नीचे अकूत मात्रा में तरल जल है। नासा ने जूनो मिशन के वैज्ञानिकों की अंतरराष्ट्रीय टीम ने इस खोज का अब खुलासा किया और कहा कि यह उपग्रह संभवतः मानव के रहने योग्य स्थान हो सकता है।

यूरोपा की ताजा तस्वीर।

### यूरोपा क्लिपर मिशन खोजेगा यूरोपा की राह

नासा इस वर्ष यूरोपा क्लिपर मिशन लॉन्च करने जा रहा है, जो 2030 में बृहस्पति पर पहुंचेगा। यूरोपा में ऑक्सीजन की मात्रा का पता लगने बाद यूरोपा क्लिपर मिशन की महत्ता और अधिक बड़ चली है। इस मिशन को नौ वैज्ञानिक उपकरणों को साथ भेजा जा रहा है, जो यूरोपा में जीवन बसाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा।

# पाकिस्तान की राह पर मालदीव 36 द्वीप चीन को लीज पर सौंपे

- मालदीव का सबसे बड़ा आर्थिक साझेदार बनने में जुटा चीन

माले, एजेंसी

चीन ने मालदीव में अपनी ताकत बढ़ाने का अभियान तेज कर दिया है। अब राष्ट्रपति मुइज्जू ने मालदीव के 187 आबाद द्वीपों में से 36 द्वीपों के अधिकांश हिस्से को चीनी टूरिज्म कंपनियों को लीज पर दे दिया है। चीनी कंपनियां 12 हजार करोड़ रुपये की लागत से इन द्वीपों को टूरिज्म के लिए डेवलप करेंगी।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मालदीव ने हाल में कई द्वीपों के विकास के प्रोजेक्ट पाकिस्तान की तरह मालदीव ने भी तुर्किये से निगरानी ड्रोन खरीदे थे, ताकि वह अपने इकोनॉमिक जोन पर नजर रख सके। रिपोर्ट के मुताबिक नवंबर में मुइज्जू की यात्रा के दौरान तुर्किये की बायकर कंपनी से ड्रोन के लिए समझौता किया था। यह डील 307 करोड़ रुपये में हुई थी। बता दें, 3 मार्च को ड्रोन डिलीवर किए जा चुके हैं। इनके लिए सरकार नूनू एटोल में मिलिट्री ड्रोन का बेस बना रही है। अपनी चीन यात्रा के दौरान राष्ट्रपति मुइज्जू ने चीन से ज्यादा से ज्यादा टूरिस्ट मालदीव भेजने की अपील की थी। इस साल के आरंभ के दो माह में चीन के 4 लाख चीनी टूरिस्ट मालदीव पहुंचे हैं। बता दें, मालदीव और चीन के बीच जनवरी 2024 में रासमाले में 30 हजार हाउसिंग यूनिट बनाने का प्रोजेक्ट शुरू हुआ था।